सुप्रभात
रांची, शनिवार
27.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 311



12 सोनाक्षी ने दहाड़ के निर्माताओं को तोहफे में दी टाइगर की पेंटिंग

## न्यूज डायरी

### डोभा में नहाने गये दो भाइयों की डूबने से मौत

**लोहरदगा।** नहाने के दौरान डोभा में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गयी। इस घटना के बाद दोनों बच्चों के घर में कोहराम मच गया है। परिजनों रो-रो कर बेहाल हैं। भंडरा पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### चार जून से केरल में मानसून की शुरुआत

**नयी दिल्ली।** इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट (आइएमडी) ने शुक्रवार को भविष्यवाणी की है कि 4 जून को मानसून केरल को छुएगा। इस साल मानसून सामान्य रहेगा। अगले एक हफ्ते तक अरब सागर में चक्रवात की संभावना नहीं है।

### दहेज हत्या मामले में पति-ससुर दोषी करार

**गिरिडीह।** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में शुक्रवार को पति और ससुर को दोषी करार देते हुए मंगलवार को सजा सुनाने की तिथि तय किया है। मामला देवरी थाना से जुड़ा है।

### आयुक्त को कोल्हान विवि के वीसी का प्रभार

**रांची।** कोल्हानविवि के वीसी का प्रभार प्रमंडलीय आयुक्त को सौंपा गया है। इसका आदेश राज्यपाल के ओएसडी (जे) ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। कोल्हान सहित कई विवि में नियमित कुलपति की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

### छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**बोकारो।** चास थाना क्षेत्र में छह साल की मासूम के साथ पड़ोसी दुकानदार ने दुष्कर्म किया। चास पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया।

### चीन में कोरोना की नयी लहर, फिर मचेगा कहर

**नयी दिल्ली।** कोरोना को तीन साल से अधिक समय हो चुका है। इनमें इसके कई नये वैरिएंट आये जिन्होंने कहर बरपाया। चीन में कोरोना एक बार फिर कहर बरपाने वाला है। खबर है कि आखिरी जून में चीन में कोरोना का पीक आ सकता है और मामले एक हफ्ते में साढ़े छह करोड़ तक जा सकते हैं।

### एक लाख मालगाड़ी चलाने का बना रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** देश में नवनिर्मित समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) ने शुक्रवार को एक लाख मालगाड़ियों के परिचालन का रिकॉर्ड कायम किया। दादरी से रेवाड़ी डीएफसी खंड पर रेलवे बोर्ड की सदस्य जया वर्मा सिन्हा ने एक लाखवीं गाड़ी को रवाना किया।

### गुमला में वज्रपात से दो की मौत, एक घर जला

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले में वज्रपात की वजह से मोबाइल में विस्फोट हो गया, जिससे एक व्यक्ति सुकरा असुर जिंदा जल गया। मामला बिशुनपुर प्रखंड का है। प्रखंड के चिरोडीह बॉक्साइट माइंस में वज्रपात के समय सुकरा फोन पर बात कर रहा था। वज्रपात से उसका मोबाइल में फट गया।

### अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**नयी दिल्ली।** नये संसद भवन के उद्घाटन विवाद पर गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि कांग्रेस, भारतीय परंपराओं और संस्कृति से इतनी नफरत क्यों है। भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में तमिलनाडु के एक पवित्र शैव मठ द्वारा पंडित नेहरू को एक पवित्र 'संगोल' दिया गया था लेकिन इसे एक 'छड़ी' के रूप में एक संग्रहालय में भेज दिया गया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,500 रु./प्रति किलो |

## झारखंड आने का आभार जता राज्यपाल और सीएम ने राष्ट्रपति को ससम्मान विदा किया

# राजभवन आकर छह साल की मधुर स्मृतियां जीवंत हो गयीं

### राष्ट्रपति ने विजिटर बुक में लिखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को विशेष विमान से नयी दिल्ली लौट गयीं। दिल्ली रवाना होने से पहले राष्ट्रपति ने राजभवन रांची के विजिटर बुक में लिखा, यहां पर प्रवेश करते ही इस भवन में बिताये छह वर्षों की मधुर स्मृतियां फिर से जीवंत हो गयीं। राजभवन रांची के सुंदर परिसर में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हुआ। उन्होंने लिखा- मैं झारखंड के राज्यपाल, सीएम और यहां के लोगों को मेरे स्नेहपूर्ण आतिथ्य के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूं। यहां की टीम के सभी सदस्यों और कर्मचारियों को सराहना करती हूं। इनसे मिलकर मुझे ऐसा लगा मैं अपने घर वापस आयी हूं। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरीबहुत-बहुत शुभकामनाएं। राज्यपाल, मुख्यमंत्री और तमाम अधिकारियों ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पूरे सम्मान के साथ विदा किया। दोनों ने झारखंड आने और कई समारोह में भाग लेने को लेकर महमहिम का आभार जताया।

**हाथ हिला कर सबकों जोहार करतीं रवाना हुईं राष्ट्रपति:** महामहिम हाथ हिलाकर सभी को जोहार बोलते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो गयीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने द्रौपदी मुर्मू की यात्रा के संबंध में ट्वीट करते हुए लिखा, धन्यवाद, आभार और जोहार माननीय राष्ट्रपति परम आदरणीय द्रौपदी मुर्मु जी। झारखंड की आपकी इस यात्रा से संपूर्ण राज्यवासियों में ऊर्जा का संचार हुआ है। आपका मार्गदर्शन हमें हमेशा ऐसे ही मिलता रहे, आप सदैव स्वस्थ रहें, यही कामना करता हूं।



**तीन दिन राष्ट्रपति का दौरा पहला मौका :** द्रौपदी मुर्मू पहली ऐसी राष्ट्रपति रहीं जिन्होंने झारखंड में तीन दिवसीय दौरा किया। यह पहला मौका था कि जब किसी भी राष्ट्रपति ने झारखंड का तीन दिवसीय दौरा किया। झारखंड के लिए पिछला तीन दिन हमेशा यादगार रहेगा। राष्ट्पति ने अपनी तीन दिवसीय झारखंड यात्रा की शुरुआत बाबा बैद्यनाथ की पूजा से की थी।

### लोगों के दिलो-दिमाग पर अमिट छाप छोड़ गयीं

अपने तीन दिवसीय दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यहां के लोगों के दिलो-दिमाग पर एक अमिट छाप छोड़कर गयीं। हाईकोर्ट भवन के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने जरूरतमंदों तक समय पर न्याय पहुंचे, इस बात पर जोर दिया। उन्होंने यह बता दिया कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरी है, उसे समय पर न्याय मिलना चाहिए। खूंटी में उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार की जानकारी सुनकर बहुत खुशी मिलती है। उन्होंने महिलाओं को जगाया और कहा कि जरूरी नहीं है कि हर लाभकारी योजना आपके घर तक पहुंचे। इसके लिए आपको भी आगे आना होगा। उन्होंने महिलाओं से अपने संघर्ष की बातें साझा की। ट्रिपल आइटी के दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि युवाओं को तकनीकी रूप से शिक्षित होने के साथ-साथ मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से भी स्वस्थ होना होगा। उन्होंने इस बात पर बहुत खुशी जतायी कि मेडल लेने वाले 10 स्टूटेंड्स में आठ छात्राएं हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को गुणवत्तायुक्त रिसर्च पर जोर देना चाहिए। रांची के जिस किसी भी रास्ते से राष्ट्रपति गुजरीं लोगों ने दिल खोल कर उनका स्वागत किया।

## श्रावणी मेला तीन जुलाई से, उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# वीआइपी, वीवीआइपी दर्शन पर रहेगी रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, देवघर।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला का उदघाटन तीन जुलाई को होगा। चार से 17 जुलाई तक पहले चरण के मेला के बाद 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमाश के बाद पुनः 17 अगस्त से 31 अगस्त तक दूसरे चरण का श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। इस संबंध में शुक्रवार को देवघर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि इस बार श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर (आउट ऑफ टर्न दर्शन) वीआईपी, वीवीआईपी दर्शन पर पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इससे श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उपायुक्त ने समीझा बैठक में विभागवार मेला क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

**मिलावट करनेवालों पर सख्ती बरतें :** उपायुक्त ने राजकीय श्रावणी मेला के दौरान अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में कोई लापरवाही न होने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही पेड़ा बनाने हेतु खोवा व अन्य खाद्य पदार्थों पर विशेष निगरानी के अलावा मिलावट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)



**31 अगस्त तक चलेगा श्रावणी मेला**
बैठक में उपायुक्त ने बताया कि 03 जुलाई को राजकीय श्रावणी मेला का उद्घाटन होगा। इसके बाद 4 जुलाई से 17 जुलाई तक पहले चरण के मेला के बाद 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमाश के बाद पुनः 17 अगस्त से 31 अगस्त तक दूसरे चरण का श्रावणी मेला की तिथि निर्धारित है। ऐसे में संपूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली तैयारियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष रूप से इंतजाम करने की आवश्यकता है, ताकि बाहर से आने देवतुल्य श्रद्धालु सुलभ व सुरक्षित जलार्पण के साथ एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो।

## मौसम का बदला मिजाज, 27 तक बारिश के साथ ओलावृष्टि

# तेज आंधी पानी से पूरे राज्य में भारी क्षति, बिजली गुल

›› सड़कों पर पेड़ गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई जिलों में हुई शुक्रवार को आंधी के साथ बारिश ने गर्मी से थोड़ी राहत तो जरूर दी है लेकिन तबाही भी हुई है। तेज आंधी और बारिश की वजह से कई जिलों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गये। कहीं बिजली गायब है, तो कहीं इलाके में रास्ते बंद हो गये। सड़कों पर खड़े कई वाहनों पर पेड़ गिरने से वह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कहीं से जानमाल की क्षति की खबर नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में 27 मई तक बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ जिलों में ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें मुख्य रूप से राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य जिलों में बारिश के आसार है, जहां ओलावृष्टि भी होगी। इस क्षेत्र में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी आदि जिला शामिल हैं, जहां ओलावृष्टि की जानकारी दी गयी है। वहीं, अन्य इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की जायेगी।

**28 के बाद बढ़ेगा तापमान :** झारखंड में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से मौसम में तपिश कम हुई है। जहां एक ओर कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। वहीं, कुछ इलाकों में धूप और गर्मी का असर देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य के कुछ हिस्सों में 27 मई तक बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ जिलों में ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो 27 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होगी। इसमें राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य जिलों में बारिश के आसार है।



### तेज हवा के साथ जम कर बारिश

राजधानी रांची समेत आस पास के इलाकों में शुक्रवार दोपहर जमकर बारिश हुई। इस दौरान राजधानी समेत आस पास के इलाकों में 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली। कई जगह पेड़ गिरने की घटना हुई। पेड़ गिरने वाले इलाकों में हरमू, हिनू, बिरसा चौक, नामकुम, पुंदाग समेत अन्य इलाके शामिल हैं। इसके कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। हालांकि, किसी के जान को खतरा नहीं पहुंचा। इससे इन इलाकों में बिजली बाधित रही। हालांकि नगर निगम और जेबीवीएनएल की टीम अलग अलग जगहों पर पेड़ हटाने का काम कर रही है। बता दें कि पिछले दो दिनों में हुई बारिश से बिजली आपूर्ति बाधित रही है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद कुछ इलाकों में तेज धूप भी देखा गया। राजधानी रांची के साथ ही इस दौरान दुमका, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा में भी बारिश हुई। तपती गर्मी के साथ ही बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ एसीबी जांच शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इडी की गिरफ्त में आये ग्रामीण कार्य विकास के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच की शुरुआत वीरेंद्र राम के ऑफिस से हुई है। एसीबी की टीम में शामिल डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम वीरेंद्र राम के ऑफिस पहुंची और फाइलों को खंगाला।

**एसीबी ने मांगी थी इजाजत :** नवंबर 2020 में एसीबी के दर्ज केस के आधार पर वीरेंद्र राम पर मुकदमा चलाने की अनुमति एसीबी ने विभाग से मांगी थी। लंबे समय से अनुमति नहीं मिल पाने के कारण वीरेंद्र राम के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच शुरू नहीं हो पायी थी। विभागीय आदेश के बाद एसीबी ने अब कोर्ट को जानकारी देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। 15 नवंबर 2020 को एसीबी ने जमशेदपुर में सुरेश प्रसाद नाम के जूनियर इंजीनियर के घर पर छापेमारी की थी। रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद सुरेश प्रसाद के यहां एसीबी ने छापेमारी की, तब उनके मकान से 2.67 करोड़ बरामद किये गए थे। सुरेश प्रसाद ने उस समय एंटी करप्शन ब्यूरो के पूछताछ में बताया था कि यह सारे पैसे वीरेंद्र राम के हैं। (शेष पेज 11 पर)



### मोबाइल छीना तो छात्रा ने स्कूल फूंकी, 20 मरे

**वाशिंगटन।** साउथ अमेरिकी देश गुयाना से दिल को दहला देने वाली खबर आयी है। 14 साल की एक छात्रा से जब टीचर से मोबाईल फोन छीनी तो गुस्से में आ कर उसने अपने स्कूल में ही आग लगा दी। आग के कारण 20 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गयी। वारदात से पहले उसने आगजनी की धमकी भी दी थी। हादसा सोमवार की रात महदिया सेकेंडरी स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में हुआ। आग ने स्कूल के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। कई छात्राएं और स्टाफ इसमें फंस गये। फौरन फायर ब्रिगेड की टीम जब तक आग बुझती, तब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी थी। ये घटना राजधानी जॉर्ज टाउन से करीब 200 मील की दूरी पर सेंट्रल गुयाना माइनिंग टाउन में हुई थी।

# माओवादियों का उत्पात : लातेहार में पोकलेन समेत पांच वाहन फूंके

- भारी क्षति, मजदूरों को पीटा, ठेकेदार को खोज रहे थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** सरनाडीह चटकपुर मार्ग पर पीएम ग्राम सड़क योजना से करीब 3.60 करोड़ की लागत से हो रही पुलिया निर्माण स्थल पर माओवादियों ने जमकर उत्पात मचाया। गुरुवार देर रात करीब 14 हथियारबंद माओवादी आ धमके। एक पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया। पुलिया निर्माण में लगे मजदूरों ने भारी दहशत में रात काटी। उनके साथ मारपीट भी की। पुलिस का कहना है कि माओवदियों का मकसद लेवी वसूलना है। मजदूरों ने बताया कि चेहरे ढंके आधुनिक हथियारों से लैस माओवादी पहुंचे और जनरेटर बंद कर दिया। सभी मजदूरों के मोबाइल छीन लिये। थोड़ी देर होने पर साइट पर ही रखे सरिया से मजदूरों को पीटना शुरू कर दिया। फिर वहां खड़े ट्रैक्टर से तेल निकालकर पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों में तेल छिड़क कर उसे आग के हवाले कर दिया।



## संसद भवन मामले में शीर्ष कोर्ट का सुनवाई से इनकार, याचिकाकर्ता को फटकार

# विशेष पूजा के साथ पीएम 28 को करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** नये संसद भवन का उद्घाटन पीएम मोदी के हाथों करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर अदालत ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी याचिका दाखिल करने के लिए क्यों न आप पर जुर्माना लगाया जाये। कोर्ट के कड़े रूख पर याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। पीएम मोदी रविवार 28 मई को नये संसद भवन का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इससे पहले नये संसद भवन का एक वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। वीडियो में नये संसद भवन की भव्यता को दिखाया गया है। नये संसद भवन के उद्घाटन पर 20 विपक्षी दलों ने विरोध किया है, जबकि एनडीए दलों समेत 7 गैर एनडीए दल इस ऐतिहासिक मौके के साक्षी बनेंगे।

**मयूर पक्षी और कमल थीम पर बना है भवन :** नये संसद भवन में लोकसभा की थीम मयूर पक्षी के आधार पर बनायी गयी, जबकि राज्यसभा को कमल थीम से बनाया गया है।

(शेष पेज 11 पर)



### हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा : पीएम

पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने नवनिर्मित परिसर का एक वीडियो भी साझा किया। मोदी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए लोगों से माई पार्लियामेंट माई प्राइड हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए अपने वॉयसओवर' के साथ वीडियो साझा करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। यह वीडियो इस प्रतिष्ठित इमारत की एक झलक प्रदान करता है। मेरा एक विशेष अनुरोध है। इस वीडियो को अपनी आवाज (वॉयसओवर) के साथ साझा करें, जो आपके विचारों को व्यक्त करता है। मैं उनमें से कुछ को री-ट्वीट करूंगा।" उन्होंने कहा, माई पार्लियामेंट माई प्राइड हैशटैग का इस्तेमाल करना न भूलें।

# मीडिया में बयानबाजी बंद करें नेता : अविनाश पांडेय

- प्रदेश कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं
- प्रदेश अनुशासन समिति गंभीरता से काम करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखड प्रदेश कांग्रेस में बढ़ती अनुशासनहीनता को लेकर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह नयी दिल्ली में कांग्रेस महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय से मुलकात कर प्रदेश के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम से अवगत कराया। मुलकात के क्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन को कहा कि संगठन में अनुशासन बनाये रखना बहुत जरूरी है। सभी जिलों में अनुशासन समिति इस पर नजर बनाये रखे, ताकि संगठन में अनुशासन बरकरार रहे। जिलों में अनुशासन को प्रभावी बनाने एवं कायम रखने के लिए प्रदेश अनुशासन समिति गंभीर बनकर काम करें। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा संपन्न, कई मायनों में यात्रा रही खास



## झारखंड के प्रति लगाव और प्यार की बातें बता गयीं राष्ट्रपति मुर्मू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिन के झारखंड प्रवास के बाद शुक्रवार को विदा हुईं। रांची एयरपोर्ट से 11 बजे वायुसेना के विमान से दिल्ली रवाना हुईं। राष्ट्रपति का झारखंड दौरा कई मायनों में खास रहा। उन्होंने यहां देश के सबसे भव्य हाईकोर्ट का उद्घाटन किया। इसके अलावा आदिवासी महिलाओं से भी मिलीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (ट्रिपल आईटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुईं। यहां उन्होंने 109 छात्र छात्रों को डिग्री दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो दो दिन झारखंड में बिताया वह बेहद खास रहा। इस दौरान ना सिर्फ उन्होंने देश के सबसे बेहतरीन हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन किया बल्कि यहां आदिवासी महिलाओं से भी मुलाकात की और अपने अनुभवों को साझा किया। खूंटी के बिरसा मुंडा कॉलेज में आयोजित महिला स्वयं सहायता सम्मेलन में उन्होंने 24 हजार महिलाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में जन्म लेना गर्व की बात है। उन्होंने आग्रह किया कि आगे बढ़ जाने के बाद अपने समाज के दूसरे लोगों को भी आगे बढ़ाना है। उन्होंने आधुनिक समय में आदिवासी संस्कृति को भी बचाने की अपील की।

राष्ट्रपति ने बताया कि कैसे उनकी दादी उन्हें रात को दो बजे महुआ चुनने के लिए उन्हें उठा देती थीं। तब वे महुआ चुनकर लाती थीं और उसे सुखाती थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके जीवन में कभी कभी ऐसा भी वक्त आया जब उनके घर में खाने के लिए कुछ नहीं होता था। ऐसे वक्त में वे महुआ को उबाल कर खा लिया करती थीं। यहां उन्होंने झारखंड से रिश्ते को भी बेहद खास बताया। झारखंड से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कितना प्यार है इसका अंदाजा उनके इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने कहा कि भले ही वे ओड़िशा की हैं लेकिन उनकी रगों में जो खून बह रहा है वह झारखंड का है।

## 19 करोड़ रुपये टैक्स है बकाया, परिवहन विभाग भेजेगा नोटिस

### राजधानी रांची के 1848 बस-ट्रक मालिक बने हैं आरोपी

# रोड टैक्स चोरी के मामले में रांची के बस ओनर टॉप पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रोड टैक्स चोरी के मामले में रांची के 1848 बस- ट्रक मालिकों पर राज्य सरकार का 19 करोड़ रुपए से अधिक का टैक्स बकाया है। इन 1848 मालिकों ने पिछले दो साल से अधिक समय से रोड टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसके बावजूद वे अपने कमर्शियल वाहन को चलवा रहे हैं। परिवहन विभाग की ओर से इन वाहन मालिकों को नोटिस भेजकर 15 दिनों के अंदर टैक्स जमा करने का निर्देश दिया गया है। टैक्स जमा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई है। मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर ब्लॉक भी करने की बात कही गई है।



सांकेतिक तस्वीर

### कई वाहनों का 2019 से ही बकाया है रोड टैक्स

विभाग की ओर से वाहन मालिक को बार-बार भुगतान के लिए रिमाइंडर देने के बावजूद उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। दूसरी ओर टैक्स की राशि जमा नहीं होने से परिवहन विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस वजह से अब विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। जिन डिफॉल्टर को नोटिस भेजा जा रहा है, उनमें कई ऐसे भी हैं जिनके पास पांच या उससे अधिक वाहन हैं। लेकिन उन्होंने किसी भी वाहन का रोड टैक्स जमा नहीं किया है। कई वाहनों के तो साल 2019 से ही रोड टैक्स बकाया हैं। वर्तमान में करीब 750 वाहनों की सूची डीटीओ कार्यालय की ओर से जारी की गई है। इनमें कई वाहन 2019 के अलावा साल 2020 व 2021 से अब तक टैक्स जमा नहीं करने वाले भी शामिल हैं।

## मिड डे मील की गुणवत्ता की जांच करेगा विभाग

**रांची।** झारखंड के स्कूलों में संचालित पीएम पोषण (मिड डे मिल) योजना के तहत दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता की जांच होगी। इसकी प्रक्रिया विभाग ने शुरू कर दी है। जांच के लिए एजेंसी के चयन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी हो कि झारखंड के 24 जिलों में लगभग 35,500 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए पीएम पोषण (मिड डे मिल) योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत वितरित किए जा रहे खाद्य का परीक्षण किया जाना है। इसके लिए झारखंड स्टेट मिड डे मिल अथॉरिटी ने एजेंसियों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया है। इच्छुक एजेंसियां 5 जून, 2023 को शाम 5 बजे तक एक सीलबंद लिफाफे में एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्रस्तुत कर सकती हैं। ईओआई दस्तावेज आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## निर्बाध बिजली आपूर्ति के मामले में राज्य सरकार उदासीन : सीपी सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य में बढ़ते बिजली संकट पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि राज्य की जनता भयंकर बिजली संकट झेल रही है। यहां नियमित अंतराल में बिजली कट रही है। वहीं, कुछ इलाकों में घंटों में बिजली गुल रहती है। इस मसले पर सरकार की उदासीनता जनहीत में नहीं है।

सीपी सिंह ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतने भीषण गर्मी में सरकार के नकारेपन की वजह से राजधानी रांची में उत्पन्न घोर बिजली-पानी संकट से जनता के बीच हाहाकार मचा हुआ है। इसके बावजूद बेशर्म गठगबंधन की सरकार सोई हुई है। मुख्यमंत्री सह विद्युत मंत्री हेमंत सोरेन ने जनता के साथ घटिया मजाक किया है। राज्य सरकार ने बिजली न्यूनतम दर पर देने का वायदा किया था लेकिन राज्य सरकार ने आपूर्ति ही न्यूनतम कर दी। सीपी सिंह ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के पास अपने ऐशो-आराम के लिए पैसे हैं लेकिन जनता को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं देने के लिए नहीं। राजधानी का यह हाल है तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति तो और भी डरावनी होगी। दुर्भाग्य है की जब जब हेमंत सरकार सत्ता में आती है तब तब यही भयावह स्थिति उत्पन्न होती है।

## कोल्हान विवि के वीसी के रूप में प्रमंडलीय आयुक्त करेंगे कार्य

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त को अंतरिम व्यवस्था के तहत कोल्हान विवि कुलपति के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया है। इस संबंध में शुक्रवार को राज्यपाल के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। ऐसी व्यवस्था इसलिए किया गया है कि क्योकि कोल्हान विश्वविद्यालय कुलपति का कार्यकाल 27 मई 2023 को पूरा हो रहा है।

बताया गया है कि नियमित कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया कोल्हान विश्वविद्यालय सहित कई विश्वविद्यालयों की पहल की जा चुकी है और यह प्रक्रियाधीन है। कोल्हान विश्वविद्यालय के अगले आदेश तक रूटीन कार्य निस्तारित करेंगे। रूटीन कार्य को छोड़कर किसी भी नीतिगत मामले के लिए कुलाधिपति की स्वीकृति अनिवार्य है।

## चैनपुर, गोला और बोकारो थर्मल में रेल आरओबी बने : खीरू महतो

### दिल्ली में रेलवे स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्यसभा सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य खीरू महतो शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित रेलवे स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में शामिल हुए। संसद भवन की एनेक्सी में कमिटी के सभापति राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें रेल बोर्ड के चैयरमैन एके लोहाटी समेत बोर्ड के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खीरू महतो ने झारखंड के रामगढ़ जिला के चैनपुर, गोला और बोकारो थर्मल में रेल आरओबी की मांग की। उन्होंने कहा कि यह काफी समय से लंबित है। स्थानीय लोग उक्त स्थानों पर रोजाना घंटों जाम में फंसे रहते हैं। उन्होंने रेलवे स्टाफ से ड्यूटी ऑवर से अधिक कार्य लेने की बात भी बोर्ड के समक्ष रखी और कहा सुधार के लिए नई नियुक्तियां होनी चाहिए।

खीरू महतो ने कहा कि कुछ माह पूर्व कनीय अभियंता के पद पर दस हजार लोगों की बहाली निकाली गयी थी। मगर सात-आठ हजार को ही नियुक्ति पत्र दिया गया. शेष अभ्यर्थियों का मेडिकल भी हो चुका है, मगर नियुक्ति नहीं हुई है। इसे जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने यात्री सुविधाओं की मांगों को भी विशेष रूप से उठाया। उनके आग्रह पर सभापति राधा मोहन सिंह ने रेल बोर्ड के चेयरमैन को कहा कि वे सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को निर्देशित करें कि वह समय-समय पर स्टैंडिंग कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक कर समस्याओं का हल करें।

# जांच से हटे सेवानिवृत्त अफसर गौरीशंकर मिंज, कमल जॉन को दिया गया जिम्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि कार्यों में अनियमितता की शिकायतों के साक्ष्यों का पूर्ण रूप से जांच नहीं कर आरोपी पदाधिकारियों के बचाव बयान को ही स्वीकार योग्य मानकर रिपोर्ट देने वाले विभागीय जांच पदाधिकारी सेवानिवृत्त आइएएस गौरी शंकर मिंज की अनुशंसा को कृषि विभाग झारखंड ने खारिज कर दी है। ऐसा दो मामला हाल में सामने आया जिसमें विभागीय जांच पदाधिकारी ने साक्ष्यों को पूरी तरह नहीं जांचा और आरोपी पदाधिकारी के बचाव बयान को स्वीकार योग्य मानते हुए प्रतिवेदन दिया। जिसके बाद विभाग ने पूरी समीक्षा की और आरोप प्रतिवेदन को सही नहीं मानते हुए दोनों बार जांच संचालन पदाधिकारी को जांच से हटाकर दूसरे सेवानिवृत आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को फिर से जांच सौंप दिया है। इस संबंध में कृषि विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। कार्मिक विभाग ने भी कृषि विभाग के जांच के लिए कमल जॉन लकड़ा को ही नामित किया है। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी चाइबासा संजय कुमार पर 17 अगस्त 2019 से 31 मार्च 2020 तक जिला कृषि पदाधिकारी हजारीबाग के पदस्थापन काल में डबल क्रॉपिंग राईस फैलो योजना के कार्यान्वयन के लिए निर्गत स्वीकृत्यादेश संख्या दिनांक 17 मई 2017 एवं 19 जुलाई 2019 तथा कनवर्जन ऑफ फैलो लैंड इंदू क्रॉप्ड एरिया योजना के कार्यान्ययन में प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने से संबंधित आरोप लगा था। आरोपों की प्रथम दृष्टया जांच में यह सही प्रमाणित हुआ। इसके बाद कार्मिक विभाग के अंतर्गत विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी सेवानिवृत आइएएस अधिकारी गौरी शंकर मिंज को जांच संचालन पदाधिकारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय हुआ.। गौरी शंकर मिंज ने जांच कर प्रतिवेदन 9 सिंतबर 2022 को अपना प्रतिवेदन दिया। इसमें यह बताया गया कि आरोपों को प्रमाणित नहीं पाया गया एवं आरोपी पदाधिकारी के द्वारा समर्पित बचाव बयान को स्वीकार योग्य माना। पूरे मामले की कृषि विभाग की ओर से जांच की गयी जिसमें यह पाया गया की जांच पदाधिकारी ने आरोपों के साक्ष्य को पूर्ण रूप से नहीं जांचा। इसके बाद फिर से इसके जांच का निर्णय हुआ है और कमल जॉन लकड़ा को जांच पदाधिकारी बनाकर दोबारा विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है।

अरूण कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पाकुड़, अतिरिक्त प्रभार, जिला कृषि पदाधिकारी पाकुड़ के द्वारा भूमि संरक्षण पदाधिकारी बुंडू के पद पर पदस्थापन अवधि में डोभा निर्माण योजनाओं के कार्यान्वयन में बरती गयी अनियमितता पर उपायुक्त रांची ने नौ मार्च 2018 को ही आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। पूरे मामले पर विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया। गौरी शंकर मिंज को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया था। 15 फरवरी 2022 को जांच प्रतिवेदन समर्पित किया गया है. प्रतिवेदन में कहा गया कि आरोपी अधिकारी पर लगे सभी आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया साथ ही आरोपी अधिकारी का बचाव बयान स्वीकार योग्य बताया गया। पूरे मामले पर सरकार के स्तर पर समीक्षा की गयी। यह पाया गया कि गौरी शंकर मिंज ने जांच के लिए साक्ष्यों का पूर्ण अवलोकन नहीं किया गया। इसके बाद विभागीय कृषि मंत्री बादल की सहमति के बाद उनकी जगह सेवानिवृत आइएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को विभागीय कार्यवाही चलाने के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। अब इनकी रिपोर्ट पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

### कोल्हान बना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती

# नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में बाधक बन रहा आइइडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल्हान में आइइडी धमाके की गूंज पूरे राज्य में सुनाई दे रही है। नक्सलियों के लगाए आइइडी झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बनकर सामने आ रही हैं। लैंडमाइंस धमाके से ग्रामीणों की लगातार मौत हो रही है। आइइडी के धमाके से सुरक्षाबल भी जख्मी हो रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में ये आइइडी पुलिस के नक्सल अभियान में बाधक बनते जा रहे हैं।

चाईबासा में लैंडमाइंस विस्फोट की बानगी ऐसी कि कोल्हान का गोइलकेरा थाना क्षेत्र हो या टोंटो थाना क्षेत्र, यहां के सुदूर और जंगली इलाकों में लगातार धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। नक्सलियों ने कोल्हान के इलाके में खुद को बचाने के लिए ऐसा चक्रव्यूह बनाया है जिसे भेद पाने में झारखंड पुलिस अब तक कामयाब नहीं हो पाई है। इस वजह से कोल्हान में लगातार आइइडी की चपेट में आने से ग्रामीणों की जान जा रही है, उनके पशु भी इसमें मारे जा रहे हैं। ग्रामीणों की मौत का आंकड़ा रुकने के बजाय हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। जंगल में जाना ग्रामीणों के लिए मजबूरी है तो नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों के लिए भी जंगलों में उतरना बेहद जरूरी है।

**बेबस और लाचार हैं ग्रामीण :** ऐसे में ग्रामीणों और सुरक्षा बलों, दोनों का ही बारूदी सुरंगों से सामना हो रहा है। इसके आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं, पिछले साल नवंबर महीने से लेकर अब तक झारखंड पुलिस के 18 जवान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईडी विस्फोट की वजह से जख्मी हुए हैं। नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी सुरंग में विस्फोट से अब तक 10 ग्रामीण अपनी जान गवां चुके हैं जबकि कई अपंग हो चुके हैं।



### सुरक्षाबलों को लगातार बनाया जा रहा निशाना

कोल्हान के रेंगरा, टोंटो और टुम्बाहाता तीन ऐसे इलाके हैं, जहां के जंगलों में कदम कदम पर जमीन के नीचे नक्सलियों ने मौत का सामान बिछा कर रखा है। इन जंगली इलाकों में विस्फोट होने की वजह से 11 ग्रामीण अपनी जान गंवा चुके हैं। स्थिति यह है कि बाइक से भी जंगल में अभियान पर निकले जवान लैंड माइंस का शिकार हो रहे हैं।

### आइइडी धमाके में 11 ग्रामीणों की मौत

- नवंबर से अबतक 11 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है।
- 21 फरवरी को चाईबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के मेरालगड़ा के पास लैंडमाइंस विस्फोट में 23 वर्षीय ग्रामीण हरीश चंद्र गोप की मौत
- 23 फरवरी 2023 को चाईबासा के टोंटो थाना के रुकबुरु में जंगल मे लकड़ी चुनने गई बुजुर्ग महिला जेमा हांसदा लैंड माइंस विस्फोट में बुरी तरह से जख्मी
- 1 मार्च 2023 को चाईबासा के इचाहातु में लैंड माइंस विस्फोट में कृष्ण पूर्ति नाम के एक बुजुर्ग की मौत
- 1 मार्च 2023 को ही इचाहातु में ही हुए विस्फोट में 50 वर्षीय महिला नंदी पूर्ति गंभीर रूप से घायल
- 25 मार्च 2023 को चाईबासा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुए लैंडमाइंस विस्फोट में 62 वर्षीय महिला गुरुवारी की मौत, विस्फोट में एक बुजुर्ग महिला चांदू गम्भीर रूप से जख्मी
- 9 अप्रैल 2023 और 14 अप्रैल 2023 को भी चाईबासा के टोंटो में हुए आईईडी विस्फोट में एक 6 साल का बालक और एक बुजुर्ग जख्मी
- 14 अप्रैल 2023 को 35 वर्षीय जेना कोड़ा की भी मौत
- 20 मई 2023 को विस्फोट में टोंटो थाना क्षेत्र में विस्फोट में दस वर्षीय मासूम नारा कोड़ा की मौत
- 25 मई 2023 को विस्फोट में टोंटो थाना क्षेत्र के लुइया जंगल मे विस्फोट में 50 वर्षीय कांडे लांगुरी की मौत

### लगातार जख्मी हो रहे जवान

नवंबर 2022 से लेकर अब तक 16 सुरक्षा बल कोल्हान में आईईडी विस्फोट से जख्मी हुए हैं। 209 कोबरा बटालियन के इंस्पेक्टर प्रभाकर साहनी, हवलदार अलख दास, मुकेश सिंह, अजय लिंडा, भरत सिंह राय, फारुकी शाहरुख खान, वीरपाल सिंह, प्रिंस सिंह, अमरेश सिंह, सौरभ कुमार, संतोष और चिरंजीव पात्रे घायल हुए हैं। अधिकांश जवान चोट से उबर चुके हैं लेकिन कई अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं सीआरपीएफ के कई जवान कोल्हान में जख्मी हुए हैं, उनमें इंशार अली, राकेश कुमार पाठक, पंकज कुमार यादव और संजीव कुमार शामिल हैं।

### नक्सली अपनी जान बचाने के लिए ग्रामीणों को बना रहे निशाना

झारखंड के नक्सलवाद के इतिहास में नक्सली संगठन हमेशा से ग्रामीणों को अपना निशाना बनाते रहे हैं। कभी मुखबिर के नाम पर तो कभी पनाह नहीं देने के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित किया जाता रहा है। लेकिन पुलिस के अभियान के बाद परिस्थितियां बिल्कुल बदल गई हैं। झारखंड के अधिकांश नक्सल होल्ड से माओवादियों को खदेड़ दिया गया है। लेकिन कोल्हान में कुछ ऐसे भी क्षेत्र है, जहां नक्सली अभी भी अपने आप को बचाने में कामयाब हुए हैं उनकी यह कामयाबी ग्रामीणों के खून से तैयार की गई है। घनघोर बीहड़ों में नक्सलियों ने खुद को बचाने के लिए पूरे जंगल में ही लैंडमाइंस बिछा दिया है।

## नक्सलियों से मुक्त हुआ बूढ़ापहाड़ तो फिर विस्फोट कौन कर रहा!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** झारखंड के लातेहार में एक बार फिर नक्सलियों का तांडव देखने को मिला। यहां पुल निर्माण कार्य में लगे कंस्ट्रक्शन कंपनी के वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया और मजदूरों की पिटाई भी की। इस आगजनी में चार ट्रैक्टर और एक पोकलेन मशीन जलकर राख हो गये। वहीं मोबाइल देने में देरी करने पर नक्सलियों ने लोहे के राड से चार-पांच मजदूरों की पिटाई कर दी। गाड़ियों के जलने तक तकरीबन एक घंटे तक नक्सली वहीं जमे रहे। इधर, पुलिस का दावा है कि लातेहार के बूढ़ापहाड़ समेत कई इलाकों को पुलिस ने कब्जा कर लिया और वहां से माओवादियों को खदेड़ दिया है, सवाल यह उठता है कि बूढ़ापहाड़ को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है तो ये माओवादी कहां से आए?

**नक्सली मचा रहे तबाही :** बता दें कि झारखंड के लातेहार अंतर्गत महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पुलिसिया कार्रवाई से नक्सली कमजोर पड़ चुके हैं। ऐसे में बौखलाहट में इस तरह की वारदात को अंजाम देते हैं। वहीं कुछ दिन पहले सड़क बनाने वाले मजदूरों ने जानकारी दी कि, काम में लगाए गए एक जेसीबी को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया था। बता दें कि चाईबासा के बीहड़ जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ हाल के दिनों में जवानों की ओर से लगातार सर्च अभियान चलाए गए हैं।

बता दें कि 16 और 19 अप्रैल को चाईबासा जिले में अभियान में लगे सुरक्षा बलों को उड़ाने के लिए कई जगह से भूमिगत आईइडी बमों को कोबरा बटालियन और पुलिस बल ने जब्त किया।

**फेल हो रही है रणनीति :** साल 2021-22 में इस पहाड़ आखिरी धावे के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने रणनीति बनाई थी। इसके तहत पहले बूढ़ा पहाड़ के तराई वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने कैंप स्थापित किया और माओवादियों पर हमला किया इससे नक्सली अपने मांद से निकलने को मजबूर हो गए और सुरक्षा बलों के चंगुल में फंसने लगे।

**1990 से था नक्सलियों का कब्जा :** पुलिस के अनुसार 1990 के दशक से बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों का कब्जा था। तब तो स्थिति और भी गंभीर थी। यहां हमेशा सेंट्रल कमेटी के नक्सलियों का अड्डा होता था। पुलिस ने बीच बीच में कई अभियान चलाए लेकिन कभी भी इस पहाड़ पर सुरक्षा बलों का कब्जा नहीं हो सका।

> नक्सलियों की आड़ में अपराधी भी घटना को अंजाम दे रहे हैं। अपराधी खुद अपने आप को नक्सली संगठन घोषित कर रहे हैं। लातेहार घटना के बाद पुलिस बल सक्रिय हो गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।
>
> **एवी होमकर**
> **आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता**

## झारखंड में आर्म्स एक्ट के मामले तेजी से बढ़े, 1266 केस हुए दर्ज


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में आर्म्स एक्ट के मामले तेजी से बढ़े हैं इसलिए झारखंड में पिछले 790 दिनों में आर्म्स एक्ट के 1266 मामले दर्ज हुए हैं। झारखंड पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 में राज्य में आर्म्स एक्ट के 545 मामले दर्ज हुए। जबकि साल 2022 में आर्म्स एक्ट के 603 मामले दर्ज हुए हैं और साल 2023 के फरवरी तक आर्म्स एक्ट के 118 मामले दर्ज हुए हैं।

**जनवरी 2022 से फरवरी 2023 तक 721 मामले दर्ज हुए :** जनवरी 2022 से लेकर फरवरी 2023 तक आर्म्स एक्ट के 721 मामले दर्ज हुए हैं। जिनमें साल 2022 के जनवरी में 48, फरवरी में 40, मार्च में 43, अप्रैल में 50, मई में 40, जून में 55 और जुलाई में 48, अगस्त में 56, सितंबर में 63, अक्टूबर में 57, नवंबर में 52 और दिसंबर में 51 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि साल 2023 के जनवरी में 55 और फरवरी में 63 मामले दर्ज हुए हैं।

**हथियार के सौदागरों ने कई छोटे-बड़े शहरों में बनाया अपना ठिकाना :** अवैध हथियारों का निर्माण अब बिहार के मुंगेर तक ही सीमित नहीं रहा है। झारखंड में मुंगेर के बने हथियार का एक ड़ा बाजार हुआ करता था। लेकिन अब पुलिस की दबिश से हथियार के सौदागरों ने कई छोटे-बड़े शहरों में अपना ठिकाना बना लिया है। अब हथियार तस्कर सीधे हथियार ना बनाकर उनके पाट्र्स का निर्माण कर रहे हैं और पाट्र्स को ही तस्करी के जरिए अपराधियों और नक्सलियों तक पहुंचा रहे हैं। तस्करी के जरिए पहुंचे हथियार के पाट्र्स को हथियार तस्करों का एक एक्सपर्ट उसे पूरे हथियार के रूप में तब्दील कर देता है।

### जानिए आर्म्स एक्ट में क्या है सजा



एडवोकेट मुकुल सहाय के मुताबिक, आर्म्स एक्ट की धारा 25 जिसमें अवैध हथियारों का निर्माण करने, बिक्री करने, मरम्मत करने या उन्हें रखने के लिए न्यूनतम सात वर्ष व अधिकतम 14 वर्ष की सजा को बदलकर न्यूनतम सजा 14 वर्ष व अधिकतम सजा के तौर पर ताउम्र जेल में रहने का प्रावधान कर दिया गया है। आर्म्स एक्ट की धारा 25 (6) को भी संशोधित प्रस्ताव में शामिल किया गया है। जिसमें किसी संगठन के सदस्य द्वारा प्रतिबंधित हथियार का इस्तेमाल करने पर न्यूनतम 10 साल व अधिकतम सजा के तौर पर ताउम्र जेल में रहने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही संशोधन में प्रतिबंधित हथियार या उसके पुर्जे आयात करने, बेचने या खरीदने को अवैध व्यापार की श्रेणी में रखा गया है और इन हथियारों की मार्किंग में छेड़छाड़ करने वाले शस्त्र विक्रेता को 7 साल जेल की सजा देने का प्रावधान रखा गया है।

स्पीड न्यूज

## करीम सिटी कॉलेज में याद किये गये कवि काजी नजरुल इस्लाम

**जमशेदपुर।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन जमशेदपुर शाखा और करीम सिटी कलेज का संयुक्त प्रयास से कवि काजी नजरूल इस्लाम के124 वां जन्म जयंती समारोह करीम सिटी कलेज साकची के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मंच संचालन निसार सरफुद्दीन ने किया जिन्होंने शाखा के वाइस प्रेसिडेंट है। कार्य क्रम का शुरुआत कोरस संग ''कारार वाई लौह कपाट'' नजरूल गीत जिसमे श्रीमती गौरी दासगुप्ता,तपती दत्ता और महाश्वेता हालदार ने भागीदारी ली।निखिल भारत शाखा अध्यक्षा श्रीमत झरना कर ने स्वागत भाषण दिए और कवि को श्रद्धांजलि अर्पण की।करीम सिटी कलेज के प्रिंसिपल महाम्मद रियाज ने अपनी वक्तव्य रखे और निखिल भारत के सलाहकार श्रीमती बासोबी गोस्वामी ने अपनी शुभकामनाएं पेश की।डक्टर वैद्य नाथ त्रिपाठी ने कवि नजरूल इस्लाम के जीवनी पर प्रकाश डाले।शिशु शिल्पी सुदीप्त भट्टाचार्जी,पूरबी घोष,सुपर्णा सेनशर्मा,शुक्ला रय चौधरी, चांदना चौटर्जी,चांदना मुखर्जी और हेमंत सरकार ने कविता पाठ किए।

## भाजमो ने मैट्रिक टॉपर सोनल कुमारी को सम्मानित किया

**जमशेदपुर।** भाजमो बिरसानगर मंडल (पूर्वी) ने बिरसानगर जोन नम्बर 1 बी निवासी अनिल कुमार की सुपुत्री सोनल कुमारी को मैट्रिक में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के अवसर पर उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। सोनल कुमारी ने भाजमो नेताओं को बताया की वह भविष्य में डाक्टर की पढाई करना चाहती है। भाजमो ने सोनल कुमारी को हौसलाअफजाई की और शिक्षा में कोई भी समस्या आने पर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर स्कूल के मास्टर जी अंजय कुमार मोदी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## जयदा मंदिर में रुद्राभिषेक एवं महाभंडारा का हुआ आयोजन

**चांडिल।** प्राचीन जयदा शिव मंदिर के ब्रह्मलीन महंत नागा सन्यासी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज उर्फ जयदा बाबा उर्फ उड़िया बाबा के पुन्य स्मृति में जयदा शिव मंदिर के महंत केशवानंद सरस्वती के द्वारा रुद्राभिषेक एवं एकादश महा भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। महंत केशवानंद सरस्वती ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु की इच्छा से दो दिवसीय रुद्राभिषेक के साथ महा भंडारा का आयोजन किया गया।

## वज्रपात से दो घर जलकर राख

**गम्हरिया।** शुक्रवार की दोपहर आई तेज आंधी व बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं, कई जगह स्थानों पर इससे व्यापक क्षति भी हुई है। गम्हरिया प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत रायपुर गांव के कांकीकुली टोला में देर शाम तेज आंधी व तूफान के साथ हुए वज्रपात से विलम मांझी के घर के पुआल और खपड़े के घर के ऊपर बिजली गिरने से दोनों घर में आग लग गई। उक्त आगलगी में घर समेत उसमे रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

## युवक पर भुजाली से हमला, रिम्स रेफर

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर पुलिस की गश्ती दल ने गुरुवार को दोपहर लगभग ढ़ाई बजे जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर में बाबा आश्रम कलोनी निवासी विनय कुमार उर्फ रोती नामक युवक को जख्मी अवस्था में पाया। जख्मी युवक के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भुजाली से प्रहार किया गया है। सूचना मिलने के बाद आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुँचे तथा जख्मी युवक को इलाज मे लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालाँकि युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे देर रात बेहतर उपचार के लिए रिम्स, राँची रेफर कर दिया गया।पुलिसिया पूछताछ में जख्मी युवक ने बताया कि आदित्यपुर-2 के मार्ग संख्या-18 निवासी रघुनाथ राय के पुत्र नीतिश ने जयप्रकाश उद्यान निवासी अपने मित्र प्रिंस के साथ मिलकर उसके उपर भुजाली से हमला किया।

# फूलों की खेती ने बदली यशोदा महतो की किस्मत, हर महीने 12 हजार की आमदनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



यशोदा के खेत में लहलहाते गेंदा के फूल।



खेत से तोड़े गये फूलों का वजन करते यशोदा के परिजन।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड के रसिकनगर पंचायत अंतर्गत ग्राम शुक्ला निवासी यशोदा महतो, सब्जी खेती के साथ-साथ गेंदा फूल की खेती कर अच्छी आमदनी कर रही हैं । पहली बार व्यवसायिक दृष्टिकोण से 0.7 एकड़ में गेंदा फूल की खेती शुरू किया था। अब इससे हर माह करीब 12 हजार रूपए मुनाफा हो रहा है । परंपरागत अनाज और सब्जियों की खेती से हटकर फूलों की खेती कर महिला किसान यशोदा महतो की पहचान आज एक प्रगतिशील किसान के रूप में होती है।

**उद्यान विभाग से मिला पौधा और तकनीकी प्रशिक्षण :** यशोदा महतो बताती हैं कि बोड़ाम प्रखंड के उद्यान मित्र से सबसे पहले उद्यान विकास योजना के बारे में जानकारी मिली। खेती किसानी में मेरी रूचि को देखते हुए उन्होने फूलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया, इसमें कितना मुनाफा हो सकता है तथा बाजार में फूलों की क्या मांग है इसपर जानकारी दी तो फूलों की खेती करना ही सही विकल्प लगा । उद्यान विभाग से ही 07 एकड़ में खेती के लिए पौधा उपलब्ध कराया गया साथ ही प्रशिक्षण भी मिला । आगे इसे और विस्तार देने की योजना पर भी काम कर रही हूं।

### प्रति सप्ताह 150-200 किलो फूल का विक्रय

शादी-ब्याह या कोई भी खुशी का पर्व हो तथा अन्य आयोजनों में भी गेंदा फूल का डिमांड तो रहता ही है। यशोदा कहती हैं कि अभी तक ऐसा नहीं हुआ कि फूल घर में कभी सड़े हों। फूल विक्रय करने में कोई दिक्कत नही होती है एवं सालो भर मांग बना रहता है। प्रति सप्ताह लगभग 150-200 किलो फूल खेत से निकलता है जिससे तीन हजार रू.से ज्यादा की आमदनी हो जाती है । यशोदा कहती हैं कि गेंदा फूल की खेती से आर्थिक और सामाजिक परिस्थिति तो जरूर बदली है, इससे काफी खुश हूं तथा अन्य महिला किसानों को भी फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने का हमेशा प्रयास करती हूं।

# बीपीएल बच्चों के निजी स्कूलों में दाखिले पर सख्त नजर रखे प्रशासन : रुचि कुजुर

## राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य कुजुर ने की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक करतीं रुचि कुजूर।

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजुर ने दो दिवसीय पूर्वी सिंहभूम जिला भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों के साथ बैठक किया । जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक निशू कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र कु राम, सीडीपीओ नीतू कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ड चंचल कुमारी, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी सरिता कुमारी, केजीबीवी प्रभारी बिंदु झा, सी डब्लू सी सदस्य सुरुचि कुमारी बैठक में मौजूद रहे। रूचि कुजुर ने पिछले दौरे पर केजीबीवी पटमदा और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया था, दिए गए दिशा- निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर पीने के पानी की व्यवस्था, परिसर के अंदर पथ निर्माण, शिक्षकों की कमी, छात्राओं के लिए पोशाक से लेकर पोषण की व्यवस्था पर समीक्षा किया। साथ में जिला में संचालित 9 कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में पानी की व्यवस्था, सभी विषयों के शिक्षक हैं या नहीं इसकी जानकारी ली। उत्तखनन क्षेत्र में बाल श्रम रोकने और बाल नशा रोकने के लिए श्रम अधीक्षक और पुलिस प्रशासन से समन्वयन स्थापित कर कानून को सख्ती से पालन कराने का निर्णय लिया गया। रूचि कुजुर ने कहा की बीपीएल बच्चों का निजी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करायें, यह उनका अधिकार है। जिला शिक्षा अधीक्षक से जिला के निजी विद्यालय एवं नामांकित बीपीएल बच्चों की सूची मांगी गई। जिला में घटित घटनाओ में छोटे बच्चे-बच्चियों को न्याय दिलाने हेतु त्वरित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया ।

## एक नजर में

### एलआइसी के प्रशिक्षण केंद्र में लोग सीख सकेंगे योग



सेंटर का उद्घाटन करते निदेशक विवेकानंद प्रधान।

**जमशेदपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के कदमा स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र (यहां झारखंड, बिहार व उड़ीसा के एलआईसी एजेंट सहित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है) स्थित सभागार के एक भाग को 'योग प्रशिक्षण हॉल' के रूप में परिणत किया गया। इसका उद्घाटन प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक विवेकानंद प्रधान ने किया. मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में योग गुरु सह सरकार योगा एकेडमी के संचालक अंशु सरकार भी मौजूद थे। केन्द्र निदेशक श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण और प्रदूषित माहौल में योग एक प्रातिक चिकित्सा के रुप में हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये एक अमूल्य देन है.मौके पर केन्द्र के अपर निदेशक बी मांझी व उप प्राचार्या शकुंतला मुर्मू ने भी योग के महत्व पर अपनी बातें रखी। अंशु सरकार ने लोगों से योग प्रशिक्षण लेने तथा स्वयं व पूरे समाज को स्वस्थ, निरोग व चिंतामुक्त रखने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया। इसके पूर्व श्री सरकार सहित अन्य अतिथियों का स्वागत पौधा व अंगवस्त्र देकर किया गया। ज्ञात हो कि गत कई वर्षों से श्री सरकार इस केंद्र में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। मौके पर पी पी लेंका, टी मिंज, के पी कोंडला राव. गौतम कुमार सिन्हा, श्रीधर कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, योगशा सरकार, स्मिकी सरकार के अलावा शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन बीएल दास ने किया।

### कीताडीह भाजपा के सदस्यों को मेनका दीदी ने बतायी संगठन की बारीकियां



**जमशेदपुर।** कीताडीह दुर्गा पूजा मैदान स्थित गौरी भवन में मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा बबी की अध्यक्षता में भाजपा घाघीडीह मंडल की कार्यसमिति की बैठक सह कार्यशाला संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीमती मेनका सरदार थीं। श्रीमती मेनका सरदार ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने झारखंड में रघुवर सरकार की उपलब्धियों और वर्तमान हेमंत सरकार की विफलताओं से भी जनता को अवगत कराने के लिए जन संपर्क पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ता हैं जो बेहद समर्पित हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री सह मंडल प्रभारी श्री अनिल मोदी, मंडल अध्यक्ष संदीप शर्मा बबी, पूर्व जिप सदस्य सुदीप्तो डे राना, एस टी मोर्चा जिलाध्यक्ष बिनानंद सिरका, मंडल महामंत्री सुशील सिंह, गौरी शंकर सिंह शेरा, उपाध्यक्ष ललन पांडे, ष्णा पात्रो, अभिषेक सिंह, मंत्री संगीता पात्रों, भोला यादव, कमल राठौर, कोषाध्यक्ष सपन दास, मीडिया प्रभारी संतोष गुहा, लक्ष्मण राव, आईटी सेल प्रभारी राजकुमार दुबे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशि यादव, ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी रमेश प्रसाद, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह, केशव सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शशि कुमार मिश्रा, मनु दास, धर्म सिंह वालिया, विजेंद्र मुन्ना सिंह, शैलेश कर्मकार, अवधेश सिंह, सूर्य देव प्रसाद गुप्ता, कुमकुम दत्ता भी उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गौरी शंकर सिंह शेरा एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री सुशील सिंह ने किया।

### सार्वजनिक नाले पर अतिक्रमण कर घर बनाने का मामला पहुंचा डीसी ऑफिस

**जमशेदुपर।** भुइयांडीह ग्वाला बस्ती, ब्राह्मण टोला के पास एक नाला जुस्को और जमशेदपुर अक्षेस के सहयोग से बनवाया गया था इसी नाले में सारे बस्ती वासियों के घर का पानी डाला का निकासी होता है जिसकी नियमित साफ सफाई अक्षेस के द्वारा की जाती है परंतु इसी नाले पर प्यारे लाल चौधरी और उनके परिवार द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से पीलर डालकर घर का निर्माण किया जा रहा है और विरोध करने पर भी नही मान रहे हैं, उल्टे उनके द्वारा झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजवाने की धमकी से बस्ती वासी भयभीत है , बताते चले की भुइयाडीह ब्राह्मण टोला में बारिश के समय पानी निकास का कोई मार्ग नहीं था और टाटा स्टील द्वारा छाई से बनाया गया पहाड़ के वजह से पानी का निकास बंद हो गया था लेकिन स्थानीय विधायक सरयू राय और जुस्को के द्वारा संयुक्त प्रयास से नाली का निर्माण कराया गया था जिससे बारिश से निजात मिलने का आसार दिख रहे थे की प्यारे लाल चौधरी द्वारा दबंगई दिखाते हुए लगातार निर्माण कार्य कर रहे है । अभी बरसात का मौसम आने वाला है और इसी बीच यदि नाला अतिक्रमित हो जाएगा तब पूरा बस्ती बरसात और नाली के पानी से जलमग्न हो जाएगा ।इस संबंध में लिखित शिकायत डीसी,अनुमंडल दंडाधिकारी, जमशेदपुर अक्षेस विशेष पदाधिकारी, जुस्को बस्ती सेवा विभाग, सिद्दोड़ा थाना प्रभारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस उपाधीक्षक, को सूचित किया गया है।

### डालसा ने चलाया विधि जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जमशेदपुर द्वारा शुक्रवार को मोबाईल वैन के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत साकची गोलचक्कर , बस स्टैंड , टाटा नगर रेलवे स्टेशन, करनडीह आदि जगहों में विशेषकर मजदूरों के बीच कानूनी जागरुकता अभियान चलाया गया । इस जागरुकता अभियान में पैनल अधिवक्ता शमशाद खान , दिनेश शाहू , सुरोजित दत्ता और पीएलवी में संजय कुमार तिवारी, आशीष प्रजापति, जोब रानी बास्के एवम सुनीता कुमारी मोबाईल वैन में मौजूद रहे । इन लोगों ने मजदूरों को उनके अधिकार, श्रम कानून, डालसा के कार्य व उद्देश्य, मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मिडियेशन के बारे में लोगों को जागरूक किया और विशेष जानकारी के लिए बुकलेट व पंपलेट भी वितरित की गई ।

## मानगो डिमना रोड से उजाड़े गये फुटपाथी दुकानदारों ने डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करते फुट पाथी दुकानदार।

**जमशेदपुर।** अंतराष्टीय हकर दिवस के दिन नेशनल हॉकर फेडरेशन एवं मानगो फुटपाथ दुकानदार संगठन ने शोक दिवस मनाया। गत 26 मार्च 2023 को बिरसा मुंडा बाजार के 120 दुकानों को तोड़ा गया । अब 23मई 2023 को माइकिंग कर हीरा होटल के सामने से आगे तक के पथ विक्रेता को दुकाने हटाने की सूचना दी गई और अगली सुबह सभी दुकानों को तोड़ दिया। गया । परन्तु सेंट्रल व्रज डिवाइडर के अंदर 50 वर्षों से अधिक समय से वही दुकाने लगाते आ रहे है उसी स्थान पे मानगो नगर निगम द्वारा सर्वे कर झारखंड सरकार द्वारा निर्गत पथ विक्रेता पहचान पत्र, स्मार्ट कार्ड एवं वेंडिंग सर्टिफिकेट दिया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार से 50 हजार तक का लोन भी दिया गया है ।अचानक दुकानों को बिना कही व्यवस्तिथ किये व्यकल्पिकव्यवस्था दिए हटा दिया गया है हमारी रोजी रोटी छीन गई। हम बेरोजगार हो गए । ऐसे में अब हम फुटपाथी दुकानदार पीएम स्वनिधि लोन कैसे चुका पाएंगे ? परिवार का भरण पोषण कैसे कर पाएंगे? बच्चों के स्कूल का फीस कैसे दे पाएंगे? मकान का किराया कैसे दे पाएंगे? फेडरेशन ने इस संबंध में आज फुटपाथी दुकानदारों को लेकर डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया और डीसी को ज्ञापन देकर उजाड़े गए दुकानदारों को जल्द से जल्द पुनर्वासित करने की मांग की गई। एक तरफ नगर निगम स्वंनिधि से समृद्धि योजना चला रही है अर्थात पथ विक्रेता के साथ साथ उनके परिवारों को भी सरकारी योजना से जोड़ने का कामकरेगी दूसरी तरफ पथ विक्रेताओ को उजाड़ कर बेरोजगार बनाकर उनके परिवार को दाने दाने के लिए मोहताज कर रही । ये कैसा खेल है यह सवाल है।

## दो बहनों के परिजनों में कोर्ट से लेकर डीएसपी चैंबर तक सिर फुटौव्वल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम पुलिस जिला मुख्यालय शुक्रवार की दोपहर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। मामला पारिवारिक विवाद का है, जहां बहनों और उनके परिजनों में सिरफुटौव्वल तक हो गया। इससे कुछ देर के लिए डीसी-एसएसपी ऑफिस में अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर बिष्टुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्ष से पांच लोगों को हिरासत में ले गई। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बताया गया है कि कदमा निवासी निशा कुमारी ने 2019 में अपने पति संजीव कुमार के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। कालांतर में निशा कुमारी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए मानगो निवासी अपनी बहन लक्खी सिंह के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज करवाया, जिसमें निशा कुमारी ने बताया कि लक्खी सिंह के दबाव में आकर ही पति पर झूठा मामला दर्ज कराया था। शुक्रवार को इसी मामले को लेकर न्यायलय में सुनवाई होनी थी जहां न्यायलय में भी दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। बाद में लक्खी सिंह अपने दो समर्थकों के साथ जिला मुख्यालय शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी। मौके पर निशा सिंह और उसके पति संजीव कुमार भी आ गए, जहां दोनों पक्षों में जिला मुख्यालय के बीच मारपीट हो गई। वे लोग डीएसपी वन वीरेंद्र राम के चैम्बर के सामने ही मारपीट करने लगे। पुलिस ने त्वरित दोनों पक्षों को अलग किया, जिसके बाद कार्रवाई के लिए बिष्टुपुर थाना पुलिस साथ ले गई जहां जिला मुख्यालय में मारपीट कार्रवाई मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शिक्षकों की वृत्तिगत क्षमताओं के विकास पर हुई चर्चा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में इग्नू बीएड कार्यशाला के सातवें दिवस प्रथम स्तर की शुरुआत प्रार्थना सभा से की गई। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर ड. त्रिपुरा झा ने सभी विषयों की महता को समझाते हुए कार्यशाला को संबोधित किया । उन्होंने विभिन्न विषयों की विशेषता एवं व्यक्तिगत क्षमता बढ़ाने के लिए विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला के विशेषज्ञों से कार्यशाला का संचालन कराया। विभिन्न विषयों के प्रशिक्षुओं ने अपने विषय में निहित बारीकियों को समझाया तथा कार्यशाला के सातवें दिन को सफल बनाया । आज के पहले सत्र का संचालन अध्यापिका गीता कुमारी के द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया जो कि बहुत ही रोचक एवं ज्ञानवर्धक था। दूसरे सत्र में श्री अजीत दुबे ने विज्ञान विषय पर अपना पावर पइंट प्रस्तुतीकरण दिया। उपरोक्त सभी सत्र में संसाधन सेवी विशेषज्ञों, डा.सुशील कुमार तिवारी, श्री अजित दुबे, नेहा सुरुचि मिंज, डक्टर, मोनिका उप्पल, डा.त्रिपुरा झा और डा समीउल्ला अंसारी ने अपने व्याख्यान से बहुमूल्य योगदान दिया। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने नीव-हर्बल हैंडमेड सोप फैक्ट्री का दौरा किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





फैशन डिजाइन कोर्स की छात्राओं का स्वागत करती नीव की सीइओ शिखा जैन।

**जमशेदपुर।** फैशन डिजाइन विभाग के छात्रों और शिक्षकों ने हुरलुंग गांव का दौरा किया जहां नीव - हर्बल हस्तनिर्मित साबुन का कारखाना स्थित है। संस्थापक सुश्री शिखा जैन ने अपने सेटअप में फैशन डिजाइन विभाग के छात्रों एवं प्राध्यापकों का स्वागत बहुत ही उत्साहपूर्वक किया। उन्होंने छात्रों को ब्रांड, विभिन्न उत्पादों और ग्रामीण महिला उत्थान के लिए ब्रांड के लिए किए गए जनजातीय और महिला सशक्तिकरण पहल के बारे में जानकारी दी। चूंकि ब्रांड केवल जैविक और हस्तनिर्मित उत्पादों का उत्पादन करता है, यह छात्रों के लिए स्थायी पहलों को समझने का एक बहुत अच्छा उदाहरण था। फिर छात्रों को साबुन बनाने की कार्यशाला में ले जाया गया, जहाँ वे विभिन्न प्रकार के जैविक साबुन - चारकोल, चंदन, गुलाब, आदि बनाने में सक्षम थे। साबुन के अलावा, अन्य कस्मेटिक उत्पाद जैसे प्रातिक तेल, सुगंध, शैंपू भी थे जो नीव ब्रांड के अन्य उत्पाद हैं। छात्रों के लिए यह एक समृद्ध एवं ज्ञानवर्धक अनुभव था। वे इन उत्पादों की पैकेजिंग को देख कर भी प्रेरित हुए जहां इन डिजाइन छात्रों को कुछ सृजनात्मक करने की संभावना हो सकती है। इस तरह के दौरों एवं आयोजन से छात्रों को लघु उद्योग और ग्रामीण विकास का व्यापक और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने की संभावना बढ़ती है। अंत में छात्रों ने ग्रामीण आदिवासी महिला श्रमिकों के साथ सहज रूप से बातचीत कर अपने अनुभव को और भी प्रबल किया।

# सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे हो रहे डिप्रेशन के शिकार : डॉ श्रद्धा

- बहरागोड़ा बीएड कालेज में नाम्या फाउंडेशन का माही अभियान
- वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के मनोविशेषज्ञ ने छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



छात्रों को संबोधित करती मनोविशेषज्ञ।

**जमशेदपुर।** मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को इस दशक के लिए बड़ी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है एवं आजकल के युवाओं में चिंता-तनाव और अवसाद के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। युवाओं में बढ़ रही इस गंभीर समस्या को देखते हुए शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के संयुक्त तत्वावधान में 'माही' (मेंटल अवेसमनेस एंड हेल्थ इनिशिएटिव) अभियान शुरुआत की गयी है। शुक्रवार को बहरागोड़ा स्थित बीएड कलेज में माही अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य डा श्रद्धा सुमन एवं बीएड कॉलेज बहरागोड़ा के प्रिंसिपल बालकृष्ण बेहरा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अनेकों योजनाओं में सरकार के साथ कार्य कर रहे वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के मनोविशेषज्ञ ने बीएड कलेज के ढाई सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति विस्तृत जानकारी देकर उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। संस्था के सदस्य डा श्रद्धा सुमन ने बताया कि मन को स्वस्थ रखे बिना स्वस्थ तन की कल्पना करना बेमानी होगी, और इससे बड़ी बेमानी होगी मानसिक स्वास्थ्य को एक दायरे में बांध कर रखना। आज बढ़ते मानसिक समस्याओं के मद्देनजर स्वास्थ्य समस्या के साथ मेंटल हेल्थ समस्याओं के प्रति भी गंभीर होने की जरूरत है। देश के सभी बच्चे, उनके माता-पिता, शिक्षक, प्रशासन, नीति निर्माताओं और कानून व्यवस्था को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत के बारे में सोचने और इस दिशा में सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का अति-उपयोग और तुलनात्मक व्यवहार के कारण युवा वर्ग अवसाद्ग्रस्त हो रहे हैं। इसके साथ ही, आत्महत्या के मामले में भी वृद्धि देखी जा रही है। कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में व्याप्त भ्रम और स्टिग्मा के चलते लोग अपनी समस्याएं दूसरों के साथ शेयर नहीं करना चाहते, जागरूकता के आभाव के कारण इस तरह की सोच बड़ी चुनौती साबित होती है, इसमें हम सभी को संवेदनशील होने की जरूरत है। इस अवसर पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य रिशु रंजन ने बताया कि बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में युवाओं को जागरूक करने और इस खतरे को कम करने के उद्देश्य से संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है।

इस अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के टीबी उन्मूलन एवं कई अन्य कार्यक्रमों से जुड़े वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर के मनोविशेषज्ञ द्वारा जिले के सभी बड़े शिक्षण संस्थानों में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं एवं इससे बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है। इससे पहले बीएड कलेज बहरागोड़ा के प्रिंसिपल बालकृष्ण बेहरा ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने संस्था द्वारा चलाये जा रहे मुहिम की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस मौके पर बीएड कलेज बहरागोड़ा के प्रिंसिपल बालष्ण बेहरा, शिक्षक भोला सिंह, जितेंद्र कुमार, राजीव प्रियदर्शन, संजय केरकेट्टा, समरेंद्र रंजन सिंह, राजेश समीर कश्यप, भक्त बंधु नायक, वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर से सौरभ मोहंती, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से डक्टर श्रद्धा सुमन, रिशु रंजन, सुचुरिता सरकार, सतप्रीत सिंह, निर्मल कुमार व अन्य समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### विचार संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर / पाटन ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के द्वारा शुक्रवार को विनय प्रकाशन परिसर भवन में विचार संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम ।में नव नियुक्त महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप में सुमिता सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । साथ ही साफा एवं तलवार देकर सम्मानित किया गया। महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा क्षत्रिय समाज एक जाति नहीं एक धर्म है उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस प्रकार सर्व समाज सर्व धर्म को लेकर कार्य किया सभी को साथ लेकर चले हैं हमें भी अपने पूर्वजों की पदचिन्ह पर चलते हुए सर्व समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है क्षत्रिय धर्म यही कहता है छात्र धर्म युगे युगे । उन्होंने साथ ही साथ नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष सुमिता सिंह को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें और समाज संगठन हित में कार्य करते रहे यही हमारी शुभकामनाएं है । महासभा के जिला अध्यक्ष व्यास सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सुमिता सिंह के संगठन में आने से संगठन महिला मोर्चा की टीम काफी सशक्त और मजबूत होगी ।

### पाटन में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पाटन पलामू ।** पाटन प्रखंड कार्यालय सभागार में जीपीडीपी अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया । दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रखंड प्रमुख शोभा गुप्ता एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया । कार्यशाला में जन योजना अभियान 2023-24 हेतु योजना एवं विभागीय पोर्टल पर आए बदलाव के बारे में सभी को जानकारी दी गई। नौ विषय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । प्रशिक्षण प्रखंड समन्वयक पंचायती राज अमित चौबे के द्वारा दिया गया । प्रशिक्षण में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कामेश्वर महतो, कनीय अभियंता हरीश कुमार समेत ग्यारह पंचायत केल्हार , सेमरी, सगुना,पल्हेकला , कांकेकला, सोले आदि के मुखिया और पंचायत सचिव उपस्थित हुए ।

### पुलिस ने पकड़े बालू लदे दो ट्रैक्टर

**हुसेनाबाद ।** हुसैनाबाद के देवरी ओपी थाना पुलिस ने सुबह में अवैध बालू उठाव कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को पकड़ा । दोनो ट्रैक्टर देवरी स्थित सोन नदी से बालू उठाव कर जा रहा था । इसी क्रम में पुलिस दोनो ट्रैक्टर जब्त कर देवरी ओपी ले आई । थाना के एएसआई कार्तिक उरांव ने बताया कि आज सुबह में दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाकर अग्रतर करवाई हेतु संबंधित विभाग को भेज गया है।

### ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**मोहम्मदगंज/पलामू ।** मोहम्मदगंज विद्युत सबस्टेशन के 3 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर बुधवार की शाम तकनीकी कारणों से जल गया । इससे मोहम्मदगंज और करडंडा फीडर में विद्युतआपूर्ति प्रभावित हो गई है। उपभोक्ता परेशान है। हालांकि कादल फीडर से तीनों फीडरों से जुड़े गांवों को बारी-बारी एक-एक घंटे आपूर्ति की जा रही है। सबस्टेशन में मौजूद सहायक और कनीय अभियंता संजय कुमार व प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को पूरे दिन जले हुए ट्रांसफॉर्मर को ठीक करने की कोशिश की गई। ऑयल भी डाला गया। मगर ट्रांसफार्मर को कामयाब नहीं हो सका। अब नए ट्रांसफॉर्मर लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। शनिवार-रविवार को उसे हिट किया जाएगा। संभव है सोमवार को नए ट्रांसफार्मर से निर्बाध रूप से आपूर्ति शुरू हो जाएं। उधर, ट्रांसफॉर्मर के जल जाने की सूचना मिलते ही जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने सबस्टेशन पहुंचकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह को इस संबंध में जानकारी दी गई है। जिन्होंने जीएम को तत्काल ट्रांसफॉर्मर मुहैय्या कराने की बात कही है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि उन्होंने सांसद वीडी राम को वाट्सएप मैसेज के माध्यम से बताया है कि 25 मई को अभियंता टीम ने ट्रांसफॉर्मर की तकनीकी खामी को ठीककर चार्ज किया गया,पर ट्रांसफॉर्मर पुनः जल गया।

### भीम आर्मी सुप्रीमो के आगमन को लेकर बैठक

**मनातू पलामू ।** पांकी थाना क्षेत्र के रन्ने भरी में बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को ले बैठक की गई । इसकी अध्यक्षता भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रवि ने की । संचालन भीम आर्मी मुख्य सचिव नागमणि रजक ने किया । बाबा साहब के प्रतिमा का उद्घाटन समारोह 29 मई को रंनेभरीमें होगा । इस बाबत मनातु मे कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय के प्रांगण में बैठक की गई। बैठक में मनातू प्रखंड वासियों से 29 तारीख को रन्ने भरी पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने को ले आग्रह किया गया । मौके पर भीम अर्मी प्रखंड अध्यक्ष अशोक अंबेडकर, उपाध्यक्ष सुबोध राम सचिव सत्याजीत कुमार , महासचिव जितेंद्र कुमार , प्रखंड प्रवक्ता ताराचंद् यादव , मुख्य सलाहकार हरेंद्र जी उर्फ सोहराई राम, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी शशि भूषण कुमार, सम्मानित सदस्य दिनेश रवि, ईनेश रवि नरेंद्र रवि अजय रवि , अशोक रवि , धीरेंद्र कुमार ,धीरज, पवन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे ।

### गोवर्धन योजना को लेकर पिपरा में किसान गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** आत्मा पलामू की ओर से आज पिपरा प्रखंड के एग्रीक सेंटर में गोवर्धन योजना को लेकर किसान गोष्ठी-सह-जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार ने पशुपालकों एवं अन्य किसानों, किसान मित्रों को गोबर्धन योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गोबर के प्रबंधन और बायोगैस बनाने की योजना है। गोबर्धन योजना स्वच्छ भारत अभियान का एक हिस्सा है। इससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिससे किसानों को वर्मी कंपोस्ट बनाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पलामू जिला में 114 केंचुआ खाद यूनिट बनाने का लक्ष्य दिया है। किसानों से गोबर खरीदकर उससे बायोगैस, बायो सीएनजी बनाकर गांव के प्रत्येक घर एवं किसानों तक पहुंचाने की योजना है। उन्होंने किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संतोष कुमार गुलशन, कृष्णकांत सिंह, सुमंत सिंह, प्रभु यादव, लाल बहादुर सिंह, राकेश सिंह आदि किसान एवं किसान मित्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मैट्रिक परीक्षा में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षा सचिव ने उपायुक्त को दी बधाई

**मेदिनीनगर ।** मैट्रिक परीक्षा- 2023 में पलामू जिला के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के.रवि कुमार ने पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे को बधाई दी है।भविष्य में इस दिशा में और अधिक बेहतर प्रयास करने की अपेक्षा की है ताकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सके।बता दें कि मैट्रिक परीक्षा 2023 में पूरे जिले के 91.100 प्रतिशत बच्चों ने उतीर्ण कर जिले का नाम रौशन किया है। उपायुक्त श्री दोड्डे ने उतीर्ण करने वाले बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की है साथ ही उच्च शिक्षा हेतु हर संभव मदद करने की बात कही है। उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि बच्चों के बेहतर परिणाम से पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उम्मीद है अगले वर्ष भी बच्चे और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।जिले में शिक्षा का स्तर और अधिक बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी,यहां के विद्यार्थी राज्य में शत प्रतिशत अंक लाकर राज्य में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

मेदिनीनगर । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त श्री दोड्डे ने क्रमवार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में मेदनीनगर शहर के जेलहाता से आये ललिता शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि उनके पेट में काफी लंबे समय से गांठ होने संबंधी बीमारी है जिसका लगातार इलाज चल रहा है जिसमें उनके काफी अधिक पैसे खर्च हो गए हैं।

# चोरी की मोटरसाइकिल बेचते दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाइक चोर की निशानदेही पर पांच वाहन बरामद**

**पेशेवर हैं सभी चोर : एसपी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** जिला मुख्यालय समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटना से पुलिस परेशान हो चुकी है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में भी कई मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इसी दौरान 25 मई को गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधी पूर्व पथरा रोड में पुलिस ने छापेमारी कर दो मोटरसाइकिल चोर को चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी। की तीन लोग गांधी पूर्व में चोरी के मोटरसाइकिल को बेचने के लिए जमा हुए हैं। इस आधार पर चैनपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। जो कि 25 मई को देर संध्या में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि तीसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा है।उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम बंजारी निवासी जैदुल अंसारी के पुत्र शैफ अंसारी एवं ग्राम गांधीपुर निवासी अजय शर्मा का पुत्र अमन कुमार शामिल है।उन्होंने बताया कि इन लोगों से पूछताछ के क्रम में चोरों ने बताया कि पल्सर मोटरसाइकिल शहर के एचडीएफसी बैंक के समीप से चुराया था। जिसका बिक्री करने वाले थे।चोरों ने बताया कि फरार अभियुक्त ग्राम गांधीपुर निवासी उमाशंकर साहू का पुत्र अभिषेक विश्वकर्मा है।एसपी ने बताया कि इन लोगों के निशानदेही पर चोरी के पाच मोटरसाइकिल को बराबर किया गया है।ये सभी पेशेवर चोर हैं। इन लोगों से पूछताछ के क्रम में कई खुलासे हो सकते हैं।

# विधायक ने की हैदरनगर में आरओबी निर्माण की मांग

**रेल मंत्री समेत रेलवे के वरीय अधिकारियों को लिखा पत्र**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद,पलामू ।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रेलमंत्री भारत सरकार व रेल महाप्रबंधक हाजीपुर को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि हैदरनगर में रेलवे फाटक संख्या 50 सी पर अविलंब फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कराना अति आवश्यक है। दंगवार मोहम्मदगंज मुख्य पथ में पड़ने वाले 50 सी रेल फाटक बंद रहने से लंबी दूरी जाने वाले यात्रियों चार पहिया ,बस ट्रक के अलावा अस्पताल व बाजार जाने वाले लोगों को घंटो रेलवे फाटक पर खड़ा रहना पड़ता है। उन्होंने कहा है कि रेल फाटक के प्रायः बंद रहने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा है कि पर्व -त्योहारों व शादी -विवाह के समय सड़क मार्ग पर वाहनों की संख्या भी बढ़ जाती है। किन्तु रेल फाटक के बंद रहने से वाहनों की लंबी कतार तो लग ही जाती है। उन्हें गंतव्य को रवाना होने में घंटों तक खड़ा रहकर व्यर्थ समय गंवाना पड़ता है। इससे आमजनों को भी आये दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जनहित में रेल फाटक संख्या 50 सी पर आरओबी निर्माण कराने की मांग की है।

# विधायक से मिले ग्रामीण, कहा विद्युत आपूर्ति की समस्या दूर हो

## डॉ मेहता ने अधिकारी से बात कर ट्रांसफार्मर लगाने को कहा



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर ।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम परसुरामखाप में कुछ दिन पहले ट्रांसफार्मर जल गया था। इस कारण ग्रामीण अंधेरे और गर्मी का दंश झेल रहे हैं। वहीं किसानों सिंचाई की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति से निपटारा पाने के लिए ग्रामीणों ने विधायक डॉ शशिभूषण मेहता से मिल से मिल कर छेत्र की विद्युत समस्या से अवगत कराया और ट्रांसफार्मर जल जाने की समस्या को बताया। ग्रामीणों ने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है। जिस कारण हम सभी ग्रामीणों को इस गर्मी में कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।बच्चों को पठन-पाठन से लेकर बुजुर्ग एवं बीमार लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसलिए अबिलम्ब नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। ग्रामीणों की बात को विधायक ने गंभीरता से लिया।और बिजली विभाग के अधिकारी से दूरभाष पर बात की। उन्होंने अधिकारी को कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए अविलंब ट्रांसफार्मर लगाया जाए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बहुत जल्द ही ट्रांसफार्मर लग जायेगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारियों को यह चाहिए की ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की क्या स्थिति है। इसका जायजा समय पर लेते रहें ताकि लोगों को बिजली की समस्या से जूझना ना पड़े।

### अंधेरा लाख हो, पुण्य का दीपक अवश्य जलायें : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर ।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के पहल पर पनशाला खोलने का सिलसिला लगातार जारी है इस पहल के क्रम में एक कदम और आगे बढ़ते हुए बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम विद्यापीठ शिक्षण संस्थान आवासीय विद्यालय द्वारा पनशाला खोला गया। जिसका उद्घाटन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया गया।

इस तपिश गर्मी में पनशाला का खुलना एक बड़ी बात है` साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पानी पिलाएं मगर पानी बहाए नहीं, संस्थान के पास पनशाला व घर के पास उजाला अवश्य होनी चाहिये ऐसा मेरा मानना है।

### उत्पाद विभाग ने 105 लीटर स्प्रिट किया बरामद



**हरिहरगंज पलामू।** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ गुरुवार की देर रात्रि को छापेमारी अभियान चलाया । उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बेलौदर पहाड़ीतर निवासी रवि रंजन पासवान उर्फ लड्डू के घर से 105 लीटर स्प्रिट बरामद की ग?ई । इस दौरान हरिहरगंज सीएचसी के पीछे अररूआ खुर्द निवासी पवन पासवान के घर पर भी छापेमारी कर अवैध देशी शराब बरामद किया गया है। छापेमारी की सूचना मिलते ही अभियुक्त फरार हो गए। छापेमारी के दौरान शराब बनाने के कई सामग्री बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों व्यक्तियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी अभियान में हरिहरगंज पुलिस भी शामिल थी।

# विधायक ने कई गांवों का किया दौरा, लोगों से मिलकर सुनी समस्या, समाधान का दिया आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा।** डाल्टनगंज- भंडरिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान हलुमाड़ और पोंची गांव में शादी कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्य कार्य हो रहे हैं। जनता की समस्याओं के निदान के लिए मैं हमेशा खड़ा हूं। लोग बेहिचक अपनी समस्या को रखें उसका निदान किया जाएगा। उन्होंने आगे किसी का नाम लिए बगैर कहा कि क्षेत्र के एक ऐसे व्यक्ति है जो हमेशा विकास विरोधी रहे हैं। क्षेत्र में उनकी नकारात्मक पहचान बन चुकी है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा नीति, संघर्ष तथा सिद्धांत के बदौलत आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है ।हमें गर्व है कि हम इस पार्टी के कार्यकर्ता हैं ।उन्होंने 9 साल के दौरान पीएम मोदी के द्वारा किए गए कई उल्लेखनीय कार्यों का जिक्र किया।

साथ ही झारखंड में झामुमो गठबंधन के सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार से लेकर हर एक मुद्दे पर सरकार को फेल बताया। उन्होंने कहा कि इस सरकार से लोगों का मोहभंग हो गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार अबकी बार नहीं आएगी।

इस मौके पर भाजपा नेता प्रभात कुमार भुईया, इंद्रदेव भुईया, अमलेश चौरसिया, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष सिन्हा ,रामनाथ पाठक, सिकंदर भुईया, रामलाल सिंह रामकरेश चौरसिया, मनोज मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

## तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन

# पलामू जिला बना ओवरऑल चैंपियन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में पलामू, गढ़वा, लातेहार जिला के पुअनि अधिकारीयो ने भाग लिया।पुलिस प्रतिभागियों को कांड के अनुसंधान किए जाने के लिए रांची से आए प्रशिक्षकों द्वारा कई बिन्दुयो पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मुख्य रूप से विधि विज्ञान, मेडिको लीगल, कोर्ट जजमेंट, फोटोग्राफी समेत अन्य बिंदुओं पर रांची से आए प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण प्रतियोगिता में पलामू जिला ओवरऑल चैंपियन रहा है। जबकि कुछ विषयों में गढ़वा एवं लातेहार जिला के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलामू जिला के पुलिस निरीक्षक देवव्रत पोद्दार ने मेडिकोलीगल एवं क्राइम इन्वेस्टिगेशन तथा कोर्ट जजमेंट में प्रथम स्थान पर रहे। जबकि पुलिस अवर निरीक्षक लातेहार जिला में ओवरऑल चैंपियन रहे।गढ़वा जिला के अवर निरीक्षक हितनारायण महतो ने फोटोग्राफी में प्रथम स्थान पर रहे।सभी को संतोष सुधाकर अनुसन्धान विभाग रांची,डॉ लव कुश सहायक निदेशक विधि विज्ञान प्रयोगशाला रांची एवं अन्य लोगों ने कांड अनुसंधान के क्रम में बिभिन्न बिंदुओं पर अनुसंधान कैसे किया जाना है इस पर बारीकी से बताया।इस मौके पर आईजी राजकुमार लकड़ा ने कहा कि आधुनिक युग में अपराध का स्तर भी आधुनिक होते जा रहा है। जिस कारण कांड का अनुसंधान करने के लिए वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग किए जाने से अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण रखता है। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के कारण अपराधी भी अपराध कर बचने के लिए कई प्रकार के हथकंडे अपनाते हैं।

# छतरपुर थाना क्षेत्र में जुलाई 2021 में महिला की हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, 5 गिरफ्तार



गजेंद्र / मितल

**मेदिनीनगर / छतरपुर ।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराही में पुलिस ने 22 जुलाई 2021 को एक महिला का शव बरामद की थी। जिसके हत्या का कारण का पता नहीं चल पा रहा था।हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार की है।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि ग्राम-लोहराही स्थित दबघटवा पोखर के पास से एक महिला का शव बरामद हुआ था।जिसका नाम शांति देवी उम्र 35 वर्ष पति सुदेश्वर परहिया ग्राम गहुदण्ड थाना हुसैनाबाद की निवासी थी। जो छतरपुर थाना अन्तर्गत उटवाढोडा के पास अपना मकान में अपनी एक पाँच साल की बेटी के साथ रहती थी। गुजर बसर के लिये अपने घर पर ही महुआ का शराब बनाकर घर पर ही बेचती थी।मृतका के पिता रामप्रवेश परहिया ने लिखित आवेदन अज्ञात के विरूद्ध दिया था।जिसके आलोक अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। एसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में छतरपुर थाना पुलिस द्वारा स्थानीय गुप्तचर तैयार कर इस काण्ड में संलिप्त अपराधियों के बारे में लगातार जानकारी प्राप्त किया जा रहा था। इसी बीच25 मई को सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त घटना को छतरपुर थाना अन्तर्गत उटवाढोडा निवासी अजय राम उम्र एवं उसका सहरज बैजन्ती देवी के द्वारा षडयंत्र रच कर हत्या करवाया गया था।उन्होंने बताया कि इस घटना में अजय राम के द्वारा फिरौती भी दिये जाने की बात कही गई थी।

# भाजपा जिला कार्यालय में सभी मोर्चा के अध्यक्षों एवं महामंत्री की बैठक हुई



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** भाजपा जिला कार्यालय में सभी मंच मोर्चा के अध्यक्षों एवं महामंत्री की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया।बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत संयुक्त मोर्चा सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया।इसके तहत14 जून को पाकी विधानसभा में ओबीसी मोर्चा के द्वारा और14 जून को विश्रामपुर विधानसभा में किसान मोर्चा के द्वारा तथा15 जून को डाल्टेनगंज विधानसभा में महिला मोर्चा के द्वारा 15 जून को छतरपुर विधानसभा में एससी मोर्चा के द्वारा एवं 15 जून को ही हुसैनाबाद विधानसभा में किसान मोर्चा के द्वारा संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन कराया जायेगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से कार्यकताओं को ऊजार्वान बनाना है। ताकि घर-घर संपर्क अभियान में कार्यकर्ता मुस्तैदी के साथ लग सके। और देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री द्वारा संचालित जन योजनाओं को पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ उभरकर आय।और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाया जा सके।

# अजीत सिंह बने भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक के अनुशंसा एवं एस टी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उराव के निदेर्शानुसार अजीत सिंह को एस टी मोर्चा का भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजीत सिंह ग्राम जोरकट पोस्ट सुआ थाना मेदनीनगर पलामू के निवासी हैं।जो पिछले कई वर्षो से मातृ संगठन एवं विद्यार्थी परिषद में कार्यरत थे।साथ ही ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता के अनुशंसा पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के निदेर्शानुसार ललित कुमार मेहता को ओबीसी मोर्चा का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है।जो पिछले कई वर्षों से चतरा सांसद प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं। जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने दोनों नवनियुक्त एस टी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह एवं ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री ललित कुमार मेहता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता,शंकर गुप्ता,मनोज विश्वकर्मा, स्वेतांग गर्ग,विपुल गुप्ता, मनीष भिवाणिया, जितेंद्र तिवारी ,फिरोज अंसारी, ललित कुमार सिंह, अमित सिंह, रामेश्वर राम, सतीश कुमार, सोनू सिकंदर, विक्रम सिंघानिया एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक पुष्पा देवी ने किया स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का अनावरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू ।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुठा में नमक सत्याग्रह आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी सत्यानंद स्वामी उर्फ रामधनी चौधरी की प्रतिमा का अनावरण विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया । विधायक कोटे की राशि से चबूतरा का निर्माण भी कराया गया था सत्यानंद स्वामी गोरखपुर बनारस में रह कर अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़े थे और उन्हें फांसी 26 मई 1934 को बनारस के चौकाघाट सेंट्रल जेल में दिया गया था । वे बहुत क्रांतिकारी नेता थे । उनके परिजनों ने पूरी विधि विधान पूर्वक उनके प्रतिमा का अनावरण कराया । इस कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी , जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान , पाटन भाजपा मंडल मंत्री आनंद सिंह , जिला विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह , सुठा के पूर्व मुखिया प्रदीप दुबे , राधेश्याम मेहता , शिवप्रसाद मेहता, नारद राम , विश्वनाथ राम , परशुराम , कुंदन दुबे , नवीन दुबे , ननकू दुबे समेत लोग उपस्थित थें। कार्यक्रम आयोजन उनके पोता धनवंत चौधरी के देख रही में किया गया ।

# भारत-आस्ट्रेलिया संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ बातचीत में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की हालिया घटनाओं का मुद्दा उठाया। अल्बनीज को ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को लेकर भारत की चिंताओं से भी अवगत कराया। मोदी और अल्बनीज ने व्यापक चर्चा के दौरान ऑस्ट्रेलिया-भारत प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी व्यवस्था को अंतिम रूप देने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के छात्रों, अकादमिक शोधकताओं और व्यवसायिक लोगों की आवाजाही को आसान बनाना है। मोदी और अल्बनीज ने महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को जल्द आकार देने की अपनी-अपनी साझा इच्छा को दोहराया, जिससे द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को महत्वपूर्ण विस्तार मिलने की उम्मीद है। दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया हरित हाइड्रोजन कार्यबल की स्थापना की दिशा में प्रगति का स्वागत किया। वार्ता के दौरान कार्यबल के संदर्भ की शर्तों पर सहमति बनी। वार्ता के बाद अल्बनीज ने घोषणा की कि ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों को भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया बेंगलुरु में एक नया महावाणिज्य दूतावास खोलेगा। भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और वैश्विक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ अपनी लगातार हो रही बैठकों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों की गहराई को दशार्ता है। निश्चित ही आस्ट्रेलिया से भारत के बेहतर संबंध से भारत को हिंद महासागर में सामरिक सहयोग भी प्राप्त होगा जहां चीन अपनी गतिविधियां तेज कर रहा है। संभावनाओं के नये द्वार इस दौरा से खुलने की उम्मीद और बढ़ गयी है।

# कश्मीर हमारा है

भारत ने जी-20 की टूरिज्म वर्किंग ग्रुप का बैठक कर यह बता दिया कि कश्मीर भारत का है और भारत का अभिन्न अंक रहेगा। जी-20 सम्मेलन से जी-7 सम्मेलन तक में भारत की प्रभावपूर्ण उपस्थिति इस तथ्य का परिचायक है। कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किये जाने और जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने का पाक और चीन पुरजोर विरोध करते रहे हैं। इतना ही नहीं, इस्लामिक देशों के संगठन में तुर्की व इंडोनेशिया तक हमारी कश्मीर नीति के मुखर विरोधी रहे हैं। अब श्रीनगर में हो रही जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक का पाक के साथ चीन द्वारा बहिष्कार किया जाना बताता है कि चीन कितना हमारा विरोधी देश है। जो निस्संदेह चीन के दोहरेपन को ही उजागर करता है। प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि अपने पड़ोसियों की जमीन हड़पने के लिये कुख्यात चीन किस मुंह से भारत के अटूट हिस्से कश्मीर पर सवाल उठा रहा है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना भारत का अंदरूनी मामला था। चीन द्वारा 1962 में अवैध रूप से कब्जायी भारतीय जमीन तथा 1963 में पाक के साथ समझौते से हासिल हजारों वर्ग किलोमीटर जमीन को भारत ने कभी मान्यता नहीं दी। इतना ही नहीं, चीन अपनी महत्वाकांक्षी बहुराष्ट्रीय योजना वन बेल्ट, वन रोड योजना को इस विवादित क्षेत्र में अंजाम देता रहा है। यह योजना पाक अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरती है। जबकि खुद चीन का अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के उल्लंघन का रिकॉर्ड शर्मनाक ही रहा है। बहरहाल, चीन, पाक व तुर्की आदि के जी-20 सम्मेलन के बहिष्कार के बावजूद भारत द्वारा इसे सफलतापूर्वक आयोजित करना, भारत की साख को बढ़ाने वाला ही है। लेकिन भारत ने साफ संकेत दे दिया है कि कश्मीर भारत का है और जी-20 देशों के पर्यटक समूह की बैठक कर दुनिया को बता भी दिया है।

# सांस्कृतिक पुनरुत्थान के पथ पर मध्यप्रदेश





-लोकेन्द्र सिंह

> मध्य प्रदेश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गति में तीव्रता 2016 के बाद दिखायी देती है, जब उज्जैन में आयोजित "सिंहस्थ" के दौरान वैचारिक कुंभकी महान परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया। वैचारिक महाकुंभ से निकले अमृत स्वरूपी 51 मार्गदर्शक बिंदुओं के प्रकाश में सरकार ने आगे बढ़ना शुरू किया। "महाकाल लोक" का निर्माण भी उन्हीं 51 बिंदुओं में से एक था।

**पिछले** आठ-दस वर्षों का सिंहावलोकन करने पर ध्यान आता है कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का दौर है। इस अमृतकाल में भारत अपने "स्व" की ओर बढ़ रहा है। अयोध्या में भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। श्रीराम ने जिस संघर्ष और धैय के मार्ग को चुना था, उनके भक्तों ने भी मंदिर निर्माण के लिए उसी का अनुसरण किया। अब बेहिचक सरयू के तट पर दिव्य दीपावली मनायी जाती है। केदारधाम से लेकर काशी के विश्वनाथ मंदिर और अवंतिका (उज्जैन) में बाबा महाकाल का लोक साकार रूप ले रहा है। भारत जब करवट बदल रहा है, तब मध्य प्रदेश सांस्कृतिक पुनर्जागरण की बेला में कहां पीछे छूट सकता है।

मध्य प्रदेश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की गति में तीव्रता 2016 के बाद दिखायी देती है, जब उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ के दौरान वैचारिक कुंभकी महान परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया। वैचारिक महाकुंभ से निकले अमृत स्वरूपी 51 मार्गदर्शक बिंदुओं के प्रकाश में सरकार ने आगे बढ़ना शुरू किया। "महाकाल लोक" का निर्माण भी उन्हीं 51 बिंदुओं में से एक था। शिवराज सरकार ने महाकाल लोक को साकार करके भारत की प्राचीन संस्कृति, उसके दर्शन एवं शिक्षाओं को समाज तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य किया है। महाकाल लोक के दर्शन के लिए लगातार बहुत बड़ी संख्या में देश-प्रदेश से लोग पहुंच रहे हैं। ये सब दर्शनार्थी/पर्यटक अपने साथ यहां से क्या लेकर जाते होंगे? निःसंदेह, भारत की ज्ञान-परंपरा और जीवनमूल्यों को सीखकर ही जाते होंगे। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध सरकार ने महाकाल लोक को मिल रहे जन-प्रसाद से उत्साहित होकर, सांस्कृतिक पुनरुत्थान की अगली कड़ी में ओरछा में श्रीराम राजा कॉरिडोर एवं वनवासी राम लोक, जाम सावली में हनुमान धाम, सलकनपुर में देवी लोक, दतिया में माई पीतांबरा का धाम और श्रीराम वन गमन पथ का निर्माण होना है। वहीं, ओंकारेश्वर में जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य की स्मृति में एकात्म धाम का विकास लगभग पूर्णता की ओर है। एकात्म धाम के विशाल परिसर में सात केंद्र बनेंगे, जो भारत के वास्तु और स्थापत्य कलाओं पर आधारित होंगे। यहां आचार्य शंकर की जीवन यात्रा पर केंद्रित संग्रहालय तो बनेगा ही, यह स्थान अद्वैत का शोध-संस्थान भी बनेगा। याद रखें कि ओंकारेश्वर आचार्य शंकर की ज्ञान स्थली है। यह वही स्थान है, जहां से अद्वैत दर्शन की शिक्षा प्राप्त करके उनके जीवन की महायात्रा आरंभ हुई थी। मूल रूप से उसी अद्वैत दर्शन के लोकव्यापीकरण की दिशा में एकात्मधाम को विकसित किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश सरकार श्रीराम वनगमन पथ के निर्माण की दिशा में भी निर्णायक कदम बढ़ा चुकी है। वनवास के कालखंड में प्रभु श्रीराम जहां से गुजरे थे, उस मार्ग को विकसित करने की मांग हिन्दू समाज की ओर से काफी समय से की जा रही है। विभिन्न सरकारों ने भी कई बार राम वन गमन पथ के निर्माण की घोषणा की है लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल कभी नहीं हुई। पहली बार मध्य प्रदेश सरकार ने ठोस पहल करते हुए श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास का गठन करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि अपने 14 वर्षीय वनवास के दौरान भगवान श्रीराम की उपस्थिति सबसे अधिक समय तक मध्य प्रदेश में रही। एक प्रकार से राम की कृपा प्राप्त करने में मध्य प्रदेश सौभाग्यशाली रहा है। यहां राम ने 11 साल 11 महीने और 11 दिन का समय गुजारा। प्रदेश में सतना जिले के चित्रकूट से राम की वन की यात्रा शुरू होती है। कामतानाथ मंदिर चित्रकूट से राम स्फटिक शिला और गुप्त गोदावरी के बाद सती अनुसुइया आश्रम पहुंचे। इसके बाद सलेहा मंदिर पन्ना, मैहर से होते हुए कटनी जिले के बड़वारा से होते हुए राम जबलपुर के शाहपुरा पहुंचे। जबलपुर के ग्वारी घाट से भी राम गुजरे हैं। यहां से सतना जिले के राम मंदिर तालाधाम से शहडोल के सीतामढ़ी और फिर अमरकंटक पहुंचे। चूंकि सबसे अधिक समय राम ने मध्य प्रदेश में गुजारा इसलिए राम पथ का निर्माण मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी भी है। यह सुखद है कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार आनंद के साथ अपनी इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए आगे आई है।

यह जो सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है, यह देश-प्रदेश की सर्वांगीण उन्नति का आधार भी बनेगा। भारत की एकता एवं अखंडता का सूत्र भी हमारी संस्कृति है। प्राचीन इतिहास के पृष्ठ भी जब हम उलटकर देखते हैं, तब हमें ध्यान आता है कि आचार्य चाणक्य से लेकर आचार्य शंकर तक ने भारत को शक्ति सम्पन्न एवं एकजुट करने के लिए संस्कृति का ही आधार लिया। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने भी अपने समय में देश को जोड़ने और एकात्म स्थापित करने के लिए सांस्कृतिक पक्ष पर ही काम किया। ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध देशभर में चल रहे आंदोलनों का प्राण भी संस्कृति थी। भारत भूमि के साथ उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम तक जो हमारा नाता है, उसका भी आधार संस्कृति है। दुनिया में भारत की संस्कृति ने ही सबसे पहले कहा था कि सबके मूल में एक ही तत्व है। जड़-चेतन में एक ही ब्रह्म है। इसलिए ही भारत में बाहरी तौर पर तो विविधता दिखाई देती है, किंतु अंदर से सब एक-दूसरे से जुड़े हैं। क्योंकि, सब मानते हैं कि सबमें एक ही तत्व है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ने विश्व में जो सम्मान प्राप्त किया है, वह आर्थिक प्रगति से कहीं अधिक अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के नाते किया है। यदि भारत अपनी संस्कृति को ही संभालकर नहीं रख सका, तब उसकी पहचान क्या रह जाएगी? विश्व में भारत राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति से रही है। संस्कृति भारत की आत्मा है। भारत की एकता का मुख्य आधार भी संस्कृति ही है। भारत की जो आत्मा है, जिसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने चिति कहा है, वह इस देश की संस्कृति है। गांधीवादी चिंतक धर्मपाल ने भी अपनी पुस्तक भारतीय चित्त, मानस और काल में भारत के सांस्कृतिक पक्ष को रेखांकित करते हुए उसके मूल को समझाने का प्रयास किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जब तक हम भारत के चित्त को नहीं समझेंगे, उसे जानेंगे नहीं और

## खास बात

### योग के साधन

**स्वामी मुक्तरथ**



**योगसाधन** के उपाय में यह बतलाया गया है कि पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैं:- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार को विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।

पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, जिसके अनुसार शरीर के अंदर अनेक प्रकार के चक्र आदि कल्पित किए गए। क्रियाओं का भी अधिक विस्तार हुआ और हठयोग की एक अलग शाखा निकली; जिसमें नेति, धौति, वस्ति आदि षट्कर्म तथा नाड़ीशोधन आदि का वर्णन किया गया। शिवसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता आदि हठयोग के ग्रंथ है। हठयोग के बड़े भारी आचार्य मत्स्येंद्रनाथ (मछंदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

**पिछली** सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे।

मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।


**- आदित्यनाथ योगी**

## रोचक ट्वीट

**ड्रोन** की बहुआयामी उपयोगिता का लाभ देश को मिले, ड्रोन स्टार्ट अप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जी सतत प्रयत्नशील हैं।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**समय** मूल्यवान सत्ता है। समय अर्थात जीवन, समय का अपव्यय परोक्षतः जीवन का ही अपव्यय है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।

**-अवधेशानंद गिरी**

# उपासना

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**क्या** आप कहेंगे कि पश्चिम में वे पूरन सन्न्यसीन, जो संसार में रहते हैं, वह तांत्रिक अस्तित्व जी रहे हैं? तांत्रिक जीवन शैली और कर्म सन्यासी में क्या अंतर है?

तंत्र के अलग अलग दृष्टिकोण हैं। यह प्रश्न वामाचार, बाएं हाथ का रास्ता है, जो तंत्र के विभिन्न पहलुओं में से एक है। उदाहरण के लिए, सिद्धांतचार एक तंत्र है जिसमें मनोवैज्ञानिक ध्यान मुख्य विषय है। इस राह में एक समय के लिए दुनिया से पूरी तरह अलग रहना पड़ता है, और बस अपने व्यक्तित्व से गहराई से काम करना पड़ता है, ताकि मनोविज्ञान को पहचान सकें और जानना हो। सिद्धांतचरा में इसे प्राप्त करने के लिए विशिष्ट दिशा निर्देश और तकनीकें दी जाती हैं। तंत्र का एक और पहलू वेदांताचार्य है। इस व्यवस्था में एक ऐसी जीवनशैली भी शामिल है जो सामाजिक वातावरण से अलग है। यहां कुंडलिनी योग की परिभाषित साधनाओं के माध्यम से और ध्यान के विशिष्ट साधनाओं के माध्यम से कुंडलिनी को जागृत करने और इच्छाशक्ति के बल के माध्यम से चेतना के स्तर को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। फिर आता है योगचार का मार्ग, जो विशिष्ट क्षेत्र है जहां योग तंत्रों से विकसित हुआ है। तो दक्षीचर आता है, तंत्र का दाहिना रास्ता, जिसमें एक संतुलित जीवन शैली शामिल है, जिसमें चेतना के सतही स्तर के तहत ज्ञान के पहलू को महसूस करने का प्रयास किया जाता है ।तब आती है उपासना जो अन्तर्मन की उपासना और कर्मकाण्ड है जो कर्म का कर्म नहीं बल्कि इस अनुभव का व्यापक संदर्भ में क्रियान्वयन है।

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध से कराहता यूक्रेन



# समाज का विकास और राज्यों के आर्थिक विकास का संबंध

**नागेन्द्र सिंह**

**आर्थिक** वास्तविकता एवं समाज के आर्थिक अनुबंध (रूसो के शब्दों में) का अंग सरकार, उद्योग जगत और उपभोक्ताओं की तिकड़ी होती है और इस पर मीडिया एवं न्यायपालिका का प्रभाव भी होता है। एक समन्वित दृष्टिकोण से आर्थिक बहाली की बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। उत्पादों एवं सेवाओं पर लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को एक उदाहरण के तौर पर देखें। किसी भी दर पर सरकारी संग्रह उस समय बढ़ जाता है जब उत्पाद या सेवा की आपूर्ति बढ़ती है। लेकिन कीमत बढने पर अमूमन उस सेवा या उत्पाद की मांग घट जाती है। बाजार साम्यावस्था मांग एवं आपूर्ति स्तरों पर निर्भर दाम पर उपभोक्ता को लगने वाले मूल्य के एक स्तर पर होगी। इसके विपरीत जीएसटी की दरें कम होने का मतलब मांग बढ़ने होता है। महंगे उत्पादों के मामले में दर कम होने पर सरकार का जीएसटी संग्रह बढ़ जाता है। इसकी वजह यह है कि कर की दर बढ़ने पर एक स्तर के बाद बिक्री राजस्व में गिरावट आने लगेगी जिसका नतीजा जीएसटी संग्रह में कमी के तौर पर सामने आएगा।

जहां सरकारी खजाना कर संग्रह पर निर्भर होता है, वहीं सरकार का उद्देश्य सत्ता में बने रहने के अलावा सार्वजनिक हित को बढ़ाना भी होना चाहिए। जब संग्रहीत कर तर्कसंगत होने के साथ जनहित में भी योगदान देते हैं तो उत्पादों एवं सेवाओं की चुकाई कीमत के बारे में उपभोक्ता के नजरिये के साथ साम्यता होती है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकारी कोष से जन कल्याण के लिए किया जाता है। किसी उत्पाद या सेवा के लिए एक सर्वोत्कृष्ट जीएसटी दर मानी जाती है जो समाज के लिए सार्वजनिक लाभ को अधिकतम कर दे। कर की ये दरें विनिर्माण एवं आवश्यक सेवाओं के प्रमुख क्षेत्रों को प्रभावित करती हैं। एक उदाहरण से इसे समझते हैं। कारों एवं ऑटो उपकरणों के विनिर्माण में भारत की क्षमता पिछले कई वर्षों में व्यवस्थित ढंग से तैयार हुई है। वर्ष 2018 में 323 अरब डॉलर के कुल निर्यात का 5 फीसदी से थोड़ा अधिक हिस्सा वाहन निर्यात का था जबकि 2 फीसदी हिस्सा वाहन कलपुर्जों का था। हालांकि कई कारणों से बिक्री में सुस्ती रही जिनमें जीएसटी व्यवस्था में ढलने से जुड़ी समस्याओं की भी कुछ भूमिका रही। वाहनों एवं कलपुर्जों पर जीएसटी दर को 28 फीसदी रखने के पीछे अधिक राजस्व जुटाने का मकसद था। लेकिन जीएसटी प्रणाली की जटिल संरचना एवं इसके क्रियान्वयन संबंधी अड़चनों ने जुलाई 2018 के बाद बिक्री को कम कर दिया। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, सख्त प्रदूषण मानकों को अपनाने और सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जुड़ी समस्याओं ने भी हालात को बिगाड़ने का काम किया। जीएसटी प्रणाली से जुड़ी मुश्किलों ने वाहनों के निर्यात को भी प्रभावित किया। जीएसटी की दरों के बारे में विचार करने के कई परिप्रेक्ष्य हैं।

पहला, अगर दरों को 28 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी या 5 फीसदी पर लाया जाता है तो राजस्व पर पड़ने वाले उसके असर को ध्यान में रखना होगा। (अ) वाहन बाजार की अगुआ मारुति सुजूकी पर ऊंची कर दरों से प्रभावित होने की संभावना नगण्य है क्योंकि अस्थायी तौर पर बिक्री सुस्त है और उसने अपनी क्षमता पुराने निवेश से स्थापित की है। भारत के अगले 10 वर्षों में एक ठोस बाजार एवं एक मजबूत विनिर्माण आधार के रूप में तब्दील होने की उम्मीद करते हैं तो भी इस अंतरिम अवधि में नियामकीय अनिश्चितता और अपर्याप्त ढांचे की वजह से उनका उत्साह इस हद तक फीका पड़ सकता हैं। भारत यह मानकर नहीं चल सकता है कि यह स्वभावतः चीन का विकल्प है।

## समाज

# टूट रहा है हाट बाजार का सामाजिक ताना-बाना

**सुधीर विद्यार्थी**

**गांव** के हाट-बाजारों की शक्ल अब बदल गई हैं। वे प्रायः मझोले किसान होते और अपनी फसल का थोड़ा-सा हिस्सा बेचने के लिए बैलगाड़ियों में लादकर लाते। छोटी जोत की किसानी करने वाले अपने सिरों पर अनाज रखकर, उसकी बिक्री कर और अपनी जरूरत का सौदा-सुलुफ बांधकर घर लौट जाते। कई बार यह खरीदारी इतनी कम होती कि उन चीजों की खपत दो-तीन दिनों में ही हो जाती और फिर अगले बाजार का बेचैनी से इंतजार होता।

वहां बिकने वाली वस्तुओं में दाल, मसाले, गुड़, सरसों, मिट्टी का तेल, कुप्पी, साबुन, कंघी और बिसातखाने के दूसरे छोटे-बड़े सामान, कपड़ा, आलू-सब्जी की दुकानें तथा नाई से हजामत बनवाने का भी काम होता। पान और चाट के नुक्कड़ भी सज जाते। मांस-मछली की बिक्री होती, तो भीड़ से थोड़ा हटकर बैलों और घोड़ों के नाल लगाने तथा उनकी पूंछों के बाल कतरने वाले अपने कारोबार में जुटे होते। कोई एक दवाखाना भी उसी घेरे में आ जमा होता। पहले इन बाजारों में मिट्टी के बर्तन भी बिकते देखने को मिल जाते थे, पर अब छोटे घरों में भी उनकी पहुंच नहीं रही। प्लास्टिक ने कुम्हारों की कला को विस्थापित कर दिया है। बाजार में खरीदारों की आवाजों का मिला-जुला शोर बाजार के चरित्र का एक खास और स्थायी हिस्सा होता, जिसे चीन्हना इन दिनों कठिन हो गया है।

गांव में तीसरे दिन या सप्ताह भर में जुड़ने वाले इन बाजारों में अब गंवई स्त्री-पुरुष नहीं आते। मोटे अनाज की पैदावार घटने पर बिक्री के लिए बाजार तक उनका पहुंचना मुहाल होने लगा है। जरूरत की चीजों की खरीदारी के लिए लोग अब मोटर वाहनों से निकटवर्ती कस्बों में जाने लगे हैं। जो पक्की सड़कें गांव के निकट से गुजर कर शहर की तरफ जाती हैं, उनके किनारे बड़ी संख्या में दुकानें उग आई हैं, जिनसे देहात के बाजारों की रौनक कम होने के साथ वहां लोगों की उपस्थिति घटी है। ठंडे पेय और पैकटबंद चीजें बेचने वालों ने अब बाजार की नई संस्कृति विकसित की है। यहां हाट-बाजारों की भांति देहात के लोग मोल-भाव कर चीजें नहीं खरीद सकते। गांव में सब्जी पैदा करने वाले किसान भी अब अपना उत्पाद लेकर मंडी जाते हैं या फिर बिचैलिया उन्हें सीधे खेत से ही उठा लेता है। मुक्त अर्थव्यवस्था ने गांव के ढांचे को ही तोड़ा-बदला नहीं, परंपरागत हाट-बाजार के परिदृश्य को भी उलट दिया है। खेतों में पैदा मूली, गाजर, आलू, लौकी, तुरई-सब कुछ अब शहर के मॉल में चमकीली पन्नियों में बिकने लगी है। देहाती बाजार अब उजड़ गए हैं। दुकानदारों और ग्राहकों के बीच जमा-जमाया रिश्ता भी दरका है। नए बाजार की संस्कृति अब गांव के छोटे हाट-बाजारों को पनपने भी नहीं देना चाहती। वह अपने व्यावसायिक शातिरपने से उन्हें वीरान करने पर आमादा है। गांव में छोटी जोत वाला बड़े लोगों से अपनी घर-गिरस्ती चलाने के लिए जो उधार-कर्ज लेता था, उसे निपटाने के लिए उसके पास साप्ताहिक बाजार में अनाज बेचकर देने का रास्ता होता था, जिसे नए बाजार ने बंद कर दिया है। एक समय बाजार स्वयं चलकर गांव आता था। तब अनाज के बदले चीजों की खरीदारी का चलन था। रसोई का सामान, मसाले, बरफ, चाट, धान का चूरा जैसी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार बड़ा दिलचस्प था।

## लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

**यह** एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम पीटा जाना दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

**अनुराधा, गढ़वा**

### अपराध पर अंकुश

**ऐसा** इसलिए कि लगभग दो दशकों तक केंद्र में अल्पमत या गठबंधन की सरकार होने और राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रहने से अपराधी और षड्यंत्रकारी बेकाबू हो चुके थे और सूबाई जेलों को उन्होंने अपना सुरक्षित अड्डा बना लिया था। अब भी अधिकांश छोटे-बड़े राज्यों में जहां भाजपा विरोधी सरकारें हैं वहां ऐसे तत्व ज्यादा सक्रिय हैं। इन पर कार्रवाई आवश्यक है। **-दीपू सिन्हा, रांची**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### संघर्ष से ही मिलेगी सफलता : विधायक



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के मांझाटोली स्थित जय किसान 10+2 स्कूल में दो दिवसीय धर्म प्रांतीय कैथोलिक युवा सम्मेलन - 2023 मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतु उरांव शामिल हुए। विधायक ने कहा कि संघर्ष से ही सफलता का रास्ता तय किया जा सकता है। इसलिए युवा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने युवाओं का हौसला बढ़ाया और प्रेरणा दिया। मौके पर आशिक अंसारी, राजू रंजन महतो, मोहम्मद खालिद शाह, मो कलाम आलम, फिरोज आलम, राम निवास प्रसाद, हंदु भगत, दीपक कुमार, मो सदाब, तरुण गोप उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ संघ का प्रदर्शन




**घाघरा।** आदिवासी छात्र संघ ने घाघरा प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया और राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौपा। आवेदन में कई मांगें रखी गयी। जिसमें जमीन ऑनलाइन की त्रुटि को तत्काल सुधार कर पुनः खतियान जांच कर ऑनलाइन करने, पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभा को लागू करने, सरकारी अस्पताल की लचर व्यवस्था में सुधार कर लोगों को बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने की मांग की गई। मौके पर मानती उरांव, पवन भगत, सुखराम भगत, राजेश भगत, संकर टोप्पो, जलेश्वर उरांव, गौरी उरांव, सुनीता उरांव, सावित्री उरांव, संजय गोप, सुशील गोस्वामी, लक्ष्मण महतो, राजू उरांव, विजय उरांव, राजू उरांव, सुरेंद्र उरांव मौजूद थे।

### सेन्हा : वज्रपात से मवेशी की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत हेसवे ग्राम में गर्मी को देखते हुए पेड़ के नीचे किसान ने मवेशी को बांध रखा था। वही अचानक मौसम का बदलाव हुआ और तेज हवा के साथ बारिश होने लगा। जिसे तेज गर्जन के साथ वज्रपात होने पर पेड़ के नीचे बंधा मवेशी वज्रपात के चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही मवेशी की मौत हो गयी। कुछ समय पहले सराफत उसे बांध कर गया था।

### डुमरी में 15 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सफल बनाने के लिए प्रखंडकर्मी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार और खासकर युवाओं ने सहयोग किया। शिविर में 15 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। उक्त शिविर बीडीओ एकता वर्मा व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अलबेल केरकेट्टा के सहयोग से किया गया। रक्तदान करने वालों में अभिषेक कुमार, ताराचंद जायसवाल, राहुल केशरी, मुन्ना लोहरा, सुकेश पतरस टोप्पो, रोज मेरी बाड़ा, जयमंगल मिंज, डॉक्टर अविनाश कुमार, भागवत कुमार, विजय केरकेट्टा सहित कई अन्य लोगों ने रक्तदान किया। डॉ अलबेल केरकेट्टा ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से सेहत स्वास्थ्य रहता है। रक्तदान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे से बचा जा सकता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। शिविर में डॉ अलबेल केरकेट्टा, बीपीएम राजेश केरकेट्टा, राकेश कुमार सिंह, अंजू किंडो, रितेश पाठक, पवन चिक बड़ाइक व कई लोग उपस्थित थे।

### सीएसआर मामलों को लेकर समीक्षा बैठक

**गुमला।** सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। पूर्व में दिये गये निर्देश के आलोक में प्रबंधक (सीएसआर) हिंडाल्को कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 -23 में शिक्षा, स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि क्षेत्रों में कार्य किया गया है। इस दौरान बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीएसआर अंर्तगत किए जाने वाले कार्यों की योजना पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022 23 के बचे हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा। बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी, जीएम डीआईसी, एसीएमओ, हिंडालको लोहरदगा प्रबंधक उपस्थित थे।

### सामाजिक मुद्दों को भी ग्राम विकास योजना में समाहित करें : बीडीओ



**डुमरी।** सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत प्रखंड प्रशासन डुमरी के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय पंचायती राज्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम प्रखंड सभागार में शुक्रवार को आरंभ हुआ। इस दौरान पंचायती राज्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं अधिकारी सामाजिक मुद्दों को भी ग्राम विकास योजना में समाहित करें और एक-एक गांव को फोकस करते हुए आदर्श गांव बनायें। आप सभी लोग अपने अपने पंचायत में नशापान, डायन प्रथा को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं तथा युवाओं को सरकार के योजनाओं से जोड़ने के लिए पहल करें। प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि ग्राम सभा में पूरे प्रक्रिया के साथ योजना का निर्माण करें।

# संवैधानिक-मौलिक अधिकार मांगने सड़क पर उतरे पिछड़ी जाति के लोग

- पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के आह्वान पर गुमला जिला में आर्थिक नाकेबंदी रहा सफल, बंद के दौरान थम गई जिंदगी की रफ्तार
- वाहनों का परिचालन रहा पूरी तरह ठप, स्वतः ही दुकानदारों ने अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख पिछड़ी जाति के लोगों का किया समर्थन
- रोस्टर प्रणाली में आरक्षण देने व बिहार के तर्ज पर पिछड़ों को राज्य में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग





1. गुमला शहर के टावर चौक में सड़क जाम किये पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्य। 2. पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के आह्वान पर गुमला मेन रोड की बंद पड़ी दुकानें और 3. रायडीह में सड़क जाम कर बैठे लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार को अपने संवैधानिक व मौलिक अधिकार की मांग को लेकर पिछड़ी जाति के लोग सड़क पर उतरकर आर्थिक नाकेबंदी करते हुए जिंदगी की रफ्तार रोक दी। मामला झारखंड राज्य के सात जिलों में रोस्टर प्रणाली के तहत आरक्षण सरकार के द्वारा शून्य किये का है। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति राज्य के सात जिलों में रोस्टर प्रणाली में पिछड़ों को आरक्षण देने, बिहार की तर्ज पर झारखंड में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग कर रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को आर्थिक नाकेबंदी का आह्वान किया था। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के आह्वान पर सभी दुकानदारों ने अपना सहयोग प्रदान किया और स्वतः ही अपनी दुकानें बंद रखकर सरकार के कानों तक पिछडों का दर्द पहुंचाने में योगदान दिया। बंद के मद्देनजर वाहनों के पहिए थमे रहे। यात्री बसों का परिचालन गुमला बस पड़ाव से नहीं हुआ। शहर के सभी पेट्रोल पंप बंद रहे। बंद को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्य सुबह 6 बजे से सड़कों पर उतर गए थे और विभिन्न मार्गों में घूम घूम कर वाहन रोकी और दुकानें बंद करायी। उसके बाद शहर के मुख्य मार्गों को वाहनों को आड़ा तिरछा लगाकर जाम कर दिया। शहर के टावर चौक, पटेल चौक, पालकोट रोड आदि स्थानों पर वाहनों के माध्यम से ही बंद समर्थकों ने सड़क को जाम किया। यात्री वाहनों के पहिया थम जाने से बाहर जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री घंटों बस पड़ाव में खड़े होकर यात्री वाहनों का इंतजार करते दिखे। वहीं बंद समर्थक छोटे-छोटे समूह बनाकर दोपहिया वाहनों व शहर के मुख चौक चौराहों पर जमघट लगा कर बंद को सफल बनाने में लगातार जुटे रहे।

**खास बातें :** राज्य के 7 जिलों में रोस्टर प्रणाली के तहत पिछड़ी जाति को आरक्षण शून्य कर दिया गया है। जिसे लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति सड़क पर आंदोलनरत है। जब तक आरक्षण पिछड़ों को नहीं दिया जायेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा और आंदोलन को और गति देने की बात पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्यों ने कही है। इधर, जिले के प्रखंडों में भी आरक्षण की मांग को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्य सड़कों पर निकले और घंटों सड़क जाम कर राज्य सरकार से आरक्षण देने की मांग की। जिले के चैनपुर, डुमरी, रायडीह, जारी, बिशुनपुर, घाघरा, सिसई, भरनो, कामडारा, बसिया व पालकोट प्रखंडों में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का आर्थिक नाकेबंदी पूर्णता सफल रहा। बंद को सफल बनाने में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय संरक्षक मुनेश्वर साहू, केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू, जिलाध्यक्ष अशोक यादव, केंद्रीय कोषाध्यक्ष शिवदयाल गोप, जिला सचिव बाबूलाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष सतीश साहू, रमेश केसरी, विनोद साहू, अनमोल गुप्ता, दिनेश यादव, आमिर रवानी आदि भी थे।

जिले के पारंपरिक उद्यमियों के विकास को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, बोले

# गुमला के माटी शिल्पकारों को मिलेगा इलेक्ट्रिक चाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के पारंपरिक उद्यमियों के विकास को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री लघु व कुटीर उद्यम विकास बोर्ड एवं उद्योग विभाग, जेएसएलपीएस, नाबार्ड एवं हिंडालको के कार्यों की समीक्षा बैठक उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्त ने खनन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सारंगो में बांस कारीगरों के बीच मॉडर्न बांस शिल्पकारी से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का



बैठक में जानकारी लेते और निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव।

निर्देश जिला उद्यमी समन्वयक एवं हिंडालको सीएसआर मैनेजर को दिया गया। वहीं जिले में बने 08 सीएफसी भवन (बांस कला केंद्र) पर सोलर लाइट की व्यवस्था करने की भी बात कही। उपायुक्त ने जिला महाप्रबंधक, जिला उद्यमी समन्वयक, उद्योग केंद्र गुमला को निर्देश दिया कि जिले में छोटी इकाई के रजिस्ट्रेशन के साथ जेएसएलपीएस व नाबार्ड, जिले के प्रोड्यूसर कंपनी व बांस शिल्प विकास केंद्र का भी उद्योग रजिस्ट्रेशन करायें।

**खास बातें :** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के लघु उद्यमियों को आत्म निर्भर बनाने एवं उनकी आर्थिक स्थिति को उन्नत रूप देने हेतु बांस कारीगर के साथ ब्रास क्लस्टर बसिया में सीएफसी भवन, गुमला प्रखंड के माटी शिल्पकारों के लिए मिट्टी कला क्लस्टर का निर्माण, झारखंड की सांस्कृतिक पहचान मांदर के लिए मांदर शिल्प विकास केंद्र बनाया जायेगा। इसके लिए जिला उद्यमी समन्वयक को प्रस्ताव बनाने को कहा गया। उपायुक्त ने कहा कि जिस प्रकार से जिले के बांस कारीगरों को बेहतर टूल किट उपलब्ध कराते हुए उनकी आमदनी को बढ़ाया गया है। उसी प्रकार जिले के माटी शिल्पकारों को इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त ने जेम पोर्टल से इलेक्ट्रिक चाक खरीदारी करते हुए सभी माटी शिल्पकारों में बांटने का निर्देश दिया।

# भंडरा के टोटो में भुतहा तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

- गांव मे छाया मातम, परिजनों हुए रो-रोकर बेहाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** मसमानो पंचायत के टोटो गांव में मछली मारने गये दो सगे भाइयों की शुक्रवार सुबह डोभा में डूबने से मौत हो गयी। मृतक टोटो गांव के कार्तिक उरांव के श्रीनाथ उरांव (10) और श्रीकांत उरांव (8) उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टोटो के छात्र थे। बताया जाता है सुबह 11 बजे खाना खाने के बाद दोनों बच्चे घर से कुछ दूर खेत के तालाब पर गांव के अन्य लोगों के साथ सामूहिक रूप से मछली मारने गये थे। इसी क्रम में वे दोनों कपड़ा खोलकर तालाब के एक छोर में स्नान करने लगे। इस दौरान दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गयी।




घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी और पुत्रों की मौत से मर्माहत परिजन।

**कैसे हुआ खुलासा :** मछली मारते हुए कुछ देर बाद लोगों को अहसास हुआ कि दोनों बच्चे नहीं दिख रहे हैं। गांव के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी बीच लोगों ने देखा कि दोनों पानी में डूबे हुए हैं। पानी से बाहर निकाल कर ग्रामीणों ने पेट से पानी निकलने का प्रयास किया। तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पंहुचाया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। गांव में मातम की स्थिति है। इधर, पुलिस ने गांव पहुंचकर घटना की छानबीन की। स्वजनों व गांव के लोगों से पूछताछ की गयी। स्वजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

- कार्तिक उरांव दंपति के मात्र यही दोनों संतान थे दोनों बच्चों के मृत्यु से कार्तिक उरांव दंपति संतान दिन हो गया स्थानीय लोगों ने बताया कि दंपति के द्वारा परिवार नियोजन कराया गया जिससे पुणे गणपति संतान भी प्राप्त नहीं कर सकता है।
- टोटो गांव में एक ही परिवार के दो बच्चों के आकस्मिक निधन हो जाने से गांव में शोक की स्थिति है। इस दुखद स्थिति में भी परिवार को सांत्वना देने के लिए पंचायत के मुखिया को छोड़कर कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक पदाधिकारी नहीं पहुंचे।

### भंडरा में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश

**भंडरा।** प्रखंड में शुक्रवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक तेज हवा के साथ मुसलधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। तेज हवा से लोगों का घरों के आस पास लगे सेड उड़ गया। वही पेड़ पौधों को भी क्षति हुई है। आम एवं लीची के फसल को नुकसान हुआ है। एक घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। तापमान 8 डिग्री कम हो गयी। लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस बारिश से कृषि कार्य को भी लाभ होने की संभावना बतायी जा रही है। खेतों में लगे सब्जी फसलों को सबसे ज्यादा लाभ होने की बात किसान बता रहे हैं। दूसरी और किसान इस बारिश को भदई फसल के लिए खेत की तैयारी करने के लिए उपयुक्त मान रहे हैं।

# घाघरा: पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के बंद का दिखा व्यापक असर

- यात्रियों और राहगीरों के लिए जाम स्थल पर की गयी खिचड़ी की व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति ने शुक्रवार को ओबीसी आरक्षण शून्य करने के विरोध में घाघरा बंद का व्यापक असर रहा। इस दौरान अहले सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में ओबीसी वर्ग के महिला व पुरुष चांदनी चौक पहुंच चक्का जाम कर दिये। जिसके बाद वाहनों की लंबी कतार लग गयी। रांची छत्तीसगढ़ नेतरहाट मार्ग पूरी तरह जाम कर दिया गया और नारेबाजी की गयी। हेमंत सरकार होश में आओ, ओबीसी को आरक्षण देना होगा, पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस दौरान संघर्ष समिति के



पदाधिकारियों ने गर्मी को देख जाम में फंसे राहगीरों व आम लोगों के लिए पानी के साथ-साथ खाने के लिए खिचड़ी की व्यवस्था की थी। जहां लगभग हजार से अधिक की संख्या में लोगों ने खिचड़ी खायी। छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज के जिला प्रवक्ता विजय साहू भी मौके पर मौजूद थे।

# जिलावासियों ने बंद को सफल बनाया इसके लिए उन सबका आभार: रितेश

- पिछड़ी जाति वर्ग संघर्ष समिति के कराये गये बंद का दिखा असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीयों को आरक्षण हेतु हेमंत सरकार की भेदभावपूर्ण नीति के विरुद्ध पिछड़ी जाति वर्ग संघर्ष समिति के आह्वान पर राज्य के सात जिलों में शुक्रवार को बुलाये गये बंद को अधिकांश लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ। मोर्चा के आह्वान पर लोग बंद सफल बनाने को लेकर सुबह से ही सड़क पर उतरे, जिसका अधिकांश दुकानदारों ने समर्थन करते हुए कुछ देर के लिए दुकानें बंद रखी। सुबह सात बजे से ही पिछड़ी जाति वर्ग समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बाजार में घूम घूमकर व्यवसायियों से निवेदन कर पूरा जिला में बंद को सफल बनाने में समर्थन



मांगा। जिससे सबके सहयोग से बंद शत प्रतिशत सफल रहा। जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा पिछड़ी जाति को दिया जानेवाला 27% आरक्षण को लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा, दुमका में रह रहे पिछड़ी जातियों को भी देने का काम जल्द करना चाहिए।

### आंधी तूफान में दर्जनों गरीब का उजड़ा आशियाना




**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के डोका करमटोली ग्राम में चार गरीब परिवार का घर का एलबेस्टर तेज आंधी तूफान में उड़ गया जिसे लोगों के बीच रहने की समस्या हो गयी। यह आलम सेन्हा पंचायत ग्राम में भी देखने को मिला, जहां गणेश यादव का गुहार घर तथा नईमा खातून का घर का एलबेस्टर तेज हवा उड़ा ले गया। डोका करमटोली के स्व मघी उरांव का पुत्र सुरेंद्र उरांव, तेवारी भगत पुत्र नारायण भगत, सुकरा उरांव का पुत्र लीलमोहन उरांव और मड़वारी उरांव का पुत्र विकास उरांव के घर का एलबेस्टर उड़ गया। घर में रखा धान, गेहूं, चावल सहित घरेलू उपयोग का अन्य चीजें भींग गया।

### भूदान की जमीन पर तीन पीढ़ी से बसे गरीब परिवार को कैसे उजाड़ा जा रहा है : खुशमन



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डुमरी प्रखंड के नटावल गांव का दौरा किया। मालूम हो कि डुमरी प्रखंड के नटावल गांव के पंचु राम के परिवार को जमींदारों एवं ग्राम सभा द्वारा मिले भूदान की जमीन पर लगभग तीन पीढ़ी से मिट्टी का मकान बनाकर रह रहे हैं। गरीबी एवं अज्ञानता के कारण जमीन का मोटेशन करा नहीं पाए हैं। घर बनने के बहुत दिन बाद गांव में एक विद्यालय भी उसी खाता प्लॉट में बना। अभी राजकीय कृत मध्य विद्यालय नटावल का घेरा बंदी कार्य चल रहा है। घेराबंदी कार्य पंचु राम के घर के पीछे से आसानी से किया जा सकता है। लेकिन डुमरी सीओ एकता वर्मा के द्वारा घर तोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे पीड़ित परिवार के सामने आसियाना उजड़ने एवम बेघर हो जाने का डर उत्पन्न हो गया है।

# भाजपा मंडल घाघरा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक शुक्रवार को छठ नगर घाघरा में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती और 30 मई से 30 जून तक संगठन के महा जनसंपर्क अभियान चलाकर गांव-गांव में लोगों को जागरूक करने और केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा हुई। तेंबू उरांव ने कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर इस महा अभियान में कार्यकर्ता कमर कस लें और अधिक से अधिक गांव में पहुंचकर केंद्र की महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

### सभी प्रखंडों में मेगा लीगल इंपावरमेंट कैंप आज

**लोहरदगा।** जिला के सभी प्रखंडों के कार्यालय परिसर में मेगा लीगल इंपावरमेंट कैंप लगाया जायेगा। सदर प्रखंड का मेगा लीगल इंपावरमेंट कैंप नगर भवन, लोहरदगा (सदर प्रखंड परिसर) में किया जायेगा। यह जानकारी डालसा ने दी।

### एक सप्ताह में 5 घरों से पानी मशीन की हो चुकी है चोरी

**लोहरदगा।** शहर के पतराटोली में टूलू मशीन (पानी मशीन) चोर गिरोह से लोग परेशान है। लोहरदगा के उपनगरीय क्षेत्र पतरा टोली रणबहादुरपुर में कुएं लगे 2 पानी टूलू मशीन को रात्रि में दो घर से अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। जानकारी मिली है कि एक सप्ताह के अंदर 5 घरों के कुआं में लगी मशीन की चोरी हो चुकी है। जिससे आम लोग काफी परेशान और भयभीत है।लोगो ने पुलिस से मामले पर कार्रवाई की मांग की है।

# आरएसएस के पथ संचलन का पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग के निमित्त पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा ललित नारायण स्टेडियम से प्रारंभ होकर बरवाटोली महावीर चौक, बड़ा तालाब, अमला टोली होते हुए सुभाष चंद्र बोस चौक से होते हुए न्यू रोड से ललित नारायण स्टेडियम तक पुनः वापसी कर समापन किया गया। आरएसएस के भव्य पथ संचलन का विभिन्न चौक-चौराहों में स्थानीय हिंदू समाज ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। प्रांत संघचालक ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग पथ संचलन कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के संगत शिक्षा में भाग लेने वाले राज्य के 28 जिलों के स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# 29 मई से मन का मिलन पखवाड़ा का विशेष अभियान चलेगा: पीडीजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सिविल कोर्ट परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभा कक्ष में शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में मिडिएटर, एलएडीसी अधिवक्ता, प्रो बोनो अधिवक्ता, टेले ला अधिवक्ता और पीएलवी की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को जान उचित सलाह दी। उन्होंने 29 मई से 14 जून तक चलने वाले



कार्यक्रम को संबोधित करते पीडीजे व उपस्थित अन्य।

मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवाड़ा के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सिविल कोर्ट परिसर में एक पखवाड़े तक विशेष विधिक जागरूकता शिविर लगेगा। साथ ही आम लोगों को मध्यस्थता से वादों के निष्पादन के बारे में जानकारी दी जायेगी ताकि अधिक मामलों का निपटारा हो सके। यह पखवाड़ा वादों के निष्पादन की अनूठी पहल है। जो आम लोगों के लिए लाभकारी व कल्याणकारी साबित होगी। मध्यस्थता में भाग लेने वाले दोनों पक्षकारों की बातें गोपनीय रहती है। इसमें भाग लेना पक्षकारों की सहमति पर निर्भर है।

**खास बातें :** उन्होंने जून में झालसा के निर्धारित कार्यक्रमों पर चर्चा की। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और 26 जून को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं मिडियटर अधिवक्ताओं ने मध्यस्थता के बारे में विस्तार से बतलाया। मौके पर झालसा, रांची के शैक्षणिक फिल्मों को भी सभी को दिखलाया गया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि नालसा व झालसा कार्यों व योजनाओं को हमसब अपने प्रयासों से धरातल पर उतार रहे हैं किंतु अभी भी बहुत कुछ शेष है। मौके पर अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा, कुमार चंद्रशेखर, प्रवीण कुमार भारती, राज ललित, सुमन भगत, उमेश कुमार, नसीम अंसारी, नारायण साहू भी थे।

# भवन निर्माण विभाग के टेंडर का संवेदकों ने किया बहिष्कार

- बाहर से आये संवेदकों से समय सीमा समाप्त होने के बाद भराया गया टेंडर
- बाहर से आये संवेदकों को रोके जाने पर मामले की जांच करने पहुंचे एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भवन प्रमंडल विभाग के द्वारा तीन योजनाओं को लेकर निकाले गये टेंडर का गुमला जिला संवेदक संघ ने बहिष्कार कर दिया। इस दौरान रांची से आये कुछ संवेदकों ने टेंडर डालना चाहा तो गुमला के संवेदकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस बात की सूचना मिलने पर एसडीओ रवि जैन व गुमला पुलिस भवन प्रमंडल विभाग पहुंची। जहां दोनों पक्षों से



जांच करने पहुंचे एसडीओ व गुमला के संवेदकों को बैठाया गया पुलिस वाहन में।

मामले की जानकारी ली। एसडीओ ने कहा कि आज निविदा पेपर जमा करने का दिन था और बाहर से आये संवेदकों को रोके जाने की सूचना मिली थी। जिसकी जांच वे करने आये हैं। इधर, संवेदक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि जिले में कार्य किये गये योजनाओं में भुगतान नहीं किये जाने के कारण वे दो माह से निविदा का बहिष्कार कर रहे हैं। क्योंकि पैसा का भुगतान नहीं होने के कारण संवेदकों को कई परेशानी से गुजरना पड़ा रहा है। संवेदक संघ के संतोष गुप्ता ने कहा कि गुमला के संवेदकों का निविदा बहिष्कार करने के बाद गलत तरीके से विभाग के द्वारा निर्धारित समय सीमा खत्म होने के बाद टेंडर डलवाया गया है।

स्पीड न्यूज

## उपायुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुने और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके पूर्व फरियादियों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई की मांग की। जनता दरबार मे आयुष्मान कार्ड, गैरमजरूआ खास भूमि का बंदोबस्ती, रास्ता रोकने आदि से सम्बंधित मामले आये। जिस पर उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मामले को जल्द समाधान करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त को आवेदन

**कोडरमा।** जिला ऊर्जा समिति की बैठक आहूत करने को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि, वर्तमान समय में भीषण गर्मी में झुमरीतिलैया नगर सहित जिले के सूदूरवती प्रखण्डों एवं गांवों में 24 घण्टे में मात्र 4 से 5 घण्टे की विद्युत की आपूर्ति होने के फलस्वरूप लोगों को काफी मुश्कलों का समाना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर झुमरीतिलैया नगर में पेयजलापूर्ति भी नाममात्र का हो रहा है तथा बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अनेक कार्य बाधित है। उन्होंने उपरोक्ततथ्यों के आलोक में इस प्रचण्ड गर्मी में अनियमित रूप से विद्युत आपूर्ति को दृष्टिपथ में रखते हुए जिला ऊर्जा समिति की बैठक यथाशीघ्र आहुत करने की मांग की है।

## शुरू हुआ तीरंदाजी समर कैंप

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन एवं फोकस एंड फेथ आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा दिनांक 26 मई से 10 जून तक झुमरीतिलैया के सैक्रेड हार्ट स्कूल मैदान में तीरंदाजी समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्घघाटन संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा फीता काट कर और बच्चों का स्वागत कर के किया गया। इस कैंप में नेता जी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट अफ स्पोर्ट्स पटियाला से एनआईएस क्वालिफाइड कोच विशाल सिंह प्रतिभागी बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस आयोजन में 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के कुल 23 बच्चों ने भाग लिया है। इस आयोजन में प्रतिभागी बच्चों को तीरंदाजी प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, शारीरिक ताकत बढ़ाना, मानसिक तनाव दूर करने हेतु मानसिक नियंत्रण योग, नेतृत्व प्रशिक्षण, खेल कोटा तैयारी समेत कई अन्य महत्वपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि के लिए कई अन्य गतिविधियां करवाई गई।

## विधायक ने परिसदन में बुलायी अधिकारियों की आपात बैठक

**कोडरमा।** जिले में लगातार हो रहे बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था को लेकर शनिवार को कोडरमा परिसदन में शाम पांच बजे स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने आपात बैठक बुलाई है। इस बैठक में विद्युत आपूर्ति से सम्बंधित सभी उच्च अधिकारियों को बुलाया गया है। साथ ही इस बैठक में विद्युत विभाग के सहायक अभियन्ता, कार्यपालक अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित कोडरमा थर्मल पॉवर प्लांट के उच्च अधिकारी भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचा घर ग्रामीणों ने प्रेमी पकड़ा

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिला के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी की मनोकामना पूरी हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रेमी और प्रेमिका को पकड़ कर मंदिर में शादी करवा दी। घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, मामला भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कुवंरटीका टोला गांव का है। बताया जा रहा है कि बालिग दोनो प्रेमी युगल थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत के रहने वाले है। दोनों की शादी पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी एवं परिजनों की सहमति से कराई गई। बताया जा रहा है कि भवनाथपुर थाना के अरसली दक्षिणी पंचायत चेरवाडीह टोला निवासी दिनेश सिंह को मकरी पंचायत के कुवंरटीका टोला के कुनी कुमारी से प्यार हो गया।

# शिक्षाविद केपी शर्मा की माता के श्राद्ध कर्म में पंहुचे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डोमचांच (कोडरमा)। शिक्षाविद प्रोफेसर केपी शर्मा के माता सीता देवी के श्राद्ध कर्म में शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव, रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह समेत दर्जनों प्रदेश स्तर के नेता व स्थानीय समाजसेवी समेत दर्जनों मौजूद थे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में अफसरशाही व्याप्त है। वहीं बिजली प्रबंधन पूरी तरह फेल हो गई है। पूरे प्रदेश में ब्लैकआउट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं उन्होंने कहा पूरे प्रदेश में भूमि घोटाला भू-माफियाओं की मनमानी चरम पर है। यदि सरकार नहीं चेती तो बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाया जाएगा। वहीं उन्होंने ढिबरा उत्खनन के लिए ढील देने की भी बात कही। उल्लेखनीय हो कि सीता देवी स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान सैकडों आन्दोलन कारियों को डोमचांच महथाडीह स्थित अपने आवास में गुप्त प्रवास दिए थे। वहीं इनके पति स्व. श्रीपति शरण सिंह राजेंद्र प्रसाद, विनोवा भावे सरीखे आन्दोलनकारियों के आन्दोलन की रूप रेखा तथा उनके लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए प्रसिद्ध थे। मौके पर रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, रमेश हर्षधर, द्विंबर पांडेय, शान्ति प्रिया, देवेंद्र मेहता, शिवलाल सिंह, बसंत मेहता, प्रो. हिमांशु कुमार, बेदू साव, अंगलाल राम, विजय राम आदि मौजूद थे।

# जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक, दिये कई सुझाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को संयुक्त सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एण्ड इम्पलॉयमेंट गर्वन्मेंट ऑफ इंडिया कमल किशोर सौन की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान 2023 को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम डीडीसी ऋतुराज द्वारा जिला के बारे में बताया और यहां के जल स्त्रोतों व वार्षिक वर्षापात की जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से जिले में अमृत सरोवर के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण हेतु अमृत सरोवर, तालाब, डोभा, टीसीबी, फील्ड फंड, मेंढ़ बंदी, पौधारोपण, जलाशय आदि की जानकारी दिये। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण कि दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अमृत सरोवर के पोर्टल पर सारे कार्यो का जियो टैंगिग करते हुए अपलोड किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्लान के बारे में बताया। संयुक्त सचिव द्वारा जल संरक्षण के लिए कार्य को और बेहतर कैसे करें, इसके बारे में कई सुझाव दिया गया। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा संयुक्त सचिव को जिले में संचालित नवाचार गतिविधियों के माध्यम से जिले के विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्वावलंबन गांव, आंगनबाड़ी केंद्र के विकास, प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इंपैक्ट और डीजीएस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि स्वावलंबन गांव में ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर गांव का विकास कर रहे हैं और आजीविका के स्त्रोत को बढ़ा रहे हैं। रात्रि चौपाल और आम सभा के माध्यम से ग्रामीण बैठक कर गांव के विकास के लिए चर्चा करते हैं। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विकास के बारे में, प्रोजेक्ट रेल व प्रोजेक्ट इंपैक्ट के माध्यम से सरकारी विद्यालयों के विकास के बारे में, जिले के युवाओं को डिजिटल क्रांति से जोड़ने हेतु डीईजीएस के बारे में बताया। संयुक्त सचिव ने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहा और प्रशंसा की और आगे कार्यों को और बेहतर करने के लिए कई सुझाव दिये। साथ ही सदर अस्पताल में मौजूदा समय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। बैठक में डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसी अनिल तिर्की, एसडीओ संदीप कुमार मीणा समेत पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## मृत महिला का पति गिरफ्तार

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन पंचायत के नावाडीह में मंगलवार की बीती रात एक 20 वर्षीय शादीशुदा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। वहीं मृतक के ससुराल वाले फरार हो गया, मृतक महिला की पहचान रूबिदा परवीन पति मेराज अंसारी के रूप में हुई थी। इस संबंध में मृतका के पिता नवलशाही थाना क्षेत्र के ताराटांड़ गांव निवासी मोइन मियां पिता शहूर मियां ने जयनगर थाना में बुधवार को आवेदन देकर ससुराल वालों पर बेटी का गला दबाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया था।

### विद्यालय में नामांकन को लेकर चयन समिति की बैठक

# अभ्यर्थियों का सत्यापन कर योग्य विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में वर्गवार एवं कोटिवार नामांकन को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में डीईओ अलका जयसवाल ने रिक्तियों के विरुद्ध नामांकन को लेकर विभिन्न



प्रखंडों से प्राप्त छात्राओं की सूची को बैठक में रखा और आवश्यक जानकारी दी। बैठक में सूची पर चर्चा करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बालिकाओं के नामांकन में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि नामांकन को लेकर बालिकाओं के प्राप्त सूचियों को बीआरसी, प्रखण्ड, अंचल कर्मियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिल कर सूची का सत्यापन करें और योग्य अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें।

## युवती को बहला-फुसलाकर ले गया अपने घर

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के बरडीहा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। युवती को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार आदर गांव निवासी एक युवक ने थाना क्षेत्र के ही एक युवती को मझिआंव से अपने घर ले गया, जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया इसके बाद युवती की स्थिति गंभीर हो गई और तेज गति से रक्तस्राव शुरू हो गया। युवक आनन-फानन में युवती को लेकर आधी रात में सदर अस्पताल पहुंचा, करीब घंटों देर बाद पीड़िता को इलाज के लिए महिला वार्ड में भर्ती कराया गया।

# जिला व प्रखंड स्तरीय जल शक्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** संयुक्त सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एण्ड इम्पलयमेंट गर्वन्मेंट ऑफ इंडिया कमल किशोर सौन का आगमन कोडरमा में हुआ। उपायुक्त आदित्य रंजन, डीडीसी ऋृतुराज एवं डीएफओ सुरज कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। संयुक्त सचिव श्री सौन द्वारा समाहरणालय में स्थापित जल शक्ति केंद्र और प्रखण्ड कार्यालय चन्दवारा में स्थापित जल शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया। उसके बाद प्रखण्ड कार्यालय चन्दवारा के समीप आजाद सरोवर का जायजा लिया। वहीं उपायुक्त द्वारा बताया गया कि अमृत सरोवर के तहत इस जलाशय को विकसित किया जा रहा है। जिसमें पर्यटन, बच्चों का पार्क, जल संरक्षण, मछली पालन, बागवानी को विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही संयुक्त सचिव ने अमृत सरोवर के तहत जलाशय के कार्यों को सराहा और अपनी संतुष्टी जाहिर की। इसके बाद संयुक्त सचिव ने परिसदन कोडरमा के समीप स्थिति परिसदन सरोवर का भी जायजा लिया, जिसमें उपायुक्त द्वारा बताया गया कि इसमें भी पर्यटन, बच्चों का पार्क, जल संरक्षण, मछली पालन, बागवानी, जंगली जानवरों को पीने का पानी की व्यवस्था के साथ विकसित किया जायेगा। संयुक्त सचिव ने अमृत सरोवर के तहत किये जा रहे कार्यों पर अपनी संतुष्टि जाहिर की। मौके पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, बीडीओ, सीओ व अन्य मौजूद थे।

## पेड़-पौधे और जंगल हमारे जीवन के अभिन्न अंग है : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को आवास पर पौधरोपण कर पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश दिया। उपायुक्त के साथ डीडीसी ने भी पौधरोपण किया और दोनों अधिकारियों ने कहा कि पेड़ पौधे और जंगल मानव जीवन के अभिन्न अंग है, इनके बिना धरती पर जीवों की कल्पना करना व्यर्थ है। वहीं डीसी श्री रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिवस को याद्गार बनाने के लिए पौधरोपण जरूर है, इससे एक ओर जहां प्रति हरा-भरा होगा तो दूसरी ओर आपके और हमारे आने वाले पीढ़ियों को पर्यावरण संकट का दुष्प्रभाव नही पड़ेगा।

# नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराना उच्च पद का अपमान : महादेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा अंचल कमेटी डुमरी में ब्रांच की बैठक ब्रह्मदेव दास की अध्यक्षता में किया गया। वहीं संचालन जयनगर अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने किया। वहीं उन्होंने राजनीतिक एवं रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराने का मामला उच्च पद का अपमान और संविधान के खिलाफ है, नए संसद भवन का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर है। सरकार लोकतंत्र को खतरे में डाल रही है और जिस निरंकुश तरीके से नई संसद का निर्माण किया गया था, सभी विपक्षी दलों की स्वीकृति के बावजूद अपने मतभेदों को दूर करने और इस अवसर को चिन्हित करने के लिए सारा विपक्ष तैयार था। राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए नए संसद भवन का उद्घाटन करने का प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय ना केवल एक गंभीर अपमान है बल्कि हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है। वहीं सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश के साल में दो करोड़ नौजवानों को नौकरी देंगे, विदेश में काला धन अपने देश मिलाकर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15 लाख देंगे, उन्होंने यह भी देश को नारा दिया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन जो बेटियां देश का शान बढ़ा रही है, वे बेटियां आज अपना इंसाफ मांगने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना पर बैठी हुई है। उत्तर प्रदेश के सांसद एवं कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण एवं पोक्सो एक्ट का मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दर्ज हुआ है, इसके बावजूद भी बृजभूषण शरण सिंह खुलेआम सड़कों पर घूम रहा और उन खिलाड़ियों को चुनौती दे रहा है।

### मंत्री की अध्यक्षता में विस्थापित रैयतों की समस्याओं से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

# सत्यापन का कार्य जल्द पूर्ण कर सभी विस्थापित परिवारों को करें लाभान्वित : मंत्री भोक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में विस्थापित रैयतों की समस्याओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिले में खनन कार्य कर रही सीसीएल मगध, सीसीएल आम्रपाली, एनटीपीसी समेत अन्य परियोजना में विस्थापित प्रभावित लोगों के प्रतिनिधियों से विस्थापित रैयतों की समस्याओं की जानकारी ली गई। प्रतिनिधियों ने समस्याओं की जानकारी देते हुए बताया कि कई परिवारों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है तथा रैयती नौकरी से योग्य लाभुकों को लाभ नहीं मिल पाया है तथा कुछ परिवारों का बकाया भुगतान पूर्ण नहीं हो पाया है। सभी समस्याओं की जानकारी लेने के उपरांत मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सभी जिले में खनन कार्य कर रही सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सत्यापन का कार्य पूर्ण कर सभी विस्थापित परिवारों को मुआवजा उपलब्ध कराएं तथा भूमि अधिग्रहण और पुर्नवास नीति से उन्हें लाभान्वित किया जाए। बैठक में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को स्थानीय लोगों को नौकरी देने की बात कही तथा अपने स्थानीय क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण अथवा कोचिंग उपलब्ध कराने की पहल करने की भी बात कही।

उक्त बैठक में विधायक किसुन कुमार दास, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, अपर समाहर्ता चतरा पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी, सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि व परियोजना में विस्थापित प्रभावित लोगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

एक नजर में

## डीसी ने टेबल टेनिस क्लब का किया उद्घाटन, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने जलछाजन भवन के ग्राउंड फ्लॉर में स्थित नव टेबल टेनिस क्लब का विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया।उक्त मौके पर उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने उपस्थित स्टेट लेवल महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के साथ टेबल टेनिस खेला। साथ ही खिलाड़ियों का प्रदर्शन देख सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। हैपकिडो के राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटे विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। उक्त मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, आधुनिक सामुदायिक जिम के संचालक विकास केशरी, महिला एवं पुरुष खिलाड़ी समेत चतरा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक पंकज दुबे, विवेक सिंह, सचिव संजीत मिश्र एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।


## मंत्री सत्यानंद भोगता ने अभिनव की सफलता पर दी बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 279वां स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन करने वाले अभिनव प्रकाश के घर हंटरगंज पहुंचे और पुष्प गुच्छ भेंटकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभिनव प्रकाश अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उनकी मेहनत से पूरे परिवार के सपने साकार हुए हैं। बड़ी कामयाबी के बाद देश के प्रति सफलता प्राप्त करने वाले अभिनव प्रकाश की जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है।

## तेज आंधी तूफान से मक्के की फसल को हुआ नुकसान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड में गुरुवार को आए तेज आंधी-तूफान से प्रखंड के कई गांवो में मक्के की फसल को भारी क्षति पहुंची हैं। साथ ही साथ आम को भी काफी नुकसान हुआ है। जिसके कारण किसानों के चेहरे पर परेशानी का भाव देखा जा रहा हैं। ग्राम लेम्बोइया के किसान नागेश्वर दांगी के खेत में चार एकड़ में लगी मक्के की फसल को भारी नुकसान हुआ हैं। खेत में ही फसल गिर गई हैं । जिससे किसान काफी परेशान हैं। वही तूफान और बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के कई गांव सहित अन्य इलाकों में काफी नुकसान हुआ है। मक्के की सैकड़ों एकड़ में लगी फसल आंधी के कारण खेतों में गिरकर बर्बाद हो गई है । वहीं गांवों में अलबेस्टर, पानी टंकी,खपडेल घर,तथा दुकानों में लगे कर्केट टीन एवं कई पेड़ भी गिरे पड़े है वहीं किसानो में तूफान का खौफ बयां कर रही है। बेमौसम बारिश और आंधी देखकर किसानों की चिंता और बढ़ गई।

## बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन दिशाहीन : बिरजू तिवारी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** शहर यूनिक कोचिंग सेंटर व स्टार कोचिंग के तत्वधान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी शामिल हुए। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत से उद्देश्यों को प्रदान करती है जैसे व्यक्तिगत उन्नति को बढ़ावा, सामाजिक स्तर में बढ़ावा, सामाजिक स्वास्थ्य में सुधार, आर्थिक प्रगति, राष्ट्र की सफलता, जीवन में लक्ष्यों को निर्धारित करना, हमें सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करना और पर्यावरण समस्याओं को सुलझाने के लिए हल प्रदान करता है। मनुष्य के जीवन में जितना महत्त्व भोजन, कपड़े, हवा और पानी का है, उससे कहीं अधिक महत्त्व शिक्षा का है इसीलिए हमेशा ये ही कहा जाता है कि शिक्षा का मानव जीवन में बहुत महत्त्व है।

शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। शिक्षा मानव जीवन की एक महत्त्वपूर्ण इकाई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में फजलू रहमान सर का अथक योगदान था। तथा इस मौके पे स्टार कोचिंग के निदेशक शीश नैयर तथा यूनिक कोचिंग के निदेशक अफसर खान, कोचिंग के संरक्षक सिद्धार्थ तिवारी तथा रंजीत कुमार समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अनुशंसा की जांच करवाने को ग्रामीणों ने भूमि संरक्षण पदाधिकारी को लिखा पत्र

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के नयाखाप गांव में गोसाई बागि आहर को जीर्णोद्धार करवाने के लिए गलत तरीके से कुछ ठेकेदारों द्वारा अनुशंसा करवाई गई है। ग्रामीणों का कहना है। कि खाता नंबर 34 प्लॉट नंबर 1447 में यह आहर पड़ता है। इस प्लॉट के आसपास अनुसूचित जाति का जमीन नहीं है। जबकि इस आहर के आसपास पिछड़ी जाति के लोगों का जमीन है इस बात की जानकारी जब गांव के ग्रामीणों को पता चली। तो तुरंत लिखित आवेदन के अनुसार भूमि संरक्षण पदाधिकारी को आवेदन लिखकर जांच करने की मांग की है। एवं सही सलामत अनुशंसा करवाकर आहार का जिर्णोद्धार करवाने की बात चिट्ठी में लिखी है।

# 4 एमएलए वाले मांझी ने मांगी लोकसभा की पांच सीटें, नीतीश कुमार की बढ़ी परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोहा लेने के लिये नीतीश कुमार हर वो जतन कर रहे हैं जिससे मोदी विरोधी दलों को एक मंच पर एक साथ लाया जा सके। इसके लिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कभी शरद पवार की चौखट पर माथा टेक रहे हैं तो कभी ममता दीदी के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं लेकिन अब तक इस नये महागठबंधन का स्वरूप क्या होगा, राज्यों में सीटो का बंटवारा कैसे होगा, कौन कहां कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगा, ये फामूर्ला तैयार नहीं हुआ है। सीटो की शेयरिंग का फामूर्ला क्या होगा खुद नीतीश कुमार को भी पता नहीं होगा। इन सबसे पहले ही बिहार में नीतीश कुमार की सरकार में सहयोगी जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा ने पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोक दिया है। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नीतीश कुमारी की कैबिनेट में मंत्री संतोष सुमन ने दावा किया है कि उनकी पार्टी की लोकसभा की





सात से आठ सीटों पर पूरी तैयारी है और वो पांच सीटों पर चुनाव लड़ने के लिये पूरी तरीके से तैयार हैं। जाहिर है चार विधायकों वाली हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा (हम पार्टी) इस बार कम से कम पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को ठानी है। जीतन राम मांझी के बेटे के इस दावे के बाद आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने जवाब देते हुये कहा है कि संतोष सुमन प्रेशर पॉलिटिक्स कर रहे हैं। इससे अच्छा तो होगा कि वो बिहार की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी करें, जिससे महागठबंधन को सभी सीटों पर मजबूती मिलेगी। वहीं नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के प्रवक्ता अभिषेक झा का मानना है कि आने वाले दिनों में कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा ये पार्टी का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा। वैसे बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं, जिसमें फिलहाल आम चुनावों में बीजेपी ने 17 सीटें जीती थीं तो जेडीयू ने 16, एलजेपी 6 और कांग्रेस एक। इस बार बिहार में गठबंधन बदला हुआ है। नीतीश कुमार जो पिछली बार एनडीए के साथ थे, वो अब महागठबंधन के साथ हैं। जिनके पास पहले से 16 सांसद हैं, ऐसे में नीतीश कुमार इससे कम सीटों पर समझौता नहीं कर सकते हैं तो वही बिहार में 7 दलो का महागठबंधन है और इस गठबंधन में हम किसी से कम नहीं वाला फामुर्ला जोड़ता हुआ दिख रहा है, ऐसे में नीतीश कुमार के लिये बिहार में सीटों का बंटवारा आसान नहीं होगा।

## पटना की आकांक्षा को मिली 205वीं रैंक

### मां बोली- अब तो दूर के रिश्तेदार भी कर रहे फोन



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** होनहार बिरवान के होत चिकने पात। यह कहावत तो आपने सुनी ही होगी, इसको चरितार्थ किया है पटना की रहने वाली आकांक्षा आनंद ने। आकांक्षा को यूपीएससी 2022 में 205वीं रैंक मिली है। आकांक्षा अब आईएएस बनने वाली हैं। फिलहाल सीतामढ़ी में बतौर वेटनरी ऑफिसर डॉ आकांक्षा आनन्द पदस्थापित हैं, लेकिन कॉलेज से ही इनकी रुचि आईएएस बनने की थी। पटना वेटेनरी कॉलेज से गोल्ड मेडल के साथ ग्रेजुएशन करने के बाद अपने सपने को पूरा करने के लिए यूपीएससी की तैयारी में लग गई। डॉ आकांक्षा बताती हैं कि इंटरव्यू के समय ही मेरी वेटनरी ऑफिसर के रूप में ज्वाइनिंग हुई थी। नौकरी और सपना दोनों को मैनेज करना बड़ा कठिन रहा था।

**30 साल पुराने रिश्तेदार भी कर रहे हैं कॉल :** आकांक्षा की माताजी एक शिक्षिका हैं, तो वहीं पिता स्वास्थ्य विभाग में क्लर्क हैं। माताजी बताती हैं कि मेरा शुरू से सपना था कि बेटी आईएएस ऑफिसर बने। इसीलिए शुरू से ही इसकी पढ़ाई पर पूरे परिवार का जोर रहा। नतीजन आज मेरी पहचान मेरी बेटी की वजह से हो रही है। कई पुराने रिश्तेदार जिनसे कई सालों से बात नहीं होती थी वे भी नंबर खोज कर फोन कर रहे हैं। पूरे परिवार में खुशी का माहौल हैं। पिता के ऑफिस में भी मिठाइयां बांटी जा रही है। दोस्त और पड़ोसी भी लगातर कॉल कर रहे हैं। साथ ही पटना वेटनरी कॉलेज में भी खुशी का माहौल है। हाल ही में हुए दीक्षांत समारोह में आकांक्षा को गोल्ड मेडल से नवाजा गया था।

**सेल्फ स्टडी ही दिलवाएगी अच्छे मार्क्स :** डॉ आकांक्षा आनन्द बताती हैं कि यह मेरा दूसरा प्रयास था। इस परीक्षा में सफल होने के लिए सेल्फ स्टडी बहुत जरुरी है। साथ ही 8 घंटे की रेगुलर स्टडी भी जरूरी हैं, क्योंकि सिलेबस बहुत बड़ा है। कांसेप्ट क्लियर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि घर पर ही लिखित परीक्षा की तैयारी हुई। 80 फीसदी हिस्सा सेल्फ स्टडी का रहा और बाकी ऑनलाइन माध्यम से तैयारी हुई।

इंटरव्यू के समय सीतामढ़ी में ज्वाइनिंग हो गई थी। दोनों चीजों को साथ लेकर चलना पड़ा। इस बीच घरवालों का भी खूब सहयोग रहा। स्कूल से आते ही मम्मी खाना लेकर कमरे में आ जाती थी। इस सफर में एक मोड़ ऐसा आया जब मुझे निर्णय लेना था कि एक सुरक्षित करियर वेटनरी में पीजी करूं या फिर यूपीएससी की तैयारी करूं। पीजी में सर्जरी मिल रहा था जो बेस्ट था, लेकिन एक सुरक्षित मौका छोड़ तैयारी करने की ठानी और आज रिजल्ट आ चुका है।

## जदयू के प्रदेश महासचिव शराब के नशे में गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोपालगंज।** शराबबंदी वाले बिहार में जिनके कंधों पर जागरूकता की जिम्मेदारी है, उनके ही मुखिया के बड़े कद के नेता कानून को तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। बिहार सरकार के मद्य निषेध विभाग के मंत्री सुनील कुमार के गृह जिला में जदयू के प्रदेश महासचिव और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय चौहान को पुलिस ने शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिसकर्मियों को जदयू नेता ने सत्ता की धौंस भी दिखाई। बताया जाता है कि संजय चौहान यूपी से शराब पीकर बिहार आ रहे थे, तभी जांच के दौरान एंटी लीकर टास्क फोर्स (एलटीएफ) ने



गिरफ्तार कर लिया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच के बाद पुष्टि हुई, उसके बाद जेल भेज दिया गया। हालांकि, न्यायालय से जुमार्ना राशि भरने के बाद सशर्त जमानत मिल गई, क्योंकि पहली बार शराब पीने के मामले में जुमार्ना लेकर कोर्ट से जमानत का प्रावधान है। वहीं, इस गिरफ्तारी के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्टी की ओर से जदयू प्रदेश महासचिव पर क्या कार्रवाई की गई, इसके बारे में पार्टी के जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश के नेता कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। गोपालगंज जिला मद्य निषेध विभाग के मंत्री सुनील कुमार का गृह जिला है। ऐसे में पार्टी के ही बड़े नेता शराबबंदी कानून का उल्लंघन करेंगे तो आम लोगों में इसका संदेश क्या जाएगा, आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पूरे जिले में नोडल रेड अभियान चलाया गया था। जिसमें कुल 62 लोगों की गिरफ्तारियां की गईं। इनमें 48 पीनेवाले और 14 शराब बेचने वाले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दान पेटी में खूब डाले जा रहे 2000 के नोट!

**पटना।** जब आरबीआई ने 2000 रुपये को बाजार से वापस लेने का फैसला लिया तो सोशल मीडिया पर यह अफवाह उड़ी कि पटना के महावीर मंदिर की दान पेटी में 2000 के ढेरों नोट आ रहे हैं। लोग बैंक में बदलवाने के बजाय मंदिर में दान कर रहे हैं। लेकिन साप्ताहिक गिनती में महावीर मंदिर के दान पेटियों से औसत से भी कम 2000 रुपये के नोट निकले हैं। आपको बता दें कि महावीर मन्दिर की दानपेटियों से बुधवार को दो हजार के केवल 4 नोट ही निकले। दो हजार के नोट के संबंध में रिजर्व बैंक के नए दिशा-निर्देश के बाद पहला अवसर था, जब दानपेटियों को खोला गया। निर्देश के बाद यह अफवाह उड़ने लगी की भारी संख्या में भक्त 2000 रुपये का नोट दान कर रहे हैं। महावीर मंदिर में मौजूद दान पेटी हर बुधवार को खोला जाता है। हनुमानजी के गर्भगृह के सामने और प्रथम तल पर विराट रामायण मन्दिर के मॉडल को मिलाकर कुल चार मुख्य दानपेटियों में जमा दान की राशि की गणना की गई। इसके पूर्व 17-18 मई को दानपेटियों को खोला गया था। तब दो हजार के कुल 6 नोट मिले थे।

## बेंगलुरु से दानापुर के बीच रेलवे चलायेगी वन-वे स्पेशल ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** ट्रेनों में आजकल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ हो रही है। कई ट्रेनों पर टिकट की लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। इसी भीड़ को कम करने के लिए रेलवे लगातर स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रही है। इसी क्रम में बेंगलूरु से दानापुर के लिए एक-एक वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया। आपको बता दें कि- बेंगलुरु से दानापुर के लिए 30 मई को स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

**केएसआर बेंगलूरु-दानापुर की टाइमिंग :** गाड़ी संख्या 06567 केएसआर बेंगलूरु-दानापुर वन-वे स्पेशल 30 मई (मंगलवार) को केएसआर बेंगलूरु से 06.50 बजे खुलकर नागपुर, जबलपुर, प्रयागराज छिवकी के रास्ते गुरुवार को 04.10 बजे डीडीयू, 05.50 बजे बक्सर, 06.50 बजे आरा रुकते हुए 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01,शयनयान श्रेणी के 15 कोच एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए 25 मई से गाड़ी सं। 13019/13020 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस तथा दिनांक 26 मई से गाड़ी सं। 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस का सोनपुर स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। अब तक इन दोनों ट्रेनों का सोनपुर स्टेशन पर पहले से परिचालनिक ठहराव था, परंतु अब वाणिज्यिक ठहराव भी हो गया है।

## झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय का 'अध्ययन केंद्र' खुला

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एएन कॉलेज में झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय का 'अध्ययन केंद्र' खुला। एएन कॉलेज में झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय का 'अध्ययन केंद्र' के संयोजक डॉ एजाज अहमद को बनाया गया है। जो इतिहास विभाग के प्राध्यापक हैं। इस अध्ययन केंद्र में 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स के 7 विषय, 12 माह के डिप्लोमा कोर्स के 15 विषय और 18 माह के पीजी डिप्लोमा कोर्स के 5 विषयों के साथ यूजी एवं पीजी के कुल 27 विषयों का अध्ययन छात्र कर सकेंगे। सभी कोर्स के बहुत ही कम शुल्क निर्धारित है। छात्र-छात्राएं 3500 और 4000 प्रति सेमेस्टर पर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। ऑनलाइन नामांकन से लेकर ऑनलाइन परीक्षा तक की सुविधा होगी। ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह अध्ययन केंद्र को खोला गया है। इस केंद्र के संरक्षक प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह और समन्वयक डॉ एजाज अहमद बनाया गया है। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने बताया कि संथाल परगना पिछड़ा एवं गरीब क्षेत्र है। यहां उद्योगों की कमी है, बहुत सारे छात्र अध्ययन के लिए अधिकतम शुल्क नहीं दे पाते थे।

## राजभवन के आदेशों का अक्षरशः सम्मान हो : डॉ विनोद

**दुमका।** राजभवन के आदेशों का पालन करना हम विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए गर्व का विषय होता है। राजभवन अभिभावक होता है और उसका हर निर्णय समाज के शैक्षणिक उन्नति व सामाजिक उत्थान के आलोक में होता है। तब तक ज्यादा सार्थक व लोकप्रिय साबित होता है। जब सभी आवश्यक पहलुओं पर न्यायोचित व निष्पक्ष तरीके से व्यवहार हो। जहां शिक्षकों को कुछ बोलना नहीं पड़े सिवाय शिक्षण। प्रशिक्षण, शोध, व सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के यदि संबंधित सभी कार्य स्वतः रुटिनी तौर पर समय से होता रहे। जैसा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों व दूसरे राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में होता है। बात सपने में भी किसी शिक्षक को नहीं आती होगी। वो कभी राजभवन यानि अभिभावक के विरुद्ध बोले या किसी बात का विरोध करे। परिस्थितियां ऐसी नहीं बने तो राज्य के शिक्षक अपने यहां भी बेहतर अकादमिक उपलब्धि दे सकता है। लेकिन बात तब खट्टी, अनुचित और विषादजन्य लगती है। जब सूचनाओं का अभिप्राय एकतरफा ज्ञात होता है। शिक्षकों की अधिकारों सहित भावनाओं का भी ख्याल रखा जाये।

## रेड क्रॉस सोसाइटी में 29 मरीजों का हुआ नि:शुल्क इलाज, 5 रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के दुमका शाखा के संयुक्त तत्वाधान में रेड क्रॉस भवन में गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना के संभावित मरीजों के चिकित्सकीय जांच की गई। कैम्प में मुख्य रूप से हृदय रोग से संबंधित मरीजों का इलाज किया गया। कैंप में कंसलटेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ आशुतोष श्यामोल ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए 29 मरीजों का चिकित्सकीय जांच किया। सोसाईटी के सचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि डॉ आशुतोष श्यामोल ने 29 मरीजों को जांच के बाद चिकित्सकीय सलाह दी और 5 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। रेफर उपयुक्त मरीज के गंभीर बीमारी का सरकारी योजना के तहत मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कोलकाता में निःशुल्क ईलाज व ऑपरेशन किया जाएगा।

## कृषि विभाग की बैठक कर मंत्री ने दिये कई अहम निर्देश

### किसान पाठशाला के लिए जल्द जमीन चिह्नित करें, ताकि तकनीकी खेती से जुड़ सकें किसान

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते कृषि मंत्री व अन्य।

**दुमका।** संताल परगना प्रमंडलीय स्तरीय कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग की शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया। बैठक में बीज उठाव एवं वितरण, मिलेट मिशन, कृषि ऋण माफी योजना, सुखाड़ राहत योजना, कृषि आधारभूत संरचना, किसान पाठशाला के लिए जमीन चिन्हित करना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ससमय बीच उठाव कर किसानों के बीच वितरण किया जाये। उन्होंने कहा कि बीज वितरण में लैम्प्स पैक्स, स्वयं सहायता समूह की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। योग्य एवं सही किसानों तक योजना का लाभ मिले। इसके लिए पूरी पारदर्शिता के साथ बीज वितरण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को ससमय बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीज वितरण अभियान को संतोषजनक नहीं बताया। उन्होंने पंचायत स्तर पर मुखिया एवं ग्राम प्रधान को भी शामिल करने का निर्देश दिया। मिलेट मिशन के अंतर्गत 5 से 10 जून के बीच मडुआ का बीज वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ससमय किसानों को चिन्हित कर उन्हें बीज उपलब्ध कराने के लिए कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों के बीच बीज कीट का वितरण किया जाये।

ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो। किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इसके लिए जिला प्रशासन ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। बीज वितरण के उपरांत उसकी एक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। जिससे वितरण के उपरांत कितने किसानों ने बीज लगाई उसे क्या-क्या फायदे हुए पूरे 4 महीने का रिपोर्ट तैयार कर एक सक्सेस स्टोरी की तरह विभाग को निर्देशित किया। सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी किए गए किसानों को अच्छादित किया गया है। शेष ससमय लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में किसान पाठशाला के लिए अपने अपने जिले से जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा जाये। ताकि किसान पाठशाला बनाया जाए। जिससे किसानों को तकनीकी खेती से जोड़ने का प्रयास किया जाए। सॉइल हेल्थ कार्ड, एग्री क्लीनिक के लिए मंत्री के पास प्रस्ताव रखा गया। बैठक में डीसी रविशंकर शुक्ला समेत सभी जिले के कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विपक्षी पार्टियों को चुभेगी चिराग पासवान की खरी बात!

**पटना।** देश के नए संसद भवन का 28 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे। कांग्रेस समेत विपक्ष के 21 राजनीतिक दलों ने पीएम मोदी के हाथों उद्घाटन को मुद्दा बनाकर कार्यक्रम के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि, इस मुद्दे पर मोदी सरकार को 25 दलों का साथ भी मिला है। इनमें से 7 गैर एनडीए दल हैं। इन 25 दलों ने सरकार के न्यौते को स्वीकार किया है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें 7 पार्टियां ऐसी हैं जो गैर एनडीए के हैं। जाहिर है इनके रुख ने विपक्षी एकता को बड़ा झटका दिया है। मोदी सरकार का आमंत्रण को स्वीकार करने वाले जो 25 दल हैं, उनमें 7 गैर एनडीए दल हैं। बहुजन समाज पार्टी, शिरोमणि अकाली दल, जनता दल (सेक्यूलर), लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल और तेलुगू देशम पार्टी ने समारोह में शामिल होने की बात कही है। इन 7 पार्टियों के लोकसभा में 50 सदस्य हैं। इसी मुद्दे को लेकर अब लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक खुला खत लिखा है जो विपक्षी दलों के रुख पर सवाल खड़े करता है।

## पेज 1 का शेष

### तेज आंधी पानी से...

इसके साथ ही 40 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से हवा चलने की बात कही गयी है। बता दें राजधानी रांची में पिछले दो दिनों में बारिश हुई है। जिससे राजधानी का तापमान में कमी महसूस की गयी। वहीं, गर्मी से लोगों को राहत मिली है। विभाग की मानें तो 27 मई के बाद तापमान में फिर से तेजी महसूस की जायेगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा।

### वीआइपी, वीवीआइपी...

बाहर से देवघर आने वाले खोवा पर निगरानी हेतु रेलवे के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। उपायुक्त ने पूरे मेला क्षेत्र में आवंटित 21 ओपी क्षेत्र का भ्रमण कर वहां मेला के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं यथा पंडाल, पथ निर्माण, पथ प्रकाश, कांवरियों के लिए पेयजल, शौचालय, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था आदि की स्थिति की जांच की। उन्होंने श्रावणी मेला के दौरान विधि व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं अपराध नियंत्रण के साथ साथ यातायात की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे मेला क्षेत्र को सीसीटीवी से कनेक्टेड करने की बात कही। उन्होंने एक-एक कर विभिन्न विभागों द्वारा दुम्मा से खिजुरिया रूटलाईन, बीएन झा पथ मोड़ शिवगंगा घाट, बाबा मंदिर से फुट ओवरब्रिज तक, क्यू कॉम्प्लेक्स, तिवारी चौक से बीएड कॉलेज व बरमसिया चौक, नंदन पहाड़ से सिंघवा कालीबाड़ी मोड़ तक, शिल्पग्राम मोड़ से सर्किल से नंदन पहाड़ वाटर फिल्टर पॉइंट, सिंघवा से कुमैठा क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। बैठक में एसपी सुभाष चन्द्र जाट, डीएफओ राजकुमार साह, डीडीसी डॉ कुमार ताराचंद, नगर आयुक्त शैलेन्द्र कुमार लाल, अपर समाहर्त्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत जिलास्तरीय सभी विभागों के अधिकारी व कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

### माओवादियों का तांडव...

चारों ट्रक्टर महुआडांड़ के शंभु प्रसाद, राकेश प्रसाद, सोनू कुमार और खिस्तोफर कुजूर का बताया गया है। माओवादी निर्माण कार्य करा रहे मुंशी और ठेकेदार के बारे में पूछ रहे थे। उस वक्त वे उपस्थित नहीं थे। **बिना आदेश काम न करें :** माओवदियों ने मजदूरों को आदेश दिया कि संगठन के आदेश के बिना वे काम शुरू न करें। आग लगाने के बाद मजदूरों को अपने साथ कुछ दूरी तक लेकर गये। सभी गाड़ियां जल जाने के बाद मजदूरों को उनका फोन लौटा दिया। इसकी सूचना नहीं देने का सख्त निर्देश देते हुए वापस जंगल की ओर चले गये। सूचना मिलते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव पुलिस दल के साथ पहुंचे। मजदूरों से पूछताछ की और जांच शुरू की। डीएसपी राजेश कुजूर ने बताया कि घटना स्थल पर जो पर्चा मिला है उसमें कोयल शंख जोन के रिजनल कमिटी ने जिम्मेदारी ली है। इसका मकसद लेवी वसूलना व विकास कार्यो को बाधित कर लोगों के बीच खौफ पैदा करना है।

### निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम...

वीरेंद्र राम के चचेरे भाई आलोक रंजन के द्वारा मकान किराए पर लेने की बात भी सुरेश प्रसाद ने बतायी थी। सुरेश प्रसाद ने तब मकान का रेंट एग्रीमेंट भी एसीबी को दिया था। एसीबी ने इसी आधार पर वीरेंद्र राम के खिलाफ जांच के लिए विभाग से अनुमति मांगी थी। **इडी ने किया था गिरफ्तार :** इसी वर्ष फरवरी महीने में ईडी ने वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम के ठिकानों से करोड़ो रुपये काला धन बरामद किए गए थे। जिसके बाद बंद राम को गिरफ्तार कर लिया गया। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। ईडी ने उठाया है। इडी के जांच में वीरेंद्र राम के धनकुबेर होने की बात सामने आयी थी। ईडी ने 19 अप्रैल को वीरेंद्र राम की 39.28 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। वीरेंद्र राम के पद पर रहते हुए टेंडर में कमीशन के तौर पर उगाही से अर्जित बतायी गयी है। ईडी ने वीरेंद्र राम, उनकी पत्नी राजकुमारी, पिता गेंदा राम, बेटे अंकुश आर्यन के रांची, जमशेदपुर, दिल्ली के फ्लैट, डुप्लेक्स व बंगलों को जब्त कर चुकी है। इसके अलावा ईडी ने एक्सिस व केनरा बैंक में तीन बैंक खातों में जमा 36 लाख रुपये भी जब्त किये हैं।

### मीडिया में बयानबाजी...

संगठन विरोधी कार्य करने एवं पार्टी के शीर्ष नेताओं व पार्टी के विचारधारा के विरोध में सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं अखबारों में बयानबाजी किया जाना पार्टी संविधान के विरुद्ध एवं अनुसाशनहीनता में आता है। इस पर कार्रवाई करने में प्रदेश अनुशासन समिति किसी तरह से कोताही नहीं बरते। यह जानकारी प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने दिल्ली में प्रदेश प्रभारी से मिलने के बाद दी है। **संगठन में अनुशासन बनाये रखने का निर्देश :** मुलकात के दौरान प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने सभी जिलों में संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ बूथ स्तर पर संगठन को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने का दिशा- निर्देश दिया। ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रभारी अविनाश पांडे से दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में मुलाकात के दौरान प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती एवं प्रदेश के सभी जिलों में गंभीरता के साथ संगठन में अनुशासन को प्रभावी बनाने एवं मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव के सिलसिले में विस्तृत चर्चा-परिचर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

### विशेष पूजा के साथ पीएम...

नयी में लोकसभा में 888 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है, जबकि राज्यसभा में 374 सदस्यों के बैठ सकते हैं। संयुक्त सत्र के दौरान लोकसभा को 1240 सीटों तक बढ़ाया जा सकता है। नयी संसद चार मंजिला इमारत है। इसमें एक केंद्रीय कक्ष समेत लॉज, मीटिंग हॉल समेत कई अन्य सुविधाएं भी हैं। नयी संसद पूरी तरह डिजिटल होगी। लोकसभा और राज्यसभा में सांसदों की चेयर के आगे कंप्यूटर स्क्रीन लगायी गयी है। **उद्घाटन पर जारी होगा 75 रुपये का सिक्का :** पीएम मोदी संसद के नये भवन के उद्घाटन के मौके पर 75 रुपये का नया सिक्का जारी करेंगे। वित्त मंत्रालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना के मुताबिक, 75 रुपये के इस नए सिक्के का आकार 44 मिलीमीटर वृत्ताकार होगा। इसका मानक वजन 35 ग्राम होगा। सिक्के के अग्र भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, इसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लिखा होगा। उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में 'भारत' शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में 'इंडिया' शब्द लिखा होगा। सिंह स्तंभ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक चिन्ह और अंतरराष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य '75' भी लिखा होगा। सिक्के के पृष्ठ भाग में संसद भवन का चित्र होगा। सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में 'संसद संकुल' लिखा होगा और निचली परिधि पर अंग्रेजी में 'पार्लियामेंट काम्प्लेक्स' लिखा होगा। संसद संकुल के चित्र के नीचे वर्ष '2023' लिखा होगा। **हवन के साथ भवन का उद्घाटन :** संसद के नये भवन के उदघाटन की शुरुआत विशेष पूजा-हवन के साथ होगी। इसका समापन पीएम के समापन भाषण के साथ होने की संभावना है। उदघाटन का कार्यक्रम रविवार को सुबह 7:30 बजे के लगभग शुरू होने की संभावना है। वैदिक रीति से विशेष पूजा लगभग डेढ़ घंटे तक चलने की संभावना है। विशेष पूजा के कार्यक्रम में पीएम मोदी के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश के भी मौजूद रहने की संभावना है। पूजा और मंत्रोच्चार के दौरान तमिलनाडु के विभिन्न मठों से आये 20 स्वामी और विशेष पुजारी पीएम मोदी को पवित्र सेंगोल सौंपेंगे। जिसे 9 बजे के लगभग लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया जायेगा। **याचिका खारिज, लगायी फटकार :** सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी याचिका दाखिल करने के लिए क्यों न आप पर जुर्माना लगाया जाये। याचिकाकर्ता की तरफ से दलील देते हुए कहा गया कि राष्ट्रपति का संवैधानिक प्रमुख का पद है। इस पर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से कहा गया कि यह ऐस मामला नहीं है, जिसमें कोर्ट दखल दे। कार्यकारी प्रमुख (प्रधानमंत्री) संसद का सदस्य होता है। इसके बाद वकील ने याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी, इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा, याचिका वापस लेने की इजाजत दी गयी तो यह हाईकोर्ट चले जायेंगे। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या आप हाईकोर्ट जायेंगे, वकील की तरफ से कहा गया, नहीं इस पर जज ने याचिका वापस लेने की इजाजत दी।

स्पीड न्यूज

## जलवायु परिवर्तन की समेलन सलाहकार समिति में अंबानी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रमुख मुकेश अंबानी को जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की सलाहकार समिति में शामिल किया गया है। यह समिति जलवायु परिवर्तन पर पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी28) के 28वें सत्र के अध्यक्षता के लिए मार्गदर्शन एवं सलाह देने का काम करेगी। अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के तहत नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ावा दे रहे हैं और अपने पारंपरिक कच्चे तेल के शोधन एवं पेट्रोकेमिकल्स कारोबार में विविधता ला रहे हैं। वह समिति में शामिल 31 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में एक हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में सीओपी28 की सलाहकार समिति में दुनिया के सभी हिस्सों के जलवायु विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## विदेश यात्रा की कोई योजना नहीं: इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश से बाहर जाने पर रोक लगाए जाने लेकर शुक्रवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं पर निशाना साधा और कहा कि विदेश यात्रा की उनकी कोई योजना नहीं है क्योंकि न तो विदेश में उनकी संपत्ति है और न ही कोई कारोबार है। खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और उनकी पार्टी पीटीआई के अन्य नेताओ को गुरुवार को कथित तौर पर देश छोड़ने से रोक दिया गया था।

## ओडिशा के कॉलेजों में मुफ्त वाई-फाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों के छात्र 2023-24 शैक्षणिक सत्र से मुफ्त वाई-फाई सुविधा का लाभ उठा सकते हैं जैसा कि बीजद ने 2019 के अपने चुनावी घोषणापत्र में इसका वादा किया था। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री रोहित पुजारी ने बताया कि छात्रों को एक-एक जीबी डेटा मिलेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में संपन्न एक समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को इसमें शामिल किया गया है।

## फिजिक्सवाला 120 करोड़ करेगी निवेश

**नयी दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने अगले दो-तीन साल में 120 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनायी है। कंपनी यह निवेश अपने प्रौद्योगिकी कौशल मंचों के विस्तार में करेगी। फिजिक्सवाला की शाखा फिजिक्सवाला स्किल्स की योजना कोष से प्रौद्योगिकी और मंच का विकास, देशी भाषा के पाठ्यक्रम सहित सामग्री तैयार करने, उद्योग के विशेषज्ञों को जोड़ने और नौकरी प्रदान करने के लिए परिवेश को मजबूत करने की है।

## कर्नाटक में मंत्रिमंडल का विस्तार आज

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा की और अब शनिवार को मंत्रिमंडल विस्तार होगा।सिद्धरमैया और शिवकुमार ने सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पहुंचकर उनसे और राहुल गांधी से मुलाकात की।उधर, राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खरगे के साथ मुलाकात की।

## यूपी : परिचालन में होंगे 11 हवाई अड्डे

**कानपुर।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि जल्द ही कानपुर को राजधानी दिल्ली से जोड़ने के लिए कदम उठाया जाएगा तथा राज्य में अगले तीन साल में 11 और हवाईअड्डे परिचालन में आएंगे। कानपुर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि 59 नए मार्ग घोषित किए हैं और भविष्य में 122 नए मार्ग घोषित होंगे। कानपुर को पंतनगर, अलीगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती से जोड़ने की हमारी योजना है

# कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम का साक्षी है पुराना ऐतिहासिक संसद भवन

## भगत सिंह व बटुकेश्वर दत्त द्वारा फेंके गये बम के धमाकों की गूंज सुनी इमारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वास्तुकला का अप्रतिम उदाहरण, करीब एक सदी तक भारत की नियति को दिशा देने के प्रतीक और अब इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रहे ऐतिहासिक पुराने संसद भवन का उद्घाटन तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने 18 जनवरी, 1927 को किया था जिसके बाद से यह इमारत कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम की साक्षी बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे और उसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे, तो उसी के साथ पुराना संसद भवन भी देश की पवित्र विधानपालिका के स्थान के रूप में अपना 96 साल पुराना दर्जा नए भवन को सौंप देगा।

भारत के लोकतंत्र के मंदिर के तौर पर पूजा जाने वाला पुराना संसद भवन बीते करीब साढ़े नौ दशक में ब्रिटेन के साम्राज्यवादी शासन का साक्षी बना और उसके कक्षों ने स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे क्रांतिकारियों भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त द्वारा फेंके गए बम के धमाकों की गूंज सुनी। इस इमारत ने देश में आजादी का सवेरा

- **तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने 18 जनवरी, 1927 को किया था संसद भवन का उद्घाटन**
- **15 अगस्त 1974 को देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू के ऐतिहासिक ट्राइस्ट विद डेस्टिनी भाषण की गवाह बनने का भी मिला सौभाग्य**

होते देखा और इसे 15 अगस्त 1974 को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के ऐतिहासिक ट्राइस्ट विद डेस्टिनी भाषण की गवाह बनने का भी सौभाग्य मिला।

पुराने भवन में हुआ संसद का आखिरी सत्र अप्रैल में समाप्त हुआ बजट सत्र था। पुराना संसद भवन इतिहास की कई अहम घटनाओं का साक्षी रहा है। इसने कई बौद्धिक बहस होती देखीं, तो दूसरी ओर यह अत्यंत शोरगुल एवं हंगामे के बीच हुई बहस का भी गवाह बना। इस संसद भवन ने कई ऐतिहासिक एवं कई विवादित विधेयकों को पारित होते देखा। पुराने संसद भवन की यात्रा ब्रिटेन के तत्कालीन महाराजा किंग जॉर्ज पंचम के



शासन के तहत निर्मित भारत की नयी राजधानी की यात्रा भी है, जिसे उन्होंने इस भवन के उद्घाटन से एक महीने पहले 1926 में नयी दिल्ली नाम दिया था।

बहरहाल, नए परिसर का उद्घाटन समारोह विवादों में घिर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर 2020 में इसकी आधारशिला रखी थी। देश के 20 विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार का फैसला किया है और कहा है कि उन्हें नयी इमारत का ऐसे समय में कोई औचित्य नजर नहीं आता, जब लोकतंत्र की आत्मा को ही निकाल दिया गया है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने देश की संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं किए जाने पर सवाल उठाए हैं। नए परिसर में भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान कक्ष, सांसदों के लिए एक कक्ष, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और वाहन खड़े करने के लिए पर्याप्त स्थान होगा। लुटियंस और बेकर ने नई शाही राजधानी को आकार दिया, जिसमें वायसराय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) का निर्माण किया गया और नॉर्थ ब्लॉक एवं साउथ ब्लॉक को नयी दिल्ली का केंद्र बनाया गया। लॉर्ड इरविन ने 1927 में पुराने संसद भवन का उद्घाटन किया था।

### पहली मंजिल पर लाल बलुआ पत्थर के 144 स्तंभ वाला गोलाकार वास्तुकला का शानदार नमूना

पहली मंजिल पर लाल बलुआ पत्थर के 144 स्तंभ वाला गोलाकार पुराना संसद भवन वास्तुकला का शानदार नमूना है। पुरानी इमारत का उस समय बहुत धूमधाम से उद्घाटन किया गया था जब ब्रितानी राज की नयी शाही राजधानी नयी दिल्ली का रायसीना हिल क्षेत्र में निर्माण किया जा रहा था।

अभिलेखीय दस्तावेजों और दुर्लभ पुरानी तस्वीरों के अनुसार, इस भव्य इमारत के उद्घाटन के लिए 18 जनवरी, 1927 को एक भव्य आयोजन किया गया था। उस समय इसे काउंसिल हाउस के रूप में जाना जाता था। एक सदी पहले, जब राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया अभी जारी थी और आजादी 26 साल दूर थी, तब ब्रिटेन के ड्यूक ऑफ कनॉट ने 12 फरवरी, 1921 को संसद भवन की आधारशिला रखी थी और कहा था कि यह भवन भारत के पुनर्जन्म के प्रतीक के रूप में खड़ा रहेगा, जिसमें देश और भी ऊंची नियति हासिल करेगा। कुल 560 फुट के व्यास और एक-तिहाई मील की परिधि वाली इस इमारत को सर हर्बर्ट बेकर ने डिजाइन किया था, जिन्हें सर एडविन लुटियंस के साथ रायसीना हिल क्षेत्र में नई शाही राजधानी को डिजाइन करने के लिए चुना गया था। न्यू डेल्ही मेकिंग ऑफ ए कैपिटल पुस्तक के अनुसार, लॉर्ड इरविन अपनी गाड़ी में ग्रेट प्लेस (अब विजय चौक) पहुंचे थे और फिर उन्होंने सर हर्बर्ट बेकर द्वारा उन्हें सौंपी गई सुनहरी चाबी से काउंसिल हाउस का दरवाजा खोला था। उस समय घरेलू और विदेशी मीडिया में संसद भवन के उद्घाटन ने उसी तरह खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिस तरह इन दिनों नए संसद भवन की उद्घाटन से पहले मीडिया में खूब चर्चा है।

सेंट्रल विस्टा के पुनर्विकास के तहत निर्मित नए संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही भारत एक नए अध्याय की शुरूआत करेगा।

## भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सीवोटर का सर्वे

# मजबूत फैसले लेते हैं मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हर पांच में से लगभग तीन भारतीयों की राय है कि नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले नौ साल के शासनकाल में मजबूत निर्णय लिए गए हैं। भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर सीवोटर द्वारा कराए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण के दौरान इसका खुलासा हुआ। मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके नेतृत्व में भाजपा ने लोकसभा चुनावों में 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल किया था।उस चुनाव में उनके अभियान की तख्तियों में से एक में वादा किया गया था कि उनकी सरकार पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह की तरह कमजोर नहीं होगी। हैरानी की बात यह है कि यूपीए का समर्थन करने वाले और मोदी का विरोध करने वाले अधिकांश मतदाता भी यही राय रखते हैं।सर्वेक्षण के दौरान, 48 प्रतिशत संप्रग समर्थकों ने भी माना

**60 फीसदी लोग मानते हैं पीएम ने देश की वैश्विक छवि में सुधार किया**

कि मोदी शासन ने कड़े फैसले लिए हैं। ऐसा सोचने वाले मोदी समर्थकों की संख्या काफी अधिक है। कुल मिलाकर हर चार में से तीन भारतीय की यही राय है। मोदी के समर्थक अक्सर शेखी बघारते हैं कि उन्होंने हमेशा कड़े फैसले लिए हैं, भले ही वे राजनीतिक रूप से जोखिम भरे हों। कई लोग नोटबंदी को मोदी द्वारा उठाए गए एक ऐसे राजनीतिक जोखिम बताते हैं।सीवोटर सर्वेक्षण अन्य महत्वपूर्ण अंतरों का भी खुलासा करता है। उदाहरण के लिए 18 से 24 वर्ष के आयु वर्ग के 53 प्रतिशत लोगों को लगता है कि उन्होंने कड़े फैसले लिए हैं, 35 से 44 वर्ष के आयु वर्ग के करीब 74 प्रतिशत लोग ऐसा ही महसूस करते हैं। अनुसूचित जाति (दलित) के 45 प्रतिशत लोगों को लगता है कि मोदी ने कड़े फैसले



लिए हैं तो उच्च जाति के 70 प्रतिशत हिंदू ऐसा मानते हैं। इसके एक शक्तिशाली उदाहरण के रूप में विश्लेषक जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का हवाला देते हैं। हर पांच में से तीन भारतीयों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले नौ वर्षों में भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में पेश करने में सफल रहे हैं।इसका प्रभाव इतना महत्वपूर्ण रहा है कि विपक्ष को वोट देने वाले 50 प्रतिशत भारतीय भी इससे सहमत हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी सत्येंद्र जैन को 11 जुलाई तक जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में करीब साल भर से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को अपना इलाज कराने के लिए शुक्रवार को 11 जुलाई तक अंतरिम जमानत दे दी।न्यायमूर्ति जी. के. महेश्वरी और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा ने आम आदमी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री जैन की गुहार पर मेडिकल आधार पर उन्हें छह सप्ताह की अंतरिम राहत देते हुए उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति प्रदान की है। शीर्ष अदालत ने जमानत की अर्जी मंजूर करते हुए जैन को 10 जुलाई तक की इस जमानत अवधि के दौरान इलाज के सभी दस्तावेज उसके समक्ष पेश करने का निर्देश भी दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत के दौरान जैन को किसी भी मुद्दे पर मीडिया से बात करने और दिल्ली में बिना अदालती आदेश के बाहर जाने पर रोक लगा दी है। अदालत ने जैन से कहा है कि वह जमानत अवधि के दौरान किसी गवाह को प्रभावित न करेंगे और बिना इजाजत दिल्ली से बाहर न जाएंगे।

## 30 से अधिक देशों के राजनयिकों ने देखा यूएई में हिंदू मंदिर निर्माण

एजेंसी

दुबई । दुनियाभर के 30 से अधिक देशों के राजदूत और राजनयिक संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के निर्माण स्थल पर पहुंचे और इसकी प्रगति का निरीक्षण करने के साथ ही आशा का संवाद, बंधुत्व और मानवता को बढ़ावा दिया। संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत संजय सुधीर के विशेष आमंत्रण पर गुरुवार को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर के कार्यक्रम में राजनयिक शामिल हुए। यूएई में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि शांति और सद्भाव के प्रकाशपुंज बीएपीएस मंदिर का अबू धाबी में बनना। 30 से अधिक देशों के रेजिडेंट राजदूत और राजनयिक ने मंदिर स्थल को देखा और दुनियाभर की संस्कृतियों की नाजुक नक्काशी और रूपांकनों को देखकर चकित रह गये। खलीज टाइम्स अखबार की खबर के मुताबिक फिलीपीन, बांग्लादेश, श्रीलंका,



अफगानिस्तान, जापान, इंडोनेशिया, इजराइल, ब्राजील, बेल्जियम, न्यूजीलैंड, कनाडा और नाइजीरिया के राजनयिक और मिशन प्रतिनिधि भी मंदिर देखने के लिये आने वालों में शामिल थे। सुधीर ने राजदूतों और उनके परिवारों को मंदिर की प्रगति से अवगत कराया। इस मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में किया था। उन्होंने मंदिर परियोजना को भारत और यूएई के बीच ह्यघनिष्ठ, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बताया। बीएपीएस मंदिर का निर्माण 55000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में किया जा रहा है।

# कांग्रेस के नौ सवालों को भाजपा ने बताया झूठ का पुलिंदा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस ने उनसे नौ सवाल पूछे हैं। इन सवालों पर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए भाजपा ने इन्हें झूठ का पुलिंदा बताया है। शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर शायद 9 सवाल पूछे गए हैं, लेकिन वो झूठ का बड़ा पुलिंदा है। ये कांग्रेस की बेशर्मी की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि आप आलोचना कीजिए, लेकिन आलोचना में आप देश के अंदर के संकल्प को कमजोर मत कीजिए, यह बहुत बड़ा अपमान है उन लाखों सेवा कर्मियों का,



डॉक्टर, नर्सेस, सफाई कर्मचारी, एम्बुलेंस चलाने वालों का, जिन्होंने कोरोना काल में देश को बचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आज भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज 16 हजार करोड़ रुपये का डिफेंस एक्सपोर्ट हो रहा है। वहीं कांग्रेस करप्शन पर सवाल पूछ रही है, जिसके शासनकाल में 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला,

**कांग्रेस के शासनकाल में 2जी , कॉमनवेल्थ, बोफोर्स, अंतरिक्ष , और हेलिकॉप्टर घोटाले हुए**

आदर्श घोटाला, बोफोर्स, अंतरिक्ष घोटाला, हेलिकॉप्टर घोटाला जैसे... कितने बड़े-बड़े घोटाले हुए। कांग्रेस ने अपने लिए 4सी ग्रेडिंग चुनी है- कट, कमीशन, करप्शन और कांग्रेस, यही है कांग्रेस। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल पेमेंट का आंकड़ा 10 बिलियन डॉलर का है। चाहे डिजिटल इंडिया हो, डिजिटल पेमेंट हो, जीएसटी, मोबाइल मैन्यूफेक्चरिंग, सड़कें, एयरपोर्ट, बिजली, किसानों की बात हो, नेशनल हाईवे की बात हो, स्टार्टअप इंडिया की बात हो, आज विकास के हर क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## नया संसद भवन स्वागत योग्य यह दिखता है भव्य: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार कहा कि नया संसद भवन स्वागत योग्य है और यह भव्य दिखता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है, जब उनकी पार्टी समेत विपक्ष के कई दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। अब्दुल्ला ने कहा कि जब वह लोकसभा सदस्य थे, तब उनके कई सहकर्मी एक नये और बेहतर संसद भवन की जरूरत को लेकर अक्सर बातें किया करते थे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि इसके उद्घाटन को लेकर मचे घमासान को कुछ क्षणों के लिए एक तरफ रख देते हैं। यह (नया संसद भवन) स्वागत करने योग्य है। पुराने संसद भवन का शानदार योगदान रहा है, लेकिन वहां कुछ वर्षों तक काम करने वाले व्यक्ति के तौर पर, हममें से बहुत से लोग नये और बेहतर संसद भवन की जरूरत के बारे में अक्सर आपस में बात करते थे। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, समेत 19 विपक्षी दलों ने ऐलान किया था कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नये संसद भवन का उद्घाटन किये जाने का बहिष्कार करेंगे। विपक्षी दलों के पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में नेशनल कॉन्फ्रेंस भी शामिल है।

# टाइगर 3 की शूटिंग रही मजेदार : सलमान

**अबू धाबी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने कहा कि उनकी हिट फिल्म टाइगर के तीसरे संस्करण पर काम करना व्यस्त होने के साथ काफी मजेदार रहा।टाइगर 3 में एक बार फिर खान और कैटरीना कैफ जासूसी एजेंट टाइगर और जोया के रूप में दिखेंगे।खान (57) ने कहा कि उन्होंने हाल में एक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग खत्म की है जो दिवाली के आसपास सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने किया है। अभिनेता ने गुरुवार शाम को आईफा के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं कई बार यहां (अबू धाबी) आया हूं। मैंने रेस 3,



पार्टनर, टाइगर के लिए शूटिंग की थी। मैंने अब ह्यटाइगर 3 के लिए शूटिंग पूरी की है। आप इसे दिवाली पर देखेंगे। इसकी शूटिंग बेहद व्यस्तता भरी रही लेकिन अच्छी रही। कबीर खान के निर्देशन वाली एक था टाइगर (2012) भारतीय जासूस टाइगर (खान) की कहानी थी जो एक अभियान के दौरान पाकिस्तानी जासूस (कैफ) से प्यार करने लगता है। इस फिल्म के तीसरे सीक्वल का निर्देशन फन और बैंड बाजा बारात से मशहूर हुए मनीष शर्मा ने किया है। इसमें इमरान हाशमी भी हैं।तीन दशक से अधिक समय से फिल्म उद्योग में काम कर रहे सलमान खान ने प्रशंसकों के असीम प्यार और समर्थन के लिए उनका आभार भी जताया।अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कार समारोह शनिवार और रविवार को अबू धाबी के यास आइलैंड में आयोजित किया जाएगा।

### सोनाक्षी सिन्हा ने दहाड़ के निर्माताओं को तोहफे में दी टाइगर की पेंटिंग

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म दहाड़ जहां वैश्विक स्तर पर दर्शकों और आलोचकों को समान रूप से आकर्षित कर रही है, अभिनेत्री ने अपनी प्रतिभा का एक और पहलू दिखाते हुए, निमार्ता जोया अख्तर और रीमा कागती के प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी को सम्मान देते हुए बाघ की एक लुभावनी पेंटिंग भेंट की, जिसे अभिनेत्री ने खुद बनाया है। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा को एक सीरियल किलर का पीछा करने के लिए मजबूत और दृढ़ पुलिस वाली की भूमिका में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा मिली है।

## सेंसेक्स साढ़े पांच माह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई ।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स करीब साढ़े पांच माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 629.07 अंक अर्थात 1.02 प्रतिशत की उड़ान भरकर करीब साढ़े पांच माह के उच्चतम स्तर एवं 62 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 62501.69 अंक पर रहा। इससे पूर्व पिछले वर्ष 14 दिसंबर को यह 62677.91 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 178.20 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाकर 18499.35 अंक पर रहा।







# प्रशिक्षण एवं नियोजन में कॅरियर



**बृजमोहन ओझा**

किसी शैक्षिक संस्था में, प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग छात्रों को उनके जीवनवृत्त सार तैयार करने, सामूहिक विचार-विमर्श में भाग लेने, रोजगार साक्षात्कार का सामना सफलतापूर्वक करने तथा अच्छी प्रस्तुति के लिए उन्हें विशेषज्ञतापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम देना है, ताकि प्रत्येक छात्र कार्पोरेट की आशाओं को पूरा कर सके और उन्हें प्रख्यात कंपनियों में नियोजित करा सके। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य छात्रों को एक प्रतिस्पर्धी तीक्ष्णता प्राप्त करने में सक्षम बनाना, उनके विश्वास को बढ़ाना तथा उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। कार्पोरेट जगत में, यह विभाग कर्मचारियों को प्रगतिशील सफल तथा कुशल बनने के लिए उन्हें कई प्रकार के तकनीकी व्यवहार संबंधी प्रशिक्षण देते हैं। यह विभाग कर्मचारियों की क्षमता तथा कौशल के आधार पर संगठन में उपयुक्त पद पर उनके विभागीय



तथा विशिष्ट गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों का आयोजन करता है। यह प्रशिक्षण, उनकी संभावना क्षमता को बढ़ाने और कॅरियर संभावना में उनके व्यावसायिक

## प्रशिक्षण एवं नियोजन सलाहकार

किसी प्रख्यात संस्थान से मानव संसाधन प्रबंध में डिग्री पूरी करने के बाद कोई भी व्यक्ति विभिन्न रोजगार ढूंढ़ने वाले व्यक्तियों को उनके जीवनवृत्त सार तैयार कराने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, रोजगार खोज में सहायता करने, साक्षात्कार की व्यवस्था करने तथा उपयुक्त रोजगार में उनके नियोजन में सहायता करने जैसी स्वतंत्र परामर्श सेवाएं चला सकता है। इस समय विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न प्रख्यात सलाहकार संस्थाओं में सलाहकारों की भारी मांग है। यह उम्मीदवारों के लिए एक बेहतर करियर विकल्प हो सकता है।

## प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी

अधिकांश कार्पोरेट तथा शैक्षिक संस्थाएं अब व्यवहार कौशल, अंतर वैयक्तिक अभिव्यक्ति, समस्या-समाधान, आध्यात्म तथा कार्य-नीति से संबंधित प्रशिक्षण सहित तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसका जहां तक एक ओर कर्मचारियों के व्यक्तिगत जीवन पर अत्यधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दूसरी ओर संगठन की उत्पादकता भी बढती है। इसलिए मानव संसाधन प्रबंधन में पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद कोई भी व्यक्ति कार्पोरेट जगत तथा शैक्षिक संस्थाओं में प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी का रोजगार प्राप्त कर सकते हैं या आकर्षक धन-राशि अर्जित कर सकते हैं।

## इवेंट प्रबंधक

हाल ही में, इवेंट प्रबंधन को कार्पोरेट तथा शैक्षिक संस्थाओं में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है। कार्पोरेट क्षेत्र में ये इवेंट्स सामान्यतः प्रौद्योगिकी योग, ध्यान आदि से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस, कार्यशालाएं तथा विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के आयोजन के रूप में होते हैं। शैक्षिक संस्थाओं में इवेंट सामान्यतः रोजगार मेलों के रूप में आयोजित किए जाते हैं, जहां छात्रों को प्रख्यात कंपनियों में प्रशिक्षण तथा नियोजन के विभिन्न आयामों की जानकारी मिलती है। यद्यपि, इवेंट प्रबंधन में डिग्री या अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तथापि, मानव संसाधन प्रबंध में कोई पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद कोई भी व्यक्ति शैक्षिक संस्थाओं तथा कार्पोरेट जगत में प्रशिक्षण इवेंट को ऑर्डिनेटर/प्रबंधक के रूप में कार्य के अवसर प्राप्त कर सकता है।

नियोजन में भी सहायता करता है।

**संभावना-क्षमताओं का संवर्धन**

प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग, शैक्षिक संस्थाओं में संकाय एवं कर्मचारियों की तथा कार्पोरेट क्षेत्र में कर्मचारियों की उनके कार्य-निष्पादन और स्व-मूल्यांकन के माध्यम से प्रशिक्षण आवश्यकताओं का पता लगाता है। उदाहरण के लिए, कई संकाय सदस्यों को पर्याप्त तकनीकी ज्ञान होता है और उनमें संभावना शक्ति होती है, किंतु वे उसे उपयुक्त रूप में अभिव्यक्त करने में असफल हो जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों को अभिव्यक्ति तथा प्रस्तुति कौशल में कुछ प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता होती है। इन प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह विभाग विभिन्न कार्यशालाओं, कॉन्फरेंस, सेमिनारों, विशेष लैक्चरों

विकास तथा सुधार के लिए दिया जाता है।

**संपर्क एजेंट के रूप में**

प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग विभिन्न उद्योगों, संगठनों और संस्थानों से सम्पर्क भी बनाए रखता है। शैक्षिक संस्थाओं में यह विभाग छात्रों को उनके ग्रीष्म कालीन/व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा इंटर्नशिप के संबंध में अवसर देता है। इन संगठनों को भी विभिन्न औद्योगिक वार्ताओं, दौरों तथा अंतिम भर्ती के लिए आमंत्रित किया जाता है। कार्पोरेट जगत में, विभिन्न प्रबंध विकास कार्यक्रमों एवं मोड्यूल आधारित तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए यह विभाग प्रख्यात शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थानों से सम्पर्क स्थापित करता है।

प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्पोरेट जगत में तथा मानव संसाधन की प्रत्येक स्तर पर विकास आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली शैक्षिक संस्थाओं में एक अत्यधिक महत्व का विभाग बन गया है। प्रशिक्षण एवं नियोजन विभाग का मूल कार्य संगठन में विभिन्न पणधारियों (स्टेक होल्डर्स) की प्रशिक्षण- आवश्यकताओं का पता लगाना और विभिन्न क्षमताओं में चुनौतियों को स्वीकार करने में उन्हें तैयार करने के लिए आवश्यकता-आधारित प्रशिक्षण का आयोजन करना है। उदाहरण के लिए, कार्पोरेट जगत में यह विभाग पूरे संगठन के लिए अभिरुचि प्रशिक्षण, व्यवहार कौशल विकास तथा तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन करता है, जबकि शैक्षिक संस्थाओं में यह विभाग सामूहिक विचार-विमर्श, मौखिक प्रस्तुति तथा रोजगार साक्षात्कार के संबंध में छात्रों के कौशल के विकास पर अधिक बल देता है। यह विभाग विभिन्न उद्योगों तथा कार्पोरेट कंपनियों से सम्पर्क भी बनाए रखता है और उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण और कैम्पस भर्ती कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित करता है।

# बेहतर संवाद कौशल सफलता के लिए सबसे जरूरी



**अजयदीप बाधवा**

**पीएम** नरेंद्र मोदी इस वक्त लोकप्रियता के शिखर पर हैं। इसमें उनके भाषणों का बड़ा योगदान हैं। वो बहुत अच्छे वक्ता हैं। शानदार भाषण देते हैं। मोदी की कामयाबी में इसका बड़ा योगदान माना जाता है।

सिर्फ राजनीतिक जीवन में ही नहीं, पेशेवर जिंदगी में भी अच्छा वक्ता होना आपकी तरक्की बुनियाद बन सकता है। और अगर आप लोगों के सामने नहीं बोल पाते, डर लगता है तो आपकी कामयाबी की रफ्तार धीमी हो जाएगी। इस बार के यूपीएससी के परिणाम में इंटरव्यू के अंक ने निर्णायक भूमिका निभायी। दुर्भाग्य से हमारे झारखंड के युवाओं को कॉम्यूनिकेशन में सुधार की आवश्यकता है।

दुनिया में बहुत से लोग होते हैं जो इस डर के शिकार होते हैं। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित चैपमैन यूनिवर्सिटी ने 2014 में एक सर्वे किया था। इसमें शामिल पच्चीस फीसद से ज्यादा लोगों ने कहा कि उन्हें भीड़ के सामने बोलने से डर लगता है।

इसका डर का सीधा असर आपके करियर पर पड़ सकता है। आज तमाम कंपनियां मैनेजर लेवल की नौकरियां देते वक्त आपके अंदर ये खूबी तलाशती हैं। कंपनियां चाहती हैं कि आप लोगों के सामने अच्छे से अपनी बात रख सकें। आप प्रेजेंटेशन दे सकें। मैनेजमेंट की बाकी खूबियां देखने की बारी तो बाद में आती है।

पहली शर्त तो पब्लिक स्पीकिंग क्वालिटी की ही है। लेकिन बहुत से लोग हैं जिन्हें दफ्तर में अपने साथियों को संबोधित करने या प्रेजेंटेशन देने के नाम से ही सिहरन होने लगती है। ये लोग पब्लिक स्पीच से इतना डरते हैं कि इसके लिए वो अपना सम्मान खोने से भी नहीं डरते। उनके हाथ के तरक्की के कई मौके निकल जाते हैं। मगर, वो बोलने के डर से उबर नहीं पाते, जबकि एक सर्वे के मुताबिक. 70 फीसद लोगों को ये पता था कि बोलने की कला कॅरियर में कामयाबी के लिए बेहद जरूरी है।

जो लोग दफ्तर में या सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाषण नहीं दे पाते, उनके डर का असर उनके काम पर पड़ता है। आज दुनिया में बहुत सारा काम कंप्यूटर के जरिए या ऑनलाइन हो रहा है। मगर भाषण देने की, प्रेजेंटेशन देने की अहमियत भी बढ़ती जा रही है। आज कंपनियों में पैनल डिस्कशन होते हैं। सिर्फ सोशल मीडिया पर अपनी राय रखने से काम नहीं चलता। आपके अंदर भीड़ को संबोधित करने की खूबी होनी चाहिए।

मशहूर कारोबारी सलाहकार और लेखक हार्वे कोलमैन कहते हैं, आज आपकी कामयाबी के लिए आपका काम, आपकी इमेज और आपके काम की चर्चा, तीनों बेहद जरूरी हैं। इनमें सबसे ज्यादा अहमियत आपके काम की चर्चा की होती है।'


हार्वे के मुताबिक कामयाबी में इसका 60 फीसद योगदान होता है। आपकी इमेज का आपकी तरक्की में 30 फीसद योगदान होता है। वहीं आपके काम का महज 10 फीसद योगदान आपकी तरक्की में होता है। साफ है कि आपके लिए सार्वजनिक तौर पर बोलने की आदत बनाना कितना जरूरी है। आज पेशेवर जिंदगी में कामयाबी के लिए ये बड़ी शर्त बन चुकी है। आज नौकरी के लिए तमाम इंटरव्यू के दौरान पैनल डिस्कशन या प्रेजेंटेशन की कला को आजमाया जाता है।

कई बार काम के दौरान आपको वीडियो कांफ्रेंस में अपना प्रेजेंटेशन देना होता है। इसमें जरूरी होता है कि आप अपनी बात को साफ शब्दों में दूर बैठे लोगों को समझा सकें। नाकामी, आपकी तरक्की पर सीधा असर डालती है। अब अगर आप लोगों के सामने बोलने से डरते हैं, तो जाहिर है ये आपके कॅरियर के लिए नुकसानदेह हो सकता है। कनाडा की मशहूर 'टेड टॉक्स' ने लोगों की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। इसकी शुरुआत कनाडा में 1984 में हुई थी। जिसमें तकनीक, डिजाइन और मनोरंजन पर लोगों को खुलकर बोलने का मौका दिया जाता था।

आज 'टेड टॉक्स' के वीडियो ऑनलाइन देखे जाते हैं जिसमें तमाम एक्सपर्ट बीस मिनट तक किसी भी मुद्दे पर अपनी बात रखते हैं। आज 'टेड टॉक्स' एक अरब से ज्यादा बार देखी जा चुकी हैं और इनका सौ से ज्यादा जुबानों में तर्जुमा भी हो चुका है। इन्हें देखकर आप पब्लिक स्पीकिंग के अपने डर को दूर कर सकते हैं। हमारा दिमाग डर को ज्यादा पहचानता, समझता है, जबकि इनाम या खुशी को बाद में और कम देखता है। जानकार कहते हैं कि जब भी हम बोलने के लिए खड़े होते हैं, डर हमारे दिमाग पर हावी हो जाता है। हमारी धड़कनें बढ़ जाती हैं। पसीना आने लगता है।

आपको भाषण की शुरुआत में जो दिक्कत होगी, उससे निपटने में आपको शुरुआत के याद किए गए पैराग्राफ काम आएंगे। फिर आगे की बातें आप अपने जहन में याद की गई स्लाइड्स के जरिए समझा सकते हैं। यानी जहन में बोलने वाली बातों की खूबसूरत स्लाइड बनाकर रखना, आपके लिए काफी काम का हो सकता है।

सबसे अहम बात ये है कि पब्लिक स्पीच से डरने वाले लोग अपने बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं। जरूरत इस सोच को सुनने वालों पर केंद्रित करने की है क्योंकि उनकी भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वो आपकी बात को ध्यान से सुनें और समझें। आप इन बातों की मदद से सार्वजनिक रूप से बोलने के अपने डर से उबर सकते हैं। शुरुआत तो



## 2023 की इनोवेटिव आर्किटेक्ट बनी प्रज्ञा मित्तल



भारत की प्रतिष्ठित वास्तुकारों की संस्था यू पी आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने देश के प्रमुख वास्तुकार एवं डिजाइन पुरष्कार के तहत राँची की प्रज्ञा मित्तल को वर्ष 2023 का मोस्ट इनोवेटिव आर्किटेक्ट के पुरष्कार से सम्मानित किया है। प्रज्ञा ने बहुत ही कम समय में यह उपलब्धि हासिल कर ली है। पुरष्कार पाने के बाद हर्षोल्लास के साथ प्रज्ञा मित्तल ने बताया की 2017 में देश की प्रतिष्ठित अमिटी विश्वविद्यालय, जयपुर से वास्तु विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की उसके बाद अपनी निरंतर लगन और मेहनत की बदौलत मात्र 6 साल की अल्प अवधि में यह मुकान हासिल किया है। प्रज्ञा बताती है की करियर को यहाँ तक पहुँचाने में उनके माता-पिता का अहम योगदान रहा है।

प्रज्ञा मित्तल ने वर्ष 2019 में राँची के कॉमर्स टावर स्थित एक छोटे से कार्यालय में प्रज्ञा मित्तल आर्किटेक्चर स्टूडियो के नाम से अपनी खुद की एक कंपनी बनाई। इसके बाद अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत के साथ अपने काम में लग गई और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा । आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन और नये मकान के भूनिर्माण ( लैंड स्कैपिंग) से संबंधित सेवाओं में प्रज्ञा ने बहुत मेहनत की। धीरे धीरे कंपनी को लोग जानने लगे और उनका काम बढ़ता गया। रांची शहर के साथ साथ आसपास के शहरों में भी आवासीय बहुमंज़िली इमारतें, बंगला, व्यावसायिक कार्यालय, बड़े बड़े दुकान सहित इंटीरियर के कई प्रोजेक्ट को प्रज्ञा ने सफलतापूर्वक पूरा किया। राँची, दिल्ली, जयपुर, गुना सहित झारखंड के भी कई अन्य ज़िलों में प्रज्ञा मित्तल आर्किटेक्चर स्टूडियो ने कई बड़े प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

# रिश्ते, प्यार और परिवार का करियर पर बैरियर



**अंशुमाला तिर्की**

आज कॅरियर की दौड़ में युवा रिश्तों व पर्सनल लाइफ का महत्व भूलते जा रहे हैं और उन्हें कॅरियर की राह में बैरियर समझते हैं जबकि कॅरियर, हाई स्टेटस, पैसा, सफलता आदि के साथ-साथ रिश्तों और अपनों का होना भी खुशियां बांटने के लिए निहायत जरूरी है। अतः युवाओं को रिश्तों और कॅरियर में बैलेंस बना कर चलना चाहिए।

स्वाति की चचेरा भाई राहुल, जिस के साथ स्वाति ने बचपन में लंबा समय बिताया था, जीवन के खट्टे-मीठे पल एक साथ शेयर किए थे, की मुंबई में मैरिज फिक्स्ड हो गई थी। कियारा चाहती थी कि स्वाति उसकी मैरिज के हर फंक्शन में उसके साथ हो ताकि उसके जीवन का वह अनमोल पल उस के लिए यादगार बन सके, लेकिन संयोग से उसी दौरान स्वाति की बेंगलुरु में इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा थी। ऐसे में स्वाति ने राहुल की मैरिज अटेंड करने के बजाय अपने कॅरियर को महत्त्व दिया और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा दी। कियारा को जब स्वाति के इस निर्णय का पता चला तो उसे हैरानी के साथ-साथ दुख भी हुआ।

आपको अपने आसपास अधिकांश युवा स्वाति जैसे मिल जाएंगे जिनके लिए कॅरियर पर्सनल लाइफ से अधिक महत्वपूर्ण है और वे इसे प्राथमिकता देते हैं। एक समय था जब युवा घर, परिवार, प्यार व दोस्ती को कॅरियर से अधिक महत्त्व देते थे, लेकिन आज जमाना बदल चुका है, आज का युग प्रतियोगिता का है, जिसमें युवाओं का फंडा है, 'वही सक्सैसफुल है, जो अपनी इस उम्र को पूरी तरह अपने कॅरियर पर कुरबान कर दे।' आज के युवाओं की महत्वाकांक्षाएं अत्यधिक बढ़ गई हैं। समाज में पैसे के बढ़ते महत्व के कारण भी युवा कॅरियर को अधिक महत्व देने लगे हैं और बाद में अन्य चीजों के बारे में सोचते हैं।

पहले गांवों में उच्च शिक्षा की सुविधा न होने के कारण बच्चे दूसरे शहरों में पढ़ने जाते थे, लेकिन आज युवाओं में कॅरियर में सफल होने की ललक इस कदर बढ़ गई है कि वे 10वीं व 12वीं के बाद ही घर-बार छोड़ कर कॅरियर बनाने की खातिर दूसरे शहरों में जा कर रहने लगे हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य कॅरियर में सफल होना होता है।

**पीछे छूटती पर्सनल लाइफ**



ग्लोबल स्वीडिश सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय युवाओं की प्राथमिकता सूची में काम, कॅरियर और उच्च जीवन की चाहत सब से ऊपर हैं। एक ओर जहां भारतीय समाज में पारिवारिक संस्था को अत्यंत महत्व दिया जाता रहा है वहीं भारतीय युवा परिवार व बच्चे की चाह से दूर हो रहे हैं। वे परिवार को कॅरियर में बैरियर यानी राह का रोड़ा समझने लगे हैं। सर्वे के अनुसार भारतीय युवाओं में देर से शादी भी चिंता का विषय है जिसके पीछे एकमात्र कारण उनका कॅरियर को अधिक महत्व देना है। डिंक यानी डबल इनकम नो किड्स और सिंगल नोट रेडी टू मिंगल का चलन भी साबित करता है कि युवाओं के लिए कॅरियर ज्यादा अहम है।

**युवाओं की राय**

इस बारे में आइआइटी की परीक्षा की तैयारी में जुटे 18 वर्षीय दिल्ली के अतिशय राठी का कहना है, 'फर्स्ट च्वाइस कॅरियर होना चाहिए। मार्केट में कंपीटिशन को देखते हुए कॅरियर बनाना मेरी प्राथमिकता है। मैरिज या लव अफेयर के बाद कॅरियर में सफल नहीं हुआ जा सकता। सफल कॅरियरके बिना कोई पर्सनल लाइफ नहीं होती और मैं यह गलती हरगिज नहीं करूंगा।' इस बारे में गुड़गांव, हरियाणा में एक आइटी कंपनी में कार्यरत 25 वर्षीय स्वाति गोयल कहती है, 'आज जरूरतें व ख्वाहिशें बढ़ गई हैं। ऐसे में कॅरियर को प्राथमिकता देना जरूरी हो गया है। कॅरियर को छोड़ कर प्यार या दोस्ती में पड़ना बेवकूफी होगी। किसी भी रिश्ते को खुशनुमा बनाए रखने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी है। वैसे भी नौकरी या व्यवसाय में सफल होने के लिए शुरुआती मेहनत ज्यादा जरूरी होती है।

'ऐसे में अगर पर्सनल लाइफ को महत्व देंगे तो आत्मनिर्भर नहीं बन पाएंगे और सफलता की दौड़ में पीछे रह जाएंगे। वैसे भी आज अधिकांश युवक वर्किंग वाइफ की डिमांड करते हैं इसलिए युवतियों का भी कॅरियर को महत्व देना जरूरी हो गया है। मैं खुद भी ऐसा पति चाहूंगी जो कॅरियर को प्राथमिकता दे।'

**जिसका स्टेटस हाइ, वही सक्सेसफुल**

एक व्यवसायी राकेश अग्रवाल का मानना है, 'आज सोसायटी में वही सक्सेसफुल है, जिसका स्टेटस हाई है। इस सब के लिए आपको अपनी पर्सनल लाइफ व मौज-मस्ती को त्यागना होगा तथा अपने जिसका स्टेटस हाइ या व्यवसाय में सफल होना होगा। यही तो उम्र है कमाने की, भविष्य सुरक्षित करने की। मौज-मस्ती के लिए तो पूरी उम्र पड़ी है। इमोशनल बनने के बजाय प्रैक्टिकल होकर सफल हुआ जा सकता है। बड़े-बुजुर्ग भी कहते हैं, 'गुजरा समय लौट कर नहीं आता,' यह उम्र व्यवसाय में सफल होने की है। अगर आज मैं दोस्ती, रिश्तों व इच्छाओं को महत्व दूंगा तो सक्सेसफुल होने की रेस में पिछड़ जाऊंगा।'

**मनोवैज्ञानिक राय**

युवाओं में कॅरियर को ले कर बढ़ती गंभीरता के बारे में मनोवैज्ञानिक प्रांजलि मल्होत्रा का मानना है, 'समाज में हर चीज का व्यवसायीकरण हो रहा है, उपभोक्तावादी संस्कृति पनप रही है इसलिए युवा खुद को सुख-सुविधा के साधनों से लैस कर लेना चाहते है। इस ख्वाहिश के चलते वे कॅरियर को पर्सनल लाइफ की अपेक्षा अधिक तवज्जो देने लगे हैं। युवाओं में करियर के प्रति बढ़ती इस गंभीरता के पीछे कहीं न कहीं पेरैंट्स भी जिम्मेदार हैं, क्योंकि पेरैंट्स ही चाहते हैं कि बच्चे अपने कॅरियर में सफल हों, नौकरी में अच्छा पैकेज पाएं, व्यवसाय में सफल हों, भले ही इसके लिए बच्चों को अच्छे कालेज व नौकरी के लिए उनसे दूर, दूसरे शहर में रहना पड़े।' पर्सनल लाइफ की अपेक्षा कॅरियर के प्रति अधिक लगाव युवाओं में डिप्रेशन, हाइब्लड प्रेशर व अकेलेपन जैसी समस्याओं को जन्म दे रहा है। कॅरियर को अधिक महत्व देते युवाओं की इसी चाहत का परिणाम है कि युवाओं में विवाह की उम्र बढ़ रही है, वे गर्लफ्रैंड, ब्वायफ्रैंड, लिव इन रिलेशनशिप से काम चला रहे हैं।

दरअसल, युवाओं के कॅरियर को प्राथमिकता देने के पीछे भी एक ठोस कारण है। पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे, जहां खर्चे साझे हुआ करते थे, जिम्मेदारियां मिल-बांट कर पूरी होती थीं, लेकिन आज स्थिति विपरीत है। एकल परिवार होने से जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं जिसके चलते युवा कॅरियर को ज्यादा महत्व देने लगे हैं।

**ऊंचा स्टेटस न खो दे पर्सनल लाइफ**

आज भले ही युवा हाई स्टेटस की ख्वाहिश में पर्सनल लाइफ की अनदेखी कर रहे हैं, लेकिन कॅरियर में सफल होने की यह होड़ कहीं उन्हें रिश्तों के दायरे में अकेला न छोड़ दे। माना कि कॅरियर, पैसा, सफलता सब जरूरी है, लेकिन उस सफलता, पैसे से खुशियां बांटने वाले रिश्तों, अपनों का होना भी उतना ही जरूरी है। ऐसे रिश्तों और कॅरियर को एक साथ बैलेंस करके चलने में ही समझदारी होगी। इसलिए कॅरियर के साथ पर्सनल लाइफ में भी निवेश करें।

**(रिसर्च स्कॉलर, रविशंकर यूनिवर्सिटी रायपूर)**

# युवाओं के कॅरियर में अभिभावक की भूमिका





**डॉ मेरी ग्रेस**

(प्राचार्या,उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची)

**आज** के युवा अपने निर्णय खुद लेने में विश्वास करते हैं। अक्सर वे अपने निर्णयों में माता-पिता को शामिल नहीं करते। परीक्षा के परिणाम के बाद सफल छात्रों को लगता है कि अब उन्हें अभिभावको, शिक्षको और काउंसलरों के सलाह की जरूरत नहीं है, वह अपने माता-पिता या बड़े भाई या बहन से सलाह लेना उचित नहीं समझता, बल्कि वह बाहरी माहौल से प्रभावित होकर अपने निर्णय खुद ही लेता है।

अगर किसी विषय में उसकी रुचि हो भी जिसमें वह कॅरियर बनाना चाहता हो तो उस विषय में क्या कॅरियर संभावनाएं हैं, इसकी तलाश उसे करनी चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता या बड़े भाई-बहन से भी उस पर सलाह लेना जरूरी है। सलाह में फायदे हैं, इसलिए बाद में अपने निर्णय पर पछताना से अच्छा है कि पहले ही अपने घर के वरिष्ठ लोगों से सलाह-मशविरा कर लें। कॉम्पिटिशन से युवाओं पर भी अपेक्षाओं का बोझ बढ़ा है। बात कॅरियर बनाने की क्यों न हो।

आज भले ही संचार माध्यमों में वृद्धि हो गई। इंटरनेट से कोई भी जानकारी का आसानी से जुटाई जा सकती है। युवाओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि अनुभव सबसे बड़ी चीज है। अनुभव कोई बाजार में मिलने वाली वस्तु नहीं है। माता-पिता या परिजनों से ही हमें जीवन के सही मायने समझ में आएंगे। वे जो भी रास्ता दिखाएंगे वह सही होगा। कभी-कभी माता-पिता की अपेक्षाएं भी बच्चों से बढ़ जाती हैं। इन अपेक्षाओं के बोझ तले युवा दब जाते हैं। इससे उनकी जिंदगी निराशा की ओर मुड़ जाती है।

सही कॅरियर चुनने में उचित मार्गदर्शन करें। सही मार्गदर्शन, सही विषय को चुनने के बाद अगर युवा उस पर मेहनत और लगन से पढ़ाई करेंगे तो सफलता मिलेगी। सही संगत और सोशल मीडिया से दूरी सफलता के लिये अनिवार्य है। मेरा अनुभव है की योग्य और बुद्धिमान छात्र-छात्रा भी बुरी संगत में अपना करियर बर्बाद कर लेते हैं जिससे मुझे बहुत दुख होता है। सही संगत और अभिभावकों का मार्गदर्शन अनिवार्य है। इससे समाज में गलत संदेश जाता है और माता-पिता, शिक्षक परेशान होते हैं।